रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 09 फरवरी 2025 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-169 मूल्य 3.00 ₹

# दिल्ली में खिला कमल, पीएम मोदी ने कहा सुशासन की हुई जीत



पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

27 साल बाद दिल्ली में भाजपा की वापसी हुई है। मोदी लहर के चलते आम आदमी पार्टी के कई नेताओं को हार का सामना करना पड़ा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत को विकास एवं सुशासन की जीत करार दिया और कहा कि वह दिल्ली के चहुंमुखी विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। मोदी ने कहा जनशक्ति सर्वोपरि! विकास जीता, सुशासन जीता। दिल्ली के अपने सभी भाई-बहनों को भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाने के लिए मेरा वंदन और अभिनंदन! मोदी ने कहा आपने जो भरपूर आशीर्वाद और स्नेह दिया है, उसके लिए आप सभी का हृदय से बहुत-बहुत आभार। प्रधानमंत्री ने कहा, दिल्ली के चौतरफा विकास और यहां के लोगों का जीवन उत्तम बनाने के लिए हम कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे, यह हमारी गारंटी है। इसके साथ ही हम यह भी सुनिश्चित करेंगे कि विकसित भारत के निर्माण में दिल्ली की अहम भूमिका हो। उन्होंने कहा, मुझे भाजपा के अपने सभी कार्यकर्ताओं पर बहुत गर्व है, जिन्होंने इस प्रचंड जनादेश के लिए दिन-रात एक कर दिया। अब हम और भी अधिक मजबूती से अपने दिल्लीवासियों की सेवा में समर्पित रहेंगे।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दिल्ली चुनाव में भाजपा की जीत पर दी बधाई



**रायपुर।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा के प्रचंड बहुमत पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बधाई देते हुए कहा की दिल्ली के दिल में मोदी...दिल्ली विधानसभा चुनाव-2025 में भारतीय जनता पार्टी को मिली ऐतिहासिक जीत की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि यह जीत यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के कुशल मार्गदर्शन में कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम और जनता की भाजपा पर अटूट विश्वास की जीत है। सीएम साय ने कहा छल-कपट ज्यादा दिन तक नहीं चलता। 'आप-दा' सरकार ने दिल्ली में भ्रष्टाचार, कुशासन, झूठ और अराजकता की सारी सीमाएं लांघ दी थी। दिल्ली की जनता ने इसका करारा जवाब देते हुए प्रदेश को आप-दा मुक्त कर दिया है। साय ने कहा कि प्रधानमंत्री 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' को मूलमंत्र मानते हुए सभी वर्गों की चिंता कर रहे हैं। इससे दिल्ली की जनता का विश्वास भाजपा और प्रधानमंत्री जी पर बढ़ा है। दिल्ली की जनता को अच्छे से पता है कि प्रदेश का विकास भारतीय जनता पार्टी से ही संभव है। इस प्रचंड जीत पर दिल्ली की देवतुल्य जनता का आभार और भाजपा कार्यकर्ताओं को बहुत-बहुत बधाई।

## दिल्ली में भाजपा का 27 साल का वनवास खत्म

**नयी दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने आम आदमी पार्टी (आप) को करारी शिकस्त देते हुए 27 साल का वनवास खत्म कर सत्ता में वापसी कर ली है। सत्तारुढ आप के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने अपनी पार्टी की हार स्वीकार कर ली है। केजरीवाल ने कहा कि उन्हें जनता का निर्णय मान्य है। वहीं कांग्रेस की वरिष्ठ नेता प्रियंका गांधी ने कहा है कि दिल्ली में लोगों ने बदलाव के लिए वोट किया है। भारतीय राजनीति में एक नये प्रयोग के साथ लगभग 12 साल पहले सरकार में आयी आप के नेता केजरीवाल नयी दिल्ली विधानसभा सीट से और उनके नजदीकी मनीष सिसोसिया जंगपुरा सीट से चुनाव हार गये हैं। दिल्ली के राजनीतिक क्षितिज पर आप के प्रादुर्भाव से पहले करीब 15 साल तक सत्ता में रही कांगेस लगातार तीसरी बार विधानसभा चुनाव में अपना खाता फिर नहीं खोल सकी है। भाजपा ने दिल्ली में 2024 के लोकसभा चुनाव का अपना प्रदर्शन जारी रखते हुए राष्ट्रीय राजधानी के सभी इलाकों में अच्छा प्रदर्शन किया है और वोट हिस्सा लगभग 10 प्रतिशत बढ़ाया है। भाजपा ने दिल्ली के नतीजों को मोदी की गारंटी पर दिल्ली की जनता का भरोसा बताया है। कांग्रेस को हराकर लगभग 12 साल पहले सत्ता में आयी आप 20 से 25 सीटों पर सिमटती नजर आयी है। भाजपा अंतिम बार दिल्ली में तत्कालीन मुख्यमंत्री सुषमा स्वराज के नेतृत्व में सत्ता थी। वर्ष 1998 के चुनाव में कांग्रेस ने भाजपा को सत्ता से लंबे समय के लिए बाहर कर दिया। कांग्रेस ने मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के नेतृत्व में दिल्ली में लगातार तीन कार्यकाल तक सरकार चलायी। वर्ष दिसंबर 2013 में आप ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली में सरकार का गठन किया। बहरहाल केजरीवाल ने अब सत्ता गवा दी है।

## क्विक न्यूज

### भाजपा सरकार विकसित भारत 2047 के लिए समय की जरूरत : सीतारमण



**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, सभी बहुत उत्सुक हैं कि दिल्ली को एक ऐसी सरकार मिले जो अपने लोगों की सेवा करे और यह विकसित भारत 2047 का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए समय की आवश्यकता है। सीतारमण ने भारतीय रिजर्व बैंक बोर्ड की बैठक को संबोधित करने के बाद संवाददाता सम्मेलन में दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली जीत के बारे पूछे जाने पर यह बात कही।

### ओडिशा में अंत्योदय गृह योजना के तहत 2.25 लाख पक्के मकान बनेंगे



**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी की अध्यक्षता में कैबिनेट ने 7,550 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ अंत्योदय गृह योजना योजना को मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री ने शनिवार को प्रेस वार्ता में कहा कि योजना के तहत समाज के कमजोर वर्गों को स्थायी आवास प्रदान करने के लिए अगले तीन वर्षों में कम से कम 2,25,000 नए पक्के मकान स्वीकृत किए जाएंगे। प्राकृतिक या मानव निर्मित आपदाओं से प्रभावित परिवार, सरकारी परियोजनाओं के कारण विस्थापित हुए परिवार, विकलांग व्यक्ति वाले परिवार, वन अधिकार अधिनियम के लाभार्थी और मौजूदा आवास योजनाओं से लाभान्वित नहीं होने वाले पात्र परिवारों को इस पहल के तहत पक्के घर उपलब्ध कराए जाएंगे।

### पाकिस्तान में सशस्त्र हमले में 3 लोगों की मौत, 9 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पश्चिमोत्तर प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में शनिवार को गोलीबारी की घटना में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। जिला पुलिस के सूत्रों ने बताया कि हमला स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 8:50 बजे हुआ जब अज्ञात आतंकवादियों ने प्रांत के बन्नू जिले में एक शांति समिति के कार्यालय पर गोलीबारी की। सूत्रों ने बताया कि शांति समिति के सदस्यों ने जवाबी कार्रवाई की, जिसके बाद गोलीबारी का तीव्र आदान-प्रदान हुआ और यह लगभग 20 मिनट तक चला। जिसके बाद हमलावर घटनास्थल से भाग गए। बचाव दल ने घायलों को एक सैन्य अस्पताल में भर्ती कराया।

## एलओसी पर संदिग्ध आतंकियों ने सेना के गश्ती दल पर की फायरिंग, सेना ने की जवाबी कार्रवाई

एजेंसी < जम्मू
www.dailypioneer.com



जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा पर भारतीय जवानों ने संदिग्ध आतंकवादियों की गोलीबारी का प्रभावी ढंग से जवाब दिया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि संदिग्ध आतंकियों ने राजौरी में एलओसी पर गश्ती दल पर कुछ राउंड फायरिंग की। उन्होंने कहा, 'भारतीय सेना के जवानों ने गोलीबारी का प्रभावी ढंग से जवाब दिया।' उन्होंने बताया कि अपनी तरफ से किसी के घायल होने की खबर नहीं है। गौरतलब है कि 4-5 फरवरी की दरमियानी रात को एक बड़ी घुसपैठ को नाकाम कर दिया गया था, जब पुंछ जिले के मेंढर इलाके में कृष्णा घाटी सेक्टर के बट्टल इलाके में नियंत्रण रेखा पर एक बारूदी सुरंग विस्फोट में संदिग्ध आतंकवादियों के एक समूह के मारे जाने की आशंका थी।

## दिल्ली विधानसभा में महिलाओं का प्रतिनिधित्व होगा केवल सात प्रतिशत

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की नयी विधानसभा में महिलाओं का प्रतिनिधित्व केवल सात प्रतिशत होने जा रहा है। विधानसभा चुनाव की हुई मतगणना में कुल पांच महिला उम्मीदवारों को सफलता मिली है, जिनमें मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टीनेता आतिशी भी एक हैं। यह संख्या 70 सीटों की विधानसभा में महिलाओं के अनुपात को केवल सात प्रतिशत तक पहुंचाती है। राजधानी में इस बार के चुनाव में जीतीं महिलाओं में चार भारतीय जनता पार्टी की और एक 'आप' की सदस्य हैं। नजफगढ़ विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी नीलम पहलवान ने 101708 वोट प्राप्त करके, 'आप' के अपने प्रतिद्वंद्वी तरुण यादव को 29009 मतों से हराया है। भाजपा की उम्मीदवार रेखा गुप्ता ने शालीमार बाग विधानसभा सीट पर बड़ी जीत दर्ज की।

## जनबल पर वर्चस्व स्थापित करने प्रयास चिंताजनक : धनखड़

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि जनसंख्या के बल से दूसरों पर प्रभुत्व और वर्चस्व स्थापित करने का उद्देश्य चिंताजनक है तथा आस्था में छल-प्रपंच से उत्पन्न किया गया बदलाव मानव शोषण का सबसे बुरा रुप है। धनखड़ ने उप राष्ट्रपति निवास में उद्योगपति एवं हिंदुजा ग्रुप के प्रमुख गोपीचंद पी. हिंदुजा की पुस्तक 'आई एम?' के विमोचन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र इस समय ऐसी ताकतों से सामना कर रहा है। जाति, वर्ग, धर्म, रंग, संस्कृति और खानपान के बनावटी विभाजन को घातक तरीके से बढ़ावा देने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने कहा कि मानव व्यवहार के सभी पहलुओं में, सहिष्णुता का मतलब दूसरों पर विजय प्राप्त करना नहीं है। उन्होंने कहा कि टकराव को संवाद में, अशांति को विचार-विमर्श में और संघर्ष को सहमति में बदला जाना चाहिए। जनसांख्यिकी में गैर-प्राकृतिक और बनावटी परिवर्तन पर चिंता व्यक्त करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा, अगर उद्देश्य दूसरों पर प्रभुत्व, प्राथमिकता प्राप्त करना है।

## जहरीली शराब पीने से अब तक सात लोगों की मौत

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com



बिलासपुर में जहरीली महुआ शराब पीने से सरपंच के भाई समेत अब तक 7 लोगों की मौत हो गई। जबकि 4 की हालत गंभीर है, जिनका सिम्स में इलाज जारी है। हालांकि मौत की असल वजह पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद साफहोगी। घटना कोनी थाना क्षेत्र के लोफन्दी की है। मौतों की शुरुवात बुधवार को हुई पहले एक की मौत हुई, फिर दो लोगों की जान गई, तब बीमारी समझकर उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया था। फिर बीती शुक्रवार की रात एक साथ चार लोगों की मौत हुई, तब कई दिनों से महुआ शराब पीने की सूचना मिली। मरने वाले सभी एक ही गांव के रहने वाले थे। जहरीली शराब पीने से जान गंवाने वालों में सरपंच रामाधार सुनहले का भाई रामू सुनहले भी शामिल है। पुलिस और अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि, पिछले 8-10 साल से गांव में महुआ शराब की बिक्री हो रही है। आबकारी और पुलिस की टीम आती है, लेकिन मामले को रफा-दफा कर दिया जाता है। शिकायत के बाद कभी-कभी दिखावे की कार्रवाई की जाती है।

## द्रमुक ने जीती इरोड ईस्ट विधानसभा सीट

वार्ता < चेन्नई
www.dailypioneer.com



तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) उम्मीदवार वी सी चंद्रकुमार ने इरोड ईस्ट विधानसभा उप चुनाव में 90,629 मतों के भारी अंतर से जीत दर्ज की है। पांच फरवरी को हुए उपचुनाव की हुई मतगणना के 17वें और अंतिम दौर के अंत में चंद्रकुमार ने अपने एकमात्र प्रतिद्वंद्वी नाम तमिलर काची (एनटीके) की एम के सीतालक्ष्मी के खिलाफ 1,14,439 मत हासिल किए। सीतालक्ष्मी को 23,810 मत मिले और उनकी जमानत जब्त हो गई। चंद्रकुमार को 90,629 मतों के अंतर से विजेता घोषित किया गया। तीसरे सबसे अधिक मत नोटा के लिए पड़े। लगभग 6,000 मतदाताओं ने नोटा के लिए मतदान किया। इस उपचुनाव में कुल 46 उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे। पिछले दो वर्षों में इस निर्वाचन क्षेत्र में यह दूसरा उपचुनाव था। मुख्य विपक्षी दल अन्नाद्रमुक, उसकी सहयोगी डीएमडीके, भाजपा के नेतृत्व वाली राजग और उसके सहयोगी पीएमके तथा कॉलीवुड अभिनेता विजय की तमिलर वेत्री कझगम सहित सभी प्रमुख राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव का बहिष्कार किए जाने के कारण उपचुनाव का परिणाम पहले से ही तय था।

## वन प्रबंधन की सर्वश्रेष्ठ प्रक्रियाओं का करेंगे अध्ययन

# भारतीय वन सेवा के अधिकारियों का दल अध्ययन भ्रमण के लिए छत्तीसगढ़ पहुंचा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय वन अकादमी देहरादून की ओर से 32 भारतीय वन सेवा के अधिकारियों का दल छत्तीसगढ़ राज्य के चार दिवसीय दौरे पर आया हुआ है। आईएफएस अधिकारियों का यह दल अपने मिड कैरियर ट्रैनिंग फेज-3 के तहत छत्तीसगढ़ राज्य में वन प्रबंधन की सर्वश्रेष्ठ प्रक्रियाओं एवं मॉडल का अवलोकन-अध्ययन करेगा। अधिकारियों की इस अध्ययन यात्रा का उद्देश्य लघु वनोपज प्रबंधन, सामुदायिक वन प्रबंधन और मृदा-नमी संरक्षण के मॉडल को देखना और समझना है। आईएफएस अधिकारियों का दल शनिवार धमतरी पहुंचा, जहां वन मण्डलाधिकारी जाधव श्रीकृष्ण एवं अन्य अधिकारियों के साथ पाम्पर नाला में मृदा एवं जल संरक्षण कार्यों और दुगली स्थित लघु वनोपज प्रसंस्करण केंद्र में संचालित गतिविधियों का अवलोकन किया वन मण्डलाधिकारी जाधव श्रीकृष्ण अधिकारियों के दल को प्रसंस्करण केन्द्र के माध्यम से लघु वनोपज का संग्रहण, प्रसंस्करण और विपणन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। गौरतलब है कि आईएफएस अधिकारियों का दल छत्तीसगढ़ राज्य में वन प्रबंधन मॉडल को जानने और समझने के लिए रायपुर पहुंचा। रायपुर में अधिकारियों ने अरण्य भवन, नवा रायपुर में प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख वी. श्रीनिवास राव और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ संवाद किया। प्रधान मुख्य वन संरक्षक राव ने सतत वन प्रबंधन के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों और रणनीतियों को साझा किया। बैठक के दौरान छत्तीसगढ़ वन विभाग की विभिन्न पहलों पर प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज महासंघ के प्रबंध संचालक अनिल कुमार साहू ने लघु वनोपज के संग्रहण, प्रसंस्करण और विपणन पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह मॉडल जनजातीय महिलाओं के सशक्तिकरण और सामाजिक-आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू प्रबंध) सुनील कुमार मिश्रा ने मृदा एवं जल संरक्षण योजनाओं पर जानकारी दी, जबकि सीईओ कैम्पा ओ.पी. यादव ने वनों में जलधाराओं के पुनर्जीवन के लिए उठाए जा रहे कदमों की जानकारी दी। प्रभारी अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (संयुक्त वन प्रबंधन) नावेद शुजाउद्दीन ने वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत सामुदायिक वन अधिकार और सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पर चर्चा की।



# उज्जैन सिंहस्थ 2028 के भव्य आयोजन के संकल्प के साथ आया हूं प्रयागराज: यादव

पायनियर संवाददाता ⮜ भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि महाकुंभ सनातन संस्कृति का गौरवशाली उत्सव है। विशेष ग्रह नक्षत्रों के शुभ संयोग में होने वाले महाकुंभ में सभी की आस्था का प्रकटीकरण होता है। साथ ही साधु-संतों के सान्निध्य में आत्मिक और आध्यात्मिक उन्नति का अवसर भी प्राप्त होता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रयागराज के महाकुंभ में पधारे श्रद्धालुओं को इस सौभाग्य के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि भारत वर्ष में प्रत्येक 12 वर्ष में अलग-अलग चार नगरों में होने वाले कुंभ में स्नान का अवसर कई जन्मों के पुण्य से प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि वे उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ : 2028 के दिव्य और भव्य आयोजन की तैयारी के संकल्प के साथ प्रयागराज आए हैं। मुख्यमंत्री ने पवित्र संगम में डुबकी लगाने के बाद प्रदेशवासियों के कल्याण की कामना की। डॉ. यादव ने प्रयागराज महाकुंभ में स्नान के बाद कहा कि माँ गंगा, जमुना और सरस्वती की कृपा है, संगम का किनारा है। प्रयागराज सभी तीर्थों का राजा है। यहां कुंभ स्नान का जो आनंद आया है वह कई जन्मों के पुण्य के बाद प्राप्त होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि माँ गंगा, यमुना और सरस्वती का प्रवाह अनंत काल तक निर्बाध रहे, सबका मंगल एवं कल्याण हो, ऐसी कामना करता हूँ। डॉ. यादव ने प्रयागराज महाकुंभ के सफल आयोजन के लिए उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं राज्य सरकार को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आशीर्वाद से उत्तरप्रदेश सरकार ने इस भव्य महाकुंभ का कुशलता से आयोजन किया है। विगत दिनों मोदी एवं शाह ने पवित्र संगम में डुबकी लगा चुके हैं। अलग-अलग राज्यों के मुख्यमंत्री भी तीर्थराज प्रयाग पधार रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुंभ मेले में धर्म के प्रति आस्था के साथ अनेकों साधु-संतों का सत्संग मिलता है, जिससे जीवन की सार्थकता सिद्ध होती है। वृहस्पति के सिंह राशि में प्रवेश करने पर उज्जयिनी में सिंहस्थ का आयोजन होता है। समुद्र मंथन की आलौकिक घटना से भी इसका संबंध है। इस अवसर पर ऋषि-मुनि, साधु-सन्यासी, तपस्वी एवं श्रद्धालु आस्था के इस महापर्व में शामिल होते हैं और आस्था के साथ पवित्र स्नान करते हैं। उन्होंने कहा कि उज्जैन में 2028 में होने वाले सिंहस्थ के लिए, प्रयागराज महाकुंभ में हुई तैयारियों से मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए राज्य सरकार के अधिकारियों का दल प्रयागराज भेजा गया है। महाकुंभ में पधारे साधु-संतों से भी इस संबंध में मार्गदर्शन लिया जाएगा। डॉ. यादव ने बताया कि तीर्थराज प्रयाग की पावन भूमि पर महाकुंभ में मध्यप्रदेश का पंडाल भी लगाया गया है, जहां भगवान कृष्ण और सम्राट विक्रमादित्य से जुड़े वृतांतों पर मंचन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के इस प्रयास से देश-दुनिया के लोग प्रदेश की समृद्ध संस्कृति और वैभव से परिचित हो रहे हैं।

## दिल्ली की जनता ने आपदा सरकार की विदाई कर दी: सिंधिया



**शिवपुरी।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि दिल्ली की जनता ने आपदा सरकार की विदाई कर दी अब वहां की जनता के पास डबल इंजन सरकार रहेगी और सभी का विकास होगा। सिंधिया पोलो ग्राउंड पर सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इस खेल महोत्सव में अपने स्वदेशी खेलों को खेला जा रहा है। हम इसमें अच्छे खिलाड़ी तैयार करके ओलंपिक तक ले जाएंगे। सिंधिया ने मानस भवन में आम जनता की समस्याओं को सुलझाने के लिए मौके पर ही सभी विभागों के अधिकारियों को बुलाकर सैकड़ो लोगों की समस्याएं सुनी तथा जिनका निराकरण मौके पर करवाया और जिन समस्याओं के निराकरण के लिए अधिकारियों ने समय मांगा उन्हें एक निश्चित समय दिया गया। इस अवसर पर वृद्धावस्था पेंशन सरकारी आवास आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत किए गए तथा आयुष्मान कार्ड आदि बनवाए गए। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। लोगों को मौके पर ही राहत मिली।

## दक्षिण रेलवे ने चलती ट्रेन से धकेली गई गर्भवती महिला को 50 हजार रुपये की सहायता राशि सौंपी

एजेंसी ⮜ चेन्नई
www.dailypioneer.com



दक्षिण रेलवे ने दुष्कर्म करने के प्रयास का विरोध करने के दौरान चलती ट्रेन से गिरी गर्भवती महिला को तमिलनाडु के वेल्लोर के अस्पताल जाकर 50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि सौंपी। रेलवे की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया कि दक्षिण रेलवे के चेन्नई डिवीजन के वरिष्ठ अधिकारियों ने वेल्लोर के अस्पताल में भर्ती पीड़िता से मुलाकात की और उसे 50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि प्रदान की। अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक तेज प्रताप सिंह ने वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक एम. भरत कुमार और दक्षिण रेलवे के चेन्नई डिवीजन के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एस.वी.ओ. चंद्रकुमार की मौजूदगी में पीड़ित को सहायता राशि सौंपी। उन्होंने यात्री के परिवार को हर संभव सहायता देने का आश्वासन भी दिया। गौरतलब है कि कोयंबटूर-तिरुपति इंटर-सिटी एक्सप्रेस के डिब्बे में चार महीने की गर्भवती महिला अकेली बैठी थी, उसी दौरान एक शराबी डिब्बे में चढ़ आया और उसने महिला से यौन शोषण करने का प्रयास किया। महिला ने उसका विरोध किया, लेकिन उसने उसे बालों से खींचकर कावनूर और विरिंजिपुरम स्टेशनों के बीच कटपडी के पास चलती ट्रेन से बाहर धकेल दिया, जिससे गर्भवती महिला को चोटें आईं।

बेहोश हो चुकी महिला को गांववासियों और स्थानीय लोगों ने रेलवे ट्रैक से बचाकर पास के अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत स्थिर बताई गई। पीड़िता की शिकायत पर और उसका बयान दर्ज करने के बाद राजकीय रेलवे पुलिस ने 36 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया, जिसे पहले भी इसी तरह के अपराध में गिरफ्तार किया गया था।

## 'आप-दा' की चतुराई को चित किया चरित्र की राजनीति ने: विजय

एजेंसी ⮜ पटना
www.dailypioneer.com

बिहार के उपमुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय कुमार सिन्हा ने दिल्ली विधानसभा में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को मिली जीत को ऐतिहासिक करार देते हुए कहा कि यह जीत चतुराई और चालबाजी के ऊपर चरित्र की राजनीति की जीत है। सिन्हा ने कहा कि केजरीवाल और उनकी पार्टी ने लगातार एक दशक तक जनादेश और जन-अपेक्षा के साथ खिलवाड़ किया। ये सार्वजनिक जीवन की शुचिता और मर्यादा को भूलकर झूठ, फरेब और फ्रॉड की राजनीति के पोषक बन गए थे। इसलिए दिल्ली की जनता ने 'आप-दा' से मुक्त होकर मोदी जी की गारंटी को गले लगाया है । सिन्हा ने कहा कि दिल्ली के चुनाव में मोदी, महिला और मिडिल क्लास का मैजिक पूरी तरह चला है । साथ ही पूर्वांचल से आने वाले मतदाताओं ने भी कोरोना काल में पूरे समुदाय के साथ हुए अपमान का बदला केजरीवाल और उनकी पार्टी से लिया है। इस चुनाव ने सिद्ध किया है कि हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था में संविधान और उसकी भावना का अनुपालन जनता चाहती है,जो भी इसे तार-तार करने का प्रयास करेगा, उसे मुंह की खानी पड़ेगी । उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह जीत हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की राजग की सरकार, संगठन और संघ के सम्मिलित प्रयासों की जीत है। इस चुनाव ने साबित किया है कि जो भी अच्छी नीति और नीयत के साथ जनता की गारंटीशुदा सेवा सुनिश्चित करेगा जनादेश का नतीजा उसके पक्ष में होगा। इसीलिए दिल्ली की जनता ने 'करप्शन' और 'कमीशन' की सरकार से छुटकारा पाते हुए विकास के 'कमिटमेंट' वाली सरकार बनाने का निर्णय लिया है। सिन्हा ने कहा कि दिल्ली के जनादेश की आवाज दूर तक जाएगी। निश्चित रूप से आगामी बिहार विधानसभा के चुनाव में भी इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। राज्य में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में हमारी डबल इंजन सरकार के विकास कार्यों मजबूत आधार तो हमारे पास है ही इस चुनाव से राजग के हमारे कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार होगा । दूसरी तरफ अब लोगों को भी यह स्पष्ट हो गया।

## दिल्ली में हुई मोदी की गारंटी की शानदार जीत: मंगल

**पटना।** बिहार के स्वास्थ्य एवं कृषि मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मंगल पाण्डेय ने दिल्ली में हुई भाजपा की शानदार जीत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी की जीत है। पांडेय ने कहा कि दिल्ली की जनता ने भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे अरविंद केजरीवाल सहित आप के तमाम नेताओं को खारिज कर दिया है।

इस बार पूर्वांचल एवं बिहारवासियों ने केजरीवाल से अपने अपमान का बदला लिया है। पांडेय ने कहा कि भाजपा ने दिल्ली में आम आदमी पार्टी के केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन एवं सोमनाथ भारती आदि को दिल्ली की जनता ने भ्रष्टाचार में लिप्त होने की ही सजा दी है। दिल्ली में जनता ने कांग्रेस का सूपड़ा साफ कर यह संदेश दिया है कि उसे मिथ्या प्रपंच नहीं, विकास चाहिए। भाजपा को सर्वाधिक सफलता वेस्ट और नॉर्थ-वेस्ट दिल्ली में मिली है, जहां 2020 में यहां की 20 सीटों में से भाजपा को सिर्फ एक सीट मिली थी, लेकिन इस बार 16 सीटें जीती है। इन इलाकों में पंजाबी, पूर्वांचलवासी, बिहारवासी और दलित वोटर सबसे ज्यादा हैं।

## दिल्ली की जनता ने 'आप' के कुशासन को पूरी तरह से नकार दिया: राजीव

एजेंसी ⮜ पटना
www.dailypioneer.com

जनताा दल यूनाईटेड (जदयू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने दिल्ली के चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठंधन (राजग) को मिली प्रचंड जीत को जनता को समर्पित बताते हुये कहा कि दिल्ली की जनता ने 'आप' के कुशासन को पूरी तरह से नकार दिया है। प्रसाद ने कहा कि राजग ने को जनता ने दिल खोल कर अपना आशीर्वाद दिया है,इसीलिए यह जीत जनता को समर्पित है। उन्होंने कहा कि अब जनता के लिए अच्छे दिन आ रहे हैं। समान गठबंधन की सरकारें केंद्र और राज्य दोनों स्थानों पर होने का सीधा लाभ दिल्ली की जनता को मिलेगा। प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रचंड लोकप्रियता ने इस अविस्मरणीय विजय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वहीं अरविंद केजरीवाल एवं आप पार्टी के भ्रष्टाचार एवं कुशासन ने बचा खुचा कार्य पूरा कर दिया है। दिल्ली की बदहाली,नागरिक सुविधाओं का सख्त अभाव एवं भ्रष्टाचार के दलदल में फंस गई आप पार्टी को जनता ने नकार कर दिल्ली के सुनहरे दिन वापस ला दिए हैं।

## शहीदों के परिवारों के लिए अनुग्रह राशि 50 लाख से बढ़ाकर एक करोड़

**चंडीगढ़।** पंजाब के रक्षा सेवाएं कल्याण मंत्री मोहिंदर भगत ने कहा कि राज्य सरकार ने शहीद सैनिकों के आश्रितों के लिए अनुग्रह राशि 50 लाख रुपये से बढ़ाकर एक करोड़ रुपये कर दी है। भगत ने कहा कि यह फैसला सरकार की अपने सशस्त्र बलों की कुर्बानियों को मान्यता देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अब तक शहीद सैनिकों के 24 परिवारों को इस बढ़ी हुई वित्तीय सहायता का लाभ मिल चुका है। मंत्री ने बताया कि एक्स-ग्रेसिया बढ़ाने के अलावा सरकार द्वारा कई अन्य कल्याणकारी उपाय भी लागू किए गए हैं, जिनमें दिव्यांग सैनिकों के लिए एक्स-ग्रेसिया राशि को उनकी अक्षमता के आधार पर 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 40 लाख रुपये तक करना शामिल है। उन्होंने कहा कि इन पहलकदमियों का उद्देश्य उन परिवारों को आर्थिक स्थिरता और सहायता प्रदान करना है, जिन्होंने देश के लिए महान कुर्बानियां दी हैं।

## 2025 के विधानसभा चुनाव में बिहार में जनता सत्ता बदल देगी: सिंह

**मुंगेर।** आशा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रामचंद्र प्रसाद सिंह ने दावा किया कि 2025 में विधानसभा चुनाव में जनता बिहार में सत्ता बदल देगी। सिंह ने कहा कि पिछले 20 वर्षों से एक ही पार्टी और एक ही मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार चल रही है। उन्होंने आगे उदाहरण पेश करते हुए कहा कि जिस प्रकार यदि तावा पर रोटी नहीं पलटी जाती है, तो रोटी जल जाती है ठीक उसी प्रकार 2025 के विधानसभा चुनाव में बिहार में जनता सत्ता बदल देगी। सिंह ने अन्य पार्टियों से गठबंधन के संबंध में कहा की कि आशा पार्टी के लिए गठबंधन का दरवाजा खुला हुआ है ,जो पार्टी हमारे साथ आना चाहेगी ,हम उनका स्वागत करेंगे। आशा पार्टी के प्रांतीय अध्यक्ष प्रीतम सिंह पटेल ने इस मौके पर कहा कि 2025 के चुनाव में बिहार में रामचंद्र प्रसाद सिंह के नेतृत्व में सरकार बनेगी।

## खेत में मिला युवक का शव



**नरसिंहपुर।** मध्यप्रदेश के नरसिंहपुर जिले में एक युवक का शव खेत में मिला है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि गाडरवारा तहसील में पलोहा पुलिस थाना के तहत ग्राम बिछुआ नगवारा में एक अज्ञात युवक का शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गई है। शव करीब 15 दिन पुराना बताया जा रहा है। युवक की उम्र 30 साल बताई जा रही है। युवक कहां का रहने वाला है इस संबंध में पुलिस बताने की स्थिति में नहीं है। मामले की जांच कर रही है।

## नांदेड़ और पटना के बीच चलेगी कुंभ मेला विशेष ट्रेन

**भोपाल।** रेलवे द्वारा श्रद्धालुओं और यात्रियों को आरामदायक यात्रा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नांदेड और पटना के बीच कुंभ मेला विशेष ट्रेन चलाई जा रही है, जो पश्चिम मध्य रेलवे (पमरे) के भोपाल रेल मंडल के इटारसी स्टेशन पर ठहरकर अपने गंतव्य तक जाएगी। भोपाल रेल मंडल के प्रवक्ता ने आज बताया कि गाड़ी संख्या 07099 नांदेड़-पटना कुंभ मेला विशेष ट्रेन 13 फरवरी को नांदेड़ स्टेशन से रात 23.00 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन दोपहर 13.10 बजे इटारसी और मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन सुबह 10.30 बजे पटना स्टेशन पहुंचेगी। इसीतरह गाड़ी संख्या 07100 पटनाङ्कनांदेड़ कुंभ मेला विशेष ट्रेन 15 फरवरी को दोपहर 15.30 बजे पटना स्टेशन से प्रस्थान कर, अगले दिन दोपहर 14.40 बजे इटारसी और मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन सुबह 04.30 बजे नांदेड़ स्टेशन पहुंचेगी।

## दिल्लीवासियों ने 'आप' के फर्जी विकास मॉडल को खारिज किया: अरविंद खन्ना

एजेंसी ⮜ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक अरविंद खन्ना ने कहा कि दिल्ली की जनता ने आम आदमी पार्टी के फर्जी विकास मॉडल को पूरी तरह से नकार दिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता का यह फैसला आने वाले समय में पंजाब के लिए भी संकेत है, जहां आम आदमी पार्टी की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। खन्ना ने जारी एक बयान में कहा कि आप ने झूठे वादों और दिखावटी दावों से जनता को गुमराह करने की कोशिश की, लेकिन पंजाब में सरकार की गलत बयानी और वादाखिलाफी ने उसका असली चेहरा उजागर कर दिया है। उन्होंने दिल्ली की जनता के फैसले को सराहनीय बताते हुए पंजाब की जनता से भी अपील की कि वे दिल्लीवासियों से सीख लें और आगामी विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी को पूरी तरह से सत्ता से बाहर करने के लिए तैयार रहें।

खन्ना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है और इसी वजह से पंजाब में भी भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार की आवश्यकता है।

## वर्ष 2025 में पहली बार जमालपुर रेल कारखाना में बीटीपीएन बैगन का निर्माण शुरू

एजेंसी ⮜ मुंगेर
www.dailypioneer.com

बिहार के मुंगेर जिला में स्थापित जमालपुर रेल कारखाना में वर्ष 2025 में नए-नए निर्माण कार्य शुरू होने जा रहा हैं। मुख्य कारखाना प्रबंधक रेल कारखाना परिसर में जमालपुर रेल कारखाना के 164 वां स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुये जमालपुर रेल कारखाना के मुख्य कारखाना प्रबंधक विनय प्रसाद बरनवाल ने कहा है कि विगत दो वर्षों में जमालपुर रेल कारखाना में निर्माण की गतिविधियां बढ़ी है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 में बीटीपीएन (तेल टैंकर) का निर्माण पहली बार शुरू हो रहा है। साथ ही, डीजल इलेक्ट्रिक टावर कार का निर्माण पहली बार जमालपुर रेल कारखाना शुरू हुआ है। इस टावर कार की खूबी है कि यह डीजल से भी टावर कार चलती है और इलेक्ट्रिक से भी चलती है। उन्होंने बताया कि जमालपुर रेल कारखाना के कुशल कारीगरों की मदद से रेल कारखाना में जनवरी 2025 माह में सबसे अधिक माल डिब्बों का निर्माण किया गया है। इससे पूर्व मुख्य कारखाना प्रबंधक विनय प्रसाद बरनवाल ने दीप प्रज्वलित कर स्थापना दिवस समारोह का भी विधिवत उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में जमालपुर कारखाना के सभी शाखाओं के शाखा अधिकारी और सभी यूनियन के पदाधिकारी भी शामिल थे।

## विकास कार्यों के लिए आवंटित फंडों का बिना किसी देरी के शीघ्रतम उपयोग किया जाए: डॉ. रवजोत

एजेंसी ⮜ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com



पंजाब के स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. रवजोत सिंह ने नगर निगमों के कमिश्नरों के साथ बैठक कर स्वच्छ भारत मिशन (शहरी), स्मार्ट सिटी मिशन, पंजाब शहरी पर्यावरण सुधार कार्यक्रम, पंजाब म्यूनिसिपल सर्विसेज सुधार परियोजना, एम.डी.एफ सहित विभिन्न योजनाओं के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे विकास कार्यों के लिए आवंटित फंडों का बिना किसी देरी के शीघ्रतम उपयोग किया जाए। इसके अलावा, कैबिनेट मंत्री ने स्थानीय निकाय विभाग से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों जैसे बिल्डिंग प्लान की स्वीकृति, प्लॉटों को नियमित करने के लिए एन.ओ.सी. के लंबित मामलों, आवारा पशुओं का प्रबंधन, ए.बी.सी. कार्यक्रम और गौ सेस आदि पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि प्लॉटों को नियमित करने के लिए एन.ओ.सी. और बिल्डिंग प्लान की स्वीकृति से संबंधित सभी लंबित मामलों का तुरंत निपटारा किया जाए, ताकि प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो सके और अनावश्यक देरी से बचा जा सके। डॉ. रवजोत सिंह ने आवारा कुत्तों द्वारा काटे जाने की घटनाओं को रोकने के लिए नगर निगम के कमिश्नरों को विशेष रूप से निर्देश दिया कि एनिमल बर्थ कंट्रोल (ए.बी.सी.) कार्यक्रम को प्रत्येक नगर निगम में प्रभावी ढंग से लागू करना सुनिश्चित करें। कैबिनेट मंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि शहरों में किसी भी प्रकार के अवैध निर्माण को रोका जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस संबंध में किसी भी लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा और दोषी अधिकारियों को जवाबदेह ठहराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि शहर में कहीं भी कूड़े के ढेर नहीं दिखने चाहिए और कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निपटान सुनिश्चित किया जाए। कैबिनेट मंत्री डॉ. रवजोत सिंह ने कहा कि पंजाब सरकार के एम-सेवा प्लेटफॉर्म के माध्यम से नागरिक सेवाओं को पारदर्शी और कुशल बनाने के उद्देश्य से अब सभी शिकायतों और सेवा अनुरोधों का निपटारा केवल इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पंजाब पारदर्शिता अधिनियम के तहत शहरी स्थानीय इकाइयों को मुख्य नगरपालिका सेवाओं जैसे जल-सीवरेज कनेक्शन, व्यापार लाइसेंस और डोरस्टेप सेवाओं की निर्बाध प्रक्रिया के लिए निर्धारित समय-सीमाओं का पालन सुनिश्चित करना होगा।

## पंजाब विधानसभा सचिवालय में राष्ट्रीय ई-विधान एप्लीकेशन परियोजना शुरू

एजेंसी ⮜ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com



पंजाब विधानसभा के अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवा ने कहा कि पंजाब विधानसभा सचिवालय में राष्ट्रीय ई-विधान एप्लीकेशन (नेवा) परियोजना शुरू की गई है तथा पंजाब विधानसभा की कार्यवाही को कागज रहित बनाया गया है। यह राज्य विधानसभा के कामकाज को बेहतर बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। संधवा ने कहा कि पंजाब विधानसभा के डिजिटलीकरण से विधायकों की सार्वजनिक सरोकारों से जुड़े प्रमुख मुद्दे उठाने की क्षमता बढ़ेगी और यह एक नए युग की शुरुआत है क्योंकि विधानसभा का कामकाज कागज रहित हो गया है। इससे निर्णयों और अभिलेखों का पता लगाना और पारदर्शी तथा जवाबदेह तरीके से सूचना साझा करना आसान हो गया है। स्पीकर ने बताया कि वर्ष 2022 से सदन की कार्यवाही का पंजाब विधानसभा और पंजाब सरकार के आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सीधा प्रसारण किया जा रहा है, जिसके माध्यम से आम जनता भी सदन की कार्यवाही को आसानी से देख सकती है। सदन में सूचनाओं के आदान-प्रदान को आसान बनाने के लिए पंजाब विधानसभा में 23 सितंबर 2023 को राष्ट्रीय ई-विधान एप्लीकेशन का उद्घाटन किया गया। राष्ट्रीय ई-विधान एप्लीकेशन (नेवा) भारत सरकार की एक मिशन मोड परियोजना है, जिसके तहत देश की विभिन्न विधान सभाओं का कामकाज कागज रहित तरीके से किया जा रहा है और इस परियोजना का उद्देश्य विधान सभाओं की कार्यवाही को कुशल और पारदर्शी तरीके से प्रस्तुत करना है।

## पंजाब सरकार भी केंद्र की तर्ज पर पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दे: प्रो. बडुंगर

**चंडीगढ़।** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर किरपाल सिंह बडूंगर ने केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दिए जाने का स्वागत किया है। प्रो बडूंगर ने शनिवार कहा कि वह स्वयं पांच वर्षों तक पंजाब राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष रह चुके हैं और मांग करते रहे हैं कि पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया जाए ताकि इसका कानूनी ढांचा तैयार किया जा सके। चूंकि अब सरकारें अपनी इच्छानुसार किसी को भी पंजाब राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग का चेयरमैन नियुक्त व हटा सकती हैं, इसलिए यदि इस आयोग को संवैधानिक दर्जा मिल जाता है तो इसे पूरी कानूनी प्रक्रिया के अनुसार चलाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि इतना कुछ होने के बावजूद यह आयोग देश के हर राज्य में कार्यरत है। पंजाब में अभी तक इसे संवैधानिक दर्जा नहीं दिया गया है तथा पंजाब सरकार को केंद्र की तर्ज पर राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा देना चाहिए।

प्रोफेसर बडूंगर ने कहा कि वह इस मामले को लेकर पंजाब के स्पीकर को पत्र लिखेंगे।

उन्होंने कहा कि देश में अल्पसंख्यक, दलित और पिछड़े वर्ग आर्थिक तंगी के शिकार हैं।

## पंजाब में कांग्रेस की वापसी अब निशिचत है: धालीवाल

एजेंसी ⮜ फगवाड़ा
www.dailypioneer.com

दिल्ली में अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की करारी हार पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, फगवाड़ा विधायक बलविंदर सिंह धालीवाल ने कहा कि दिल्ली की जनता ने केजरीवाल के तथाकथित 'ईमानदार' चेहरे को बेनकाब कर दिया है और उनकी पार्टी को पूरी तरह से नकार दिया है। उन्होंने कहा कि पंजाब अब दिल्ली के फैसले को दोहराने और आगामी चुनावों में आप को पूरी तरह से खत्म करने के लिए उत्सुक है। उन्होंने कहा, अगर पंजाब में चुनाव हो जाएं तो यहां के लोग आप को उसी तरह दफ्ना देंगे, जैसे दिल्ली ने उसे दफ्ना दिया है। धालीवाल ने आप पर आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान चलाकर दिल्ली में सत्ता में आई, लेकिन आखिरकार उसका पर्दाफाश हो गया, मुख्यमंत्री केजरीवाल और उनके कई वरिष्ठ मंत्रियों पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे और उन्हें जेल की सजा काटनी पड़ी। उन्होंने कांग्रेस को सबसे पहले शराब घोटाले को उजागर करने का श्रेय दिया, जिसके साथ-साथ जनता के पैसे से बनाए गए भव्य शीश महल ने दिल्ली में आप के पतन का कारण बना। कांग्रेस नेता ने आप के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की भी आलोचना की और उस पर झूठे वादों से लोगों को धोखा देने का आरोप लगाया। उन्होंने फगवाड़ा को जिला का दर्जा देने के वादे को पूरा न करने को पार्टी की टूटी हुई प्रतिबद्धताओं का उदाहरण बताया। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि पंजाब में नशीली दवाओं का खतरा, माफिया राज, गैंगस्टर हिंसा, चोरी, डकैती और हत्या जैसे मुद्दे लगातार बढ़ रहे हैं, जो आप के शासन में राज्य की बिगड़ती कानून व्यवस्था को उजागर करते हैं।

उन्होंने कहा, परिणामस्वरूप, पंजाब से आप का बाहर होना और अगले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की सत्ता में वापसी अपरिहार्य है।

# सरार तालाब की जर्जर अवस्था और अन्य समस्याओं का निदान नहीं होने से नाराज वार्डवासियों ने वर्तमान सांसद को भाषण देने से रोका

पायनियर संवाददाता ∢ चारामा
www.dailypioneer.com



नगरीय निकाय चुनाव में प्रचार प्रसार जोर शोर से चल रह है। भाजपा और कांग्रेस सहित वार्डों में खड़े निर्दलीय प्रत्याशी पूरे दमखम के साथ वार्डों में जाकर लोगों के बीच अपने लिए जनसमर्थन माँग रहे हैं। प्रचार-प्रसार के इस कम में क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग और जिला अध्यक्ष भाजपा महेश जैन चारामा अध्यक्ष के लिए प्रत्याशी प्यारे लाल देवांगन के लिए समर्थन मांगने वार्ड क्रमाक 05,06 के बीच स्थित सरार चौक पहुँचे। जहाँ उनके साथ भाजपा के अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। लेकिन नगर की सरार तालाब की जर्जर अवस्था और अन्य समस्याओं का निदान नहीं होने से नाराज वार्डवासियों ने वर्तमान अध्यक्ष पर अपनी नाराजगी जाहिर कर सांसद को भाषण देने से रोक दिया। वही वार्डवासियों ने वर्तमान अध्यक्ष पर सही तरीके से काम नही करने एंव सरार तालाब के लिए आई राशि का बंदरबांट करने का आरोप भी लगाया। वही वार्डवासियों के आक्रोश को देख सभा का कार्यकम बीच में ही बंद कर भाजपा प्रत्याशी और कार्यकर्ता वार्ड से चले गये। विदित हो कि सरार तालाब जो कि नगर का पुजनीय तालाब है। सरार में नगर का गंदा पानी वर्षो से जाता रहा है। जिसके चलते सरार का पानी उपयोग लायक नही रहा। वही तालाब की देखरेख व सफाई के आभाव में तालाब दिनों दिन जर्जर और खत्म होने की कगार पर पहुंच रहा है। जोकि आस्था का केन्द्र होने के बाद भी सहेजा नहीं जा रहा है। पूर्व कांग्रेस सरकार में वर्ष 2022-23 में उस समय के विधायकं स्वैगीय मनोज मंडावी की अनुशंसा और मॉग पर सरार तालाब में दोवाल एव सौन्दर्यीकरण के लिए 48 लाख रूपये की स्वीकृति मिली थी। वही सरार पारा वार्ड से सरार तालाब जाने के लिए सीसी सडक और ट्रोवाल के लिए 30 लाख 24 हजार रुपए की स्वीकृति कांग्रेस सरकार के समय दी गई थी। लेकिन दो साल बीत जाने के बाद भी वही कार्य अधुरा पड़ा हुआ है। वही वार्ड से सरार जाने वाले मार्ग के लिए सीसी सड़क और ट्रोवाल बनाने के लिए भी कांग्रेस सराकर के समय में टेण्डर जारी हुआ था लेकिन कुछ महिनों बाद विधानसभा चुनाव में सरकार बदल गई और वर्तमान भाजपा सरकार के द्वारा पूर्व की कांग्रेस सरकार के समय में जारी किये गये कार्य जो शुरू नहीं हुए थे, उन्हें रूकवाकर सभी टेण्डर निरस्त कर दिये गये। जिसके कारण आज भी ससर तालाब एंव शिव मंदिर जाने वाला मार्ग कच्ची अवस्था में है जिसके बारिश के समय में गुजरना मुश्किल है। वही आज भी नगर का गंदा पानी नाली के माध्यम से सरार तालाब तक जा रहा है। जिसे रोका नहीं जा सका है। इन्ही सभी कारणों के कारण वार्ड वासी नाराज नजर आये और अपनी नाराजगी वर्तमान अध्यक्ष की सभा के दौरान जाहिर की। जिसका असर कहीं न कहीं अध्यक्ष एव वार्ड प्रत्याशियों के मततान पर पड़ेगा। इसी तरह नगर के अन्य दो तालाब डबरी एवं भाटापारा तालाब की स्थिति भी जर्जर बनी हुई है। ऐसी जानकारी मिल रही है। कांग्रेस समय में शासन की ओर से' इन तालाबों के लिए राशि मिलने के बाद नगर पंचायत में शासकीय नियमों एवं प्रक्रियाओं का सही कियान्वयन नहीं किये जाने के कारण तालाबों में कुछ कार्य होने के बाद भी कार्यो का भुगतान रोक दिया गया है, जिससे कार्य अधूरे पड़े हुए है। अगर घोषणा के बाद नियमों का सही पालन कर कार्य कराया जाता तो शायद नगर के तीनों तालाब की दशा कुछ अलग होती।

# जिला शिक्षा प्रशिक्षण केंद्र, आईटीआई कॉलेज, गायत्री नर्सिंग होम, पीजी कॉलेज के युवा मतदाताओं को दिलाई गई मतदान की शपथ




पायनियर संवाददाता ∢ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम 'जाबो'' के तहत युवा मतदाताओं को अपने मताधिकार के महत्व को समझने व मतदान अवश्य करने हेतु नगर के सभी वार्डो में जागरूकता अभियान अपने चरम पर है। जैसा कि सर्वविदित है कि नगरीय निकायों में मतदान ई.व्ही.एम. मशीन से किया जाना है। अतः इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईव्हीएम) के संबंध में जागरूकता अभियान नगर पालिका दंतेवाड़ा में जिला शिक्षा प्रशिक्षण केंद्र (डाइट), आई.टी.आई कॉलेज चितालंका, गायत्री नर्सिंग होम पातररास व शा महेन्द्र कर्मा कॉलेज दंतेवाड़ा में चलाया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित कर्मचारियों को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईव्हीएम) का प्रदर्शन कर प्रशिक्षण के साथ-साथ वोट डालने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया एवं धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना निर्भीक होकर मतदान करने हेतु शपथ भी दिलाई गई। अभियान के अन्तर्गत रैली निकाल कर 11 फ़रवरी के दिन सभी नागरिकों को मतदान करने की अपील की गई। साथ ही आज ही समस्त नगर पालिका, नगर पंचायत में मतदान दलों (कर्मियों) का इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईव्हीएम) का प्रदर्शन कर तीसरा प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर ''जाबो'' कार्यक्रम के नोडल अधिकारी वरूण सिंह नागेश सहित मास्टर ट्रेनर एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अनंतपुर पुलिस ने यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले का किया चालान

पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



थाना अनंतपुर में वाय अक्षय कुमार पुलिस अधीक्षक कोंडागांव के निर्देश व कौशलेंद्र देव पटेल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन एवं रूपेश कुमार पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कोंडागांव व थाना प्रभारी अखिलेश धीवर के नेतृत्व में उप निरीक्षक अखिलेश धीवर व स्टाफ द्वारा आगामी नगरी निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर संदिग्ध गाड़ियों की चेकिंग करते हुए मोटर व्हीकल एक्ट कार्यवाही के दौरान छोटे बड़े वाहनों को रोककर उनके गाड़ी से संबंधित दस्तावेजो को चेक किया गया। जिनके पास दस्तावेज नहीं होने से उनका चलानी कार्यवाही करते हुए कुल 22 प्रकरण मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अलग अलग संबंधित धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए कुल 6600 रुपए का चालान कार्यवाही किया गया। इस दौरान अखिलेश धीवर द्वारा यातायात संबंधी जानकारी दी गई जिसमें वाहन में रखे जाने वाले दस्तावेजों आरसी बुक ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस, पॉल्यूशन, परमिट के संबंध में बताया गया। पैदल चलने, मोटर साइकिल में चलने के नियम बताए गए। जिले में घटित हो रही सड़क दुर्घटनाओं का हवाला देते हुए सड़क दुर्घटना के कारण तेज रफ्तार, नशा कर वाहन चलाना अपराध है।

# तहसील कार्यालय परिसर में विधिक सेवा प्राधिकरण के आंबटित कक्ष पर अनाधिकृत कब्जा

पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




एसडीएम कार्यालय व तहसील कार्यालय परिसर में विधिक सेवा प्राधिकरण हेतु कक्ष आवंटित किया गया था किंतु उसे अनाधिकृत रूप से अन्य व्यक्तियों के द्वारा कब्जा कर लिया गया है, ज्ञात हो कि वर्तमान में विधिक सेवा प्राधिकरण हेतु सिविल न्यायालय में विशेष कक्ष एवं सुविधाएं उपलब्ध है और विधिक सेवा प्राधिकरण पूर्ण रूप से पुराने न्यायालय भवन में स्थानांतरित हो चुका है, उसके बावजूद तहसील कार्यालय परिसर में विधिक सेवा प्राधिकरण हेतु अब भी एक कक्ष प्रदाय है। जिसका भू माफिया गलत वह बेजा उपयोग कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार तहसील कार्यालय परिसर में विधिक सेवा प्राधिकरण कक्ष में बैठने वाले अधिकांश व्यक्ति भूमि व्यवसाय से जुड़े लोग हैं, या स्पष्ट शब्दों में कहें तो भू-माफिया हैं और वे लगातार लोगों को गुमराह कर व उन्हें भय दिखाकर पैसा ऐंठने का कार्य करते आ रहे हैं, विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्यों को भी शायद इस बात की जानकारी नहीं है उनके नाम से आवंटित कक्ष पर अन्य लोगों ने कब्जा कर रखा है। वही शासकीय कार्यालय के अंदर आवंटित उक्त कक्ष में बैठकर उनके द्वारा शासकीय रिकार्ड की आसानी से जांच व मुआयना करने की भी सूत्रों से जानकारी आ रही है, वहीं उनके द्वारा शासकीय दस्तावेज से छेड़छाड़ करने की बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता। शासकीय कार्यालय के कमरे में बैठकर कुछ लोगों के द्वारा तहसील के कार्यों में पहुंचे लोगों को भ्रमित करने व अनावश्यक भय दिखाकर भूमि संबंधित कार्य के लिए पहुंचे लोगों को भ्रमित करने की शिकायती मिल रही है अब देखने वाली बात है कि तहसील कार्यालय कि उक्त कक्ष को कब तक उन कब्जाधारियों से विभाग अपने शासकीय कक्ष को मुक्त करवा पाता है।

## नियमानुसार होगी कार्यवाही : एसडीएम

अजय उराँव अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कोंडागांव ने बताया है कि मेरे संज्ञान में जानकारी अभी आई है नगरीय निकाय चुनाव की व्यस्तता के चलते अभी तत्काल कुछ भी कह पाना संभव नहीं है मामले पर जांच करवा कर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

# महाविद्यालय में स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के लिए प्रायोगिक कक्षाएं जारी

पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव में स्नातक द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के प्रायोगिक विषयों की संपर्क प्रायोगिक कक्षाएं आयोजित की जा रही हैं, जिनमें वनस्पतिशास्त्र, प्राणिशास्त्र, भौतिकी, गणित, रसायनशास्त्र, भूगोल, कंप्यूटर साइंस और गृह विज्ञान सम्मिलित हैं। स्वाध्यायी परीक्षार्थी जिन्होंने अपनी द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की वार्षिक परीक्षा हेतु गुण्डाधुर महाविद्यालय को केंद्र के रूप में चुना है वो महाविद्यालय में सम्बंधित विभागों के संपर्क कर सकते हैं। वनस्पतिशास्त्र विषय के लिए शशिभूषण कन्नौजे, प्राणिशास्त्र के लिए शोभाराम यादव, रसायन शास्त्र के लिए डॉ. अलका शुक्ला, भौतिकी के साथ ही इस बार बीएससी द्वितीय वर्ष में 50 अंक का गणित का प्रोजेक्ट भी है। जिस हेतु लोचन सिंह वर्मा, भूगोल के लिए समलेश पोटाई, कंप्यूटर साइंस के लिए वेंकटेश्वरी देवांगन और गृह विज्ञान के लिए नेहा बंजारे से संपर्क किया जा सकता है। महाविद्यालय में प्रत्येक वर्ष वार्षिक प्रायोगिक परीक्षाओं के पूर्व स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के लिए संपर्क कक्षाओं का आयोजन किया जाता है जिसमें प्रायोगिक परीक्षा की योजना, दिए जाने वाले प्रयोग, अंक विभाजन, वायदा में पूछे जा सकने वाले प्रश्नों के बारे में अवगत कराया जाता है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ चेतन राम पटेल ने स्वाध्यायी छात्रों को इस अवसर का ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने हेतु प्रेरित किया है।

# कोंडागांव महाविद्यालय का गौरव बढ़ाती सुशीला ने 38वें नेशनल गेम्स में हासिल किया कांस्य पदक

पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव बीए तृतीय वर्ष के छात्रा सुशीला नेताम ने सीनियर तीरंदाजी नेशनल गेम्स में कांस्य पदक जीता। सुशीला ने 38वें नेशनल गेम्स में छत्तीसगढ़ तीरंदाजी टीम का प्रतिनिधित्व किया जिसमें छत्तीसगढ़ महिला तीरंदाजी टीम ने उत्तराखंड की टीम से प्रतियोगिता में जीतकर कांस्य पदक पर कब्जा किया। नेशनल गेम्स तीरंदाजी प्रतियोगिता 1 से 7 फरवरी तक रजत जयंती खेल परिसर देहरादून उत्तराखंड में आयोजित किया गया। नेशनल गेम्स में पूरे भारत के सभी प्रदेशों की टीम ने हिस्सा लिया था। महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी एच आर यदु ने बताया कि नेशनल गेम्स से पहले सुशीला ने जमशेदपुर झारखंड में रजत पदक जीते हैं और विश्वविद्यालय खेलों में शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय जगदलपुर बस्तर तीरंदाजी टीम का प्रतिनिधित्व किया है। हमारे महाविद्यालय के तीरंदाजी दल खेलों इंडिया के कैंप में निरन्तर अभ्यास किए है। खिलाड़ियों ने अपने परफॉर्मेंस के आधार पर अपने लक्ष्य को प्राप्त किया। सुशीला का नेशनल गेम्स में यह पदक बहुत बड़ी उपलब्धि है भविष्य में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। खिलाड़ियों ने लक्ष्य के अनुरूप राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन कर महाविद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सी आर पटेल एवं समस्त प्राध्यापक, कर्मचारियों, एवं छात्र छात्राओं ने शुभकामनाएं प्रेषित की है। सुशीला नेताम का नेशनल गेम्स में पदक जीतने से महाविद्यालय और अंचल में हर्ष का माहौल हैं।

# गुम महिला व उसके बच्ची को फरसगांव पुलिस ने किया दस्तयाब



पायनियर संवाददाता ∢ किरंदुल
www.dailypioneer.com

गुम महिला के पति मस्सूराम मरकाम ने थाना में गुम इंसान की सूचना दर्ज कराया कि उसकी पत्नी हीरा बत्ती मरकाम 10 जनवरी को घर से बिना बताए अपने 7 साल की बच्ची को लेकर निकली थी। जिसका आस पास एवं परिजनों के यहां पता तलाश किया गया। कहीं नहीं मिलने पर मस्सूराम के रिपोर्ट पर थाना फरसगांव में गुम इंसान क्रमांक 04/2025 कायम कर पता तलाश में लिया गया। गुम इंसान महिला होने से मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए गुम युवती की पता तलाश की जा रही थी। पता तलाश के दौरान गुम महिला का सूचना केशकाल में मिलने पर केशकाल जाकर गुम इंसान हीर बत्ती मरकाम पति मस्सूराम मरकाम व उसके 7 साल की बच्ची को दस्तयाब बाद सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया गया।

## नृत्य व नुक्कड़ नाटक के द्वारा मतदान करने मतदाताओं को अपिल

# कब बुलबुल टीम द्वारा चलाया जा रहा मतदाता जागरूकता अभियान

पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ कोंडागांव के जिला संरक्षक, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार तथा भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ कोंडागांव के जिला आयुक्त एवं जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान, जिला संगठन आयुक्त भीषभ देव साहू के कुशल मार्गदर्शन में एडवांस कब मास्टर पवन कुमार साहू के नेतृत्व में संतोषी पटेल शिक्षिका, दौलत राम यादव शासकीय प्राथमिक शाला मुरारीपारा बड़ेबेंदरी के कब बुलबुल टीम के छात्र छात्राओं द्वारा 17 फरवरी को होने वाली त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव हेतु रैली निकाल कर बेसड्रम, माइक सिस्टम, नुक्कड़ नाटक एवं संगीत मय सांस्कृतिक कार्यक्रम के द्वारा विशेष जन जागरूकता अभियान चला कर सभी मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारम शासकीय प्राथमिक शाला मुरारीपारा बड़ेबेंदरी से रामायण मंडली चौक होते हुए पुसावंडपारा, जयराम गली, झाजू चौंक, संतोष कोर्राम गली होते हुए वापस मुरारीपारा शाला परिसर पहुंचा। इस दौरान कब बुलबुल टीम के छात्र-छात्राओं द्वारा जगह-जगह नुक्कड़ नाटक, नृत्य का आयोजन कर लोगों को मत देने के लिए जागरूक किया गया तथा एडवांस कब मास्टर पवन कुमार साहू ने सभी को मतदान का महत्व बताते हुए अनिवार्य रूप से 17 फरवरी को अनिवार्य रूप से सभी मतदाताओ को अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए अपने बहुमूल्य मत देने का आह्वान किया गया तथा किसी भी प्रकार की धन दौलत के बहकावे में न आकर निष्पक्ष रूप से योग्य उम्मीदवार को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया।

# पेरौल से फरार आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

पायनियर संवाददाता ∢ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com



थाना बचेली के अपराध क्रमांक 84/2019 धारा 363, 354 भादवि. 12 पॉक्सो एक्ट के मामले में आरोपी मुन्ना भास्कर पिता पनकू भास्कर निवासी तेर्रमपारा कटेकल्याण हाल आवराभाटा दंतेवाड़ा जो माननीय न्यायालय के आदेश उपरांत जिला जेल दंतेवाड़ा में सजा काट रहा था। जो आरोपी मुन्ना भास्कर अवकाश (पेरोल) पर आने पश्चात् फरार हो गया था, माननीय न्यायालय से आरोपी का बेमियादी गिरफ्तारी वारंट जारी होने से पुलिस अधीक्षक महोदय गौरव राय जिला दंतेवाड़ा के दिशा-निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (नक्सल ऑप्स) स्मृतिक राजनाला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पूजा कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन दंतेवाड़ा तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कपिल चंद्रा, किरन्दुल के मार्गदर्शन में बेमियादी गिरफ्तारी वारंटी मुन्ना भास्कर का लगातार पता तलाश की जा रही थी जो दिनांक 05.02.2025 को वारंटी मुन्ना भास्कर को बचेली सिम्पलेक्स नाला के पास बचेली पुलिस द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। जो आज दिनांक 06.02.2025 को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल दाखिल किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बचेली निरीक्षक मधुनाथ ध्रुव के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक बेदन सोरी, आरक्षक डमरूधर कश्यप एवं हीरा रात्रे की सराहनीय भूमिका रही।

# पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा-प्रदेश भर में सरकार के खिलाफ आक्रोश

पायनियर संवाददाता ∢ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com






प्रदेश भर में सरकार के खिलाफ आक्रोश है जितनी भी योजनाएं कांग्रेस सरकार ने लागू किया जो आम जनता को सीधा लाभ पहुंचा रही थी सभी को भाजपा सरकार ने बंद कर दिया उक्त बाते गार्डन चौक में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भुपेश बघेल ने कहीं। बघेल ने आगे बताया कि नगरीय निकाय चुनाव में जनमानस कांग्रेस के साथ खड़ी दिखाई दे रही है। भाजपा धान, बोनस का पैसा दे नहीं पा रही है, भाजपा लोगों को डरा रही, हार से भयभीत होकर आम जनो को परेशान कर रही है। भाजपा लोगों को महगांई दे रही है कांग्रेस लोगों को ताकत देगी। भाजपा साल भर से लोगों को धोखा दे रही है सारी योजनाओं कांग्रेस सरकार की है जो लोगों के लिए लाभकारी योजनाएं लाई। कांग्रेस ने ग़रीब, आम जनता, व्यापारी, किसान के लिए काम करती है भाजपा नाम बदलने वाली सरकार है जो समाज के बीच जहर बो रही है। भाजपा ने बलौदा बाजार में कलेक्टर भवन को जलाने का काम किया निर्दोष लोगों को जेल भेज दिया। न्याय देने के बजाय, जॉच कराने के बजाय निर्दोष लोगों सजा दे रही है जनता भाजपा को जवाब देने को तैयार है। मुख्यमंत्री विष्णु देव सायं कुछ कर नहीं पा रहे है मंत्रिमंडल की आपसी प्रतिस्पर्धा ने प्रदेश के विकाश को ठप्प कर दिया है। भाजपा नौकरी देने के बजाय लोगों से नौकरी से निकाल रही है।जनता से अपील है कि आने वाले नगरीय निकाय चुनाव धनबल के खिलाफ जनबल को को भारी मतों से विजयी बनावे सभा को शैलेष नितिन त्रिवेदी, पूर्व विधायक चंद्रदेव राय,जिलाध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, विद्या भुषण शुक्ला, सुरेंद्र शर्मा , मोतीलाल वर्मा, परमेश्वर यदु ने भी संबोधित किया।उक्त अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में ब्लॉक अध्यक्ष द्वय विक्रम गिरी गोस्वामी, रूपेश ठाकुर, राकेश वर्मा , अनिल साहू,गंभीर सिंह ठाकुर, सुशील तिवारी, उमेश जैन, भरत जायसवाल निखिलेश त्रिवेदी, संदीप पांडेय राजा तिवारी, पदमेश्वरी साहू कालिंदी वर्मा, रमेश मिश्रा,विक्रम पटेल,धर्मेंद्र वर्मा, शैलेन्द्र बंजारे,लखेश साहू , गणेश शंकर साहू,दिलीप सोनी, के के वर्मा,मनोज प्रजापति, सुभाष राव, सुदेश साहू,रविन्द्र नामदेव, गोविंद पात्र, सुरेंद्र यादव,परमानंद साहू,चित्तेश्वर साहू, शाश्वत यादव, शिव शुक्ला, सुखदेव साहू,गौतम ठेठवार,शिव जायसवाल, संतोष जायसवाल, देवेंद्र बंजारे, अर्जुन सेन, गोल्डी मर्रेया,अभिषेक पटेल, राजू रजक,प्रवीण सेन, अजय भारती सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# नोवीना अमृत जगत का डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान तेजी पकड़ रहा



पायनियर संवाददाता ∢ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत सभापति नोवीना अमृत जगत का डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान तेजी पकड़ रहा है। इस अभियान में महिलाओं और बुजुर्गों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। जनसंपर्क के दौरान उन्होंने मतदाताओं को जागरूक करते हुए सही उम्मीदवार चुनने का आह्वान किया। इसी क्रम में सीतलपुर क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ किया गया। विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित होकर नोवीना अमृत जगत ने टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। उन्होंने ग्रामीण युवाओं में खेल भावना जागृत करने के उद्देश्य से चुनावी व्यस्तता के बीच समय निकालकर इस आयोजन में भाग लिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में दर्शक, खिलाड़ी एवं ग्रामवासी मौजूद रहे। कार्यक्रम में कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष पुरन पटेल, जितेंद्र सिदार, विजय श्रीवास, गणेश, सत्यानंद भोई, ठंडाराम पटेल, धगराम पटेल, डायापटेल और भागीरथी पटेल समेत अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। मीडिया प्रतिनिधियों में ऋषिकेशन दास, अभय घृतलहरे और अरुण साहू रिपोर्टर कवरेज किया। आयोजन ने स्थानीय खेल प्रेमियों में उत्साह भर दिया और सभी ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

# जागव वोटर, जाबो कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों ने निकाली सायकल रैली

पायनियर संवाददाता ∢ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



जिले में नगर पालिका एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के तहत स्वीप गतिविधियों अंतर्गत मतदाताओं में मतदान की महत्ता व मतदान के प्रति जागरूकता लाने जागव वोटर जाबो कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल ने शिक्षकों एवं आम नागरिकों को अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। इस दौरान जागव वोटर जाबो कार्यक्रम के तहत कलेक्टर ने हरी झण्डी दिखाकर स्कूली विद्यार्थियों के सायकल रैली को रवाना किया। जिसमें विद्यार्थियों ने नगरीय निकाय के मतदाताओं को वोट देने की अपील करने नारे लगाये, सायकल रैली गांधी मैदान से निकाल कर तिरंगा चौक, बस स्टैण्ड होते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ जीआर मरकाम, जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत, डीएमसी केएस नायक, बीईओ गजेन्द्र ध्रुव सहित शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# उठाव नहीं करने वाले 19 मिलरों पर लगेगी पेनाल्टी

## धान उठाव में तेजी लाने मिलरों को कड़े निर्देश

पायनियर संवाददाता ∢ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य में क़ी गई धान खरीदी के पश्चात उपार्जन केंद्रों से धान उठाव हेतु मिलर्स क़ो डीओ जारी किया गया है। डी.ओ. जारी होने के अत्यधिक समय पश्चात् भी कुछ मिलर्स के द्वारा धान उठाव में रूचि नहीं ली जा रही है जिसे गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर दीपक सोनी ने मिलर एवं परिवहनकर्ता द्वारा समय-सीमा में अपने दायित्व का निर्वहन करने के कड़े निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही कलेक्टर के निर्देश पर समिति के द्वारा ऐसे 19 राईस मिलर्स जो डीओ कटने के अत्यधिक दिवस पश्चात भी धान उठाव शुरू नहीं किये हैं उनके डीओ में पेनाल्टी अधिरोपित करने का भी निर्णय लिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 855396.64 मेट्रिक टन धान उपार्जन हुआ है जिसमें से परिवहनकर्ता द्वारा 283016 मेट्रिक टन एवं जिला और अंतर जिला मिलर द्वारा 344636 मेट्रिक टन धान का उठाव किया गया है। उपार्जन केंद्रों में 227743 मेट्रिक टन धान उठाव हेतु शेष है। जिले के मिलर को 401423 मेट्रिक टन हेतु डीओ जारी हुआ है। जिसमें से 344636 मेट्रिक टन धान का उठाव किया गया है तथा 56787 मेट्रिक टन धान का उठाव शेष है। जिसमें से 19 रईस मिलर का 243 डीओ में 5997 मेट्रिक टन धान का उठाव अत्यधिक समय पश्चात भी नहीं किया गया है।

# पीएससी प्रारंभिक परीक्षा आज

पायनियर संवाददाता ∢ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा 9 फरवरी 2025 को सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 का आयोजन किया जा रहा हैं। परीक्षा के सबंध में आयोग द्वारा अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण निर्देश जारी किये गये हैं। अभ्यर्थियों क़ो प्रवेश पत्र तथा फोटो पहचान पत्र क़ी मूल प्रति साथ लाना होगा। मूल प्रति के बिना किसी भी अभ्यर्थी क़ो परीक्षा हाल में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। पहचान पत्र में मतदाता पहचान पत्र, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, पेन कार्ड, आधार कार्ड, स्मार्ट कार्ड, स्वास्थ्य बीमा योजना स्मार्ट कार्ड, जॉब कार्ड फोटो सहित, सेवा पहचान पत्र,( केंद्र सरकार, सार्वजानिक उपक्रम, स्थानीय निकाय, पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों क़ो जारी )पासबुक एवं किसान पासबुक, छात्र पहचान पत्र, बीपीएल परिवार क़ो जारी राशन कार्ड, सम्पति के दस्तावेज, एस सी, एस टी, ओ बी सी प्रमाण पत्र फोटो सहित, भूतपूर्व सैनिको क़ी पेंशन किताब, भूतपूर्व सैनिकों क़ी विधवा या आश्रित प्रमाण पत्र, वृद्धावस्था पेंशन आदेश, विधवा पेंशन आदेश, शारीरिक दिव्यांग प्रमाण पत्र फोटो सहित शामिल हैं। जिन अभ्यर्थियों के नाम या सरनेम तथा फोटो पहचान पत्र किसी भी प्रकार का अंतर हैं वें अपने नाम परिवर्तन सम्बन्धी शपथ पत्र क़ी मूल प्रति प्रस्तुत करने पर ही परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे। अभ्यर्थी परीक्षा हाल में परीक्षा प्रारम्भ होने के एक घंटा पूर्व उपस्थित हों. यदि अभ्यर्थी निर्धारित समय के 15 मिनट पश्चात परीक्षा केंद्र में उपस्थित होते हैं तो उन्हें परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित किया जा सकता है। परीक्षा क़क्ष में निर्धारित अनुक्रमांक पर ही बैठें एवं उपस्थिति पत्रक और ओ एम आर उत्तर पुस्तिका पर निर्धारित स्थान पर हस्ताक्षर करें। ओ एम आर उत्तर पुस्तिका पर समस्त प्रविष्टियां नींले, काले बाल पॉइंट पेन से करनी है। परीक्षा आयोजन हेतु जिले में 12 केंद्र बनाए गये हैं जिसमें 3595 परीक्षार्थी शामिल होंगे।परीक्षा दो पालियों में प्रथम पाली प्रातः 10 बजे से अपराह्न 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपरान्ह 3 बजे से अपरान्ह 5 बजे तक संपन्न होगी।

# मदिरा दुकानें 9 फरवरी की संध्या 5 बजे से 11 फरवरी मतदान समाप्ति तक बंद रहेंगी

पायनियर संवाददाता ∢ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने जिले में नगर पालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2025 निर्विघ्न एवं निष्पक्षतापूर्वक सम्पन्न कराने के उद्देश्य से 9 फरवरी 2025 की संध्या 05 बजे से 11 फरवरी 2025 की मतदान समाप्ति तक एवं मतगणना दिवस 15 फरवरी 2025 को मतगणना समाप्ति तक शुष्क दिवस घोषित किया है। जारी आदेश के तहत गरियाबंद जिले के नगरीय निकाय में स्थित समस्त देशी मदिरा दुकान एवं देशी मदिरा दुकान उक्त निर्धारित तिथि में बंद रहेंगी। कलेक्टर ने उक्त शुष्क दिवस में दिए गए निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। साथ ही किसी भी अधिकृत एवं अनाधिकृत स्थानों से मदिरा का अवैध निर्माण, आधिपत्य, परिवहन, क्रय विक्रय, भण्डारण तथा तस्करी न हो इस पर पर नियंत्रण रखने तथा शिकायत प्राप्त होने पर सख्ती से कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए है। उक्त निर्धारित तिथियों में नगर पालिका परिषद गरियाबंद अंतर्गत विदेशी मदिरा दुकान गरियाबंद एवं देशी मदिरा दुकान गरियाबंद, नगर पंचायत राजिम अंतर्गत विदेशी मदिरा दुकान राजिम एवं देशी मदिरा दुकान राजिम, नगर पंचायत फिंगेश्वर अन्तर्गत विदेशी मदिरा दुकान फिंगेश्वर एवं देशी मदिरा दुकान फिंगेश्वर, नगर पंचायत छुरा अंतर्गत देशी मदिरा दुकान छुरा एवं विदेशी मदिरा दुकान छुरा तथा नगर पंचायत देवभोग अंतर्गत देशी मदिरा दुकान सोनामुंदी एवं विदेशी मदिरा दुकान सोनामुंदी बंद रहेंगी।

# जिला पंचायत सदस्य के 7 अभ्यर्थियों ने लिया नाम वापस

पायनियर संवाददाता ∢ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 अंतर्गत अभ्यर्थिता वापस लेने के अंतिम दिवस 06 फरवरी 2025 तक जिला पंचायत सदस्य के कुल 07 दावेदारों ने अपने नामांकन पत्र वापस ले लिये। अब कुल 127 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के 18 जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र के लिए जिला पंचायत सदस्य पद हेतु कुल 134 दावेदारों ने नामांकन पत्र दाखिल किये थे। नामांकन पत्र वापस लेने के अंतिम दिन कुल 07 अभ्यर्थियों ने अपने नामांकन पत्र वापस लिये। इसमें से जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 02 सिमगा से अंजली साहू, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 03 सिमगा से हरिचंद वर्मा, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 05 भाटापारा से गयाराम वर्मा, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 06 भाटापारा से रेखा ध्रुव, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 09 बलौदाबाजार से धनेश्वरी भारद्वाज, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 10 बलौदाबाजार से विमल कुमार साहु, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 18 कसडोल से निहारिका देवांगन शामिल हैं। इस प्रकार नामांकन पत्र वापसी के अंतिम तिथि पश्चात कुल 127 अभ्यर्थी जिला पंचायत सदस्य हेतु चुनाव मैदान में हैं।

# पीजी कॉलेज में प्राणी शास्त्र विभाग का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

पायनियर संवाददाता ∢ धमतरी
www.dailypioneer.com



बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी के प्रभारी प्राचार्य डॉ हेमवती ठाकुर के निर्देशन में एवं प्राणी शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो गोविन्द प्रसाद के मार्गदर्शन में प्राणी शास्त्र विभाग के एमएससी द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों हेतु शोध प्रविधियों पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता डॉ एच एन टंडन, विभागाध्यक्ष प्राणीशास्त्र, संत गुरु घासीदास शास स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुरूद थे। सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। इसके पश्चात् विभागाध्यक्ष प्रो गोविन्द प्रसाद द्वारा मुख्य अतिथि डॉ एच एन टंडन का स्वागत किया गया तथा उनकी उपलब्धियों के बारे में छात्र.छात्राओं को परिचित कराया। इसके पश्चात डॉ एच एन टंडन ने छात्र.छात्राओं को संबोधित करते हुए जैव विविधता संरक्षण की आवश्यकता, महत्व के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए जैव विविधता के क्षेत्र में शोध के अवसर से अवगत कराया। साथ ही शोध रिपोर्ट क्या है, इसे लिखने के तरीके, इसके प्रकार के बारे में बताया। किसी विशेष विषय पर शोध प्रस्ताव कैसे तैयार किया जाए, इसके बारे में भी जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में डॉ एच एन टंडन ने छात्र.छात्राओं के साथ पक्षियों की विविधता का अध्ययन करते हुए पक्षियों की पहचान एवं गणना की विधियों से अवगत कराया। इस दौरान महाविद्यालय प्रांगण में विभिन्न पक्षियों का पहचान कर इस जानकारी को ई.बर्ड एप में साझा की गयी। साथ ही जैव विविधता सूचकांक जैसे शैनन.वीनर विविधता सूचकांक के माध्यम से महाविद्यालय प्रांगण की जैव विविधता का गणना किया गया। विभागाध्यक्ष प्रो गोविन्द प्रसाद ने आभार व्यक्त किया। उक्त कार्यक्रम में प्रो भीखम लाल सायतोड़े, प्रो उमा द्विवेदी, प्रो दिपाली साहू एवं प्रयोगशाला तकनीशियन संजय राठौर तथा बड़ी संख्या में छात्र.छात्राएँ उपस्थित रहें।

# मुख्यमंत्री की जन आशीर्वाद रैली धमतरी में आज

पायनियर संवाददाता ∢ धमतरी
www.dailypioneer.com




नगरीय निकाय चुनाव का चुनाव प्रचार 9 तारीख को शाम को थम जायेगा। प्रचार के अंतिम दिन भाजपा अपनी पूरी ताकत चुनाव में झोंकने जा रही है। निगम चुनाव संचालक अजय चंद्राकर के दिशा निर्देश पर सह संचालक राजेंद्र शर्मा, कविंद्र जैन, प्रीतेश गांधी, चेतन हिंदुजा चुनाव प्रचार की पूरी रणनीति संभाले हुए हैं। पूरे 40 वार्डो को 10 सेक्टर में बांट कर प्रत्येक सेक्टर में 2 प्रमुख नेताओं को प्रभार दिया गया है। सभी 40 वार्डो में भाजपा के नगर के प्रमुख पदाधिकारियों को चुनाव संचालक बनाया गया है। स्थानीय प्रमुख को वार्ड का संयोजक बनाया गया है। महिला मोर्चा, युवा मोर्चा और बूथ कार्य के लिए अलग से टीम गठित की गई है जो सभी 40 वार्डो में भ्रमण कर चुनावी मोर्चा संभाले हुए हैं। सामाजिक संपर्क, नुक्कड़ सभाए सामग्री वितरण सहित सभी प्रमुख कार्यो के लिए अलग अलग प्रभार दिए हुए हैं। भाजपा ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि रविवार 9 तारीख को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 3 घंटे धमतरी में रहेंगे। रविवार अपराह्न 12 बजे अम्बेडकर चौक स्थित बाबा साहेब की मूर्ति पर मल्यार्पण कर मुख्यमंत्री सीधे म्युनिसिपल स्कूल चौक पहुंचेंगे। म्युनिसिपल स्कूल चौक से उनकी जन आशीर्वाद रैली का शुभारंभ होगा। वहां से रत्नाबांधा चौक, लाल बगीचा चौक, पी डी कंपनी के सामने, अमर टॉकीज के सामने, घड़ी चौक, शनि मंदिर, बालक चौक, गोल बाजार, मठ मंदिर चौक, चमेली चौक, सदर बाजार, बमलाई पारा चौक, साहू बाड़ा, रामबाग में विभिन्न समाजों और संस्थाओं के स्वागत मंच बनेंगे जहां पर समाज जन खड़े होकर मुख्यमंत्री की जन आशीर्वाद रैली पर पुष्प वर्षा करेंगे। अंत में बिलाई माता मंदिर पहुंच कर मुख्यमंत्री साय धमतरी की खुशहाली और समृद्धि के लिए माता से आशीर्वाद लेंगे। उसके बाद अपनी वाहन में रवाना होकर पुनः हेलीपैड की ओर रवाना होते समय गोकुलपुर चौक में रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर मल्यार्पण करेंगे। संपूर्ण कार्यक्रम की रूपरेखा संचालन समिति ने बना ली है और इस रोड शो में सभी 40 वार्डो के पार्षद प्रत्याशी अपने कार्यकर्ताओं की फौज के साथ शामिल होंगे। पार्टी ने इस रोड शो को भव्य बनाने पूरी तैयारी कर ली है। यह जानकारी मुख्य कार्यालय प्रभारी कविंद्र जैन ने दी।

# निर्वाचन ड्यूटी में लगे अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा ईडीबी से मतदान आज

## कलेक्टर ने व्यवस्थाओ का लिया जायजा



पायनियर संवाददाता ∢ धमतरी
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के तहत मतदान दल एवं निर्वाचन में लगे अन्य अधिकारी कर्मचारियों के लिए निर्वाचन कर्तव्य मतपत्र (ईडीबी) के द्वारा मतदान 7 एवं 8 फरवरी 2025 क़ो प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक संयुक्त जिला कार्यालय के क़क्ष क्रमांक 67 जन समस्या निवारण क़क्ष में व्यवस्था किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने गुरुवार क़ो क़क्ष का निरीक्षण कर ईडीबी द्वारा मतदान हेतु व्यवस्थाओ का जायजा लिया और जरुरी निर्देश दिये। बताया गया कि ईडीबी से मतदान कराये जाने हेतु अधिकारी कर्मचारियों क़ी ड्यूटी लगाई गई है जिसमें जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी आदित्य शर्मा, परियोजना अधिकारी सरस्वती चंद्रवंशी, सहायक ग्रेड 2 चंद्रेश बरमाल, सहायक ग्रेड 3 अमृत लाल कैवर्त, पर्यवेक्षक सुनीता वर्मा एवं प्रभा मांडले शामिल है।

# पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब, जनसभा कर कांग्रेस से पक्ष में मांगे वोट

पायनियर संवाददाता < अम्लेश्वर
www.dailypioneer.com

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नगर पालिका परिषद अमलेश्वर के नगरी निकाय चुनाव में कांग्रेस पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों के समर्थन में रोड शो कर जनसभा को संबोधन किया। बघेल सर्वप्रथम अमलेश्वर डीह में कबीर चौक पर कबीर जी की पूजा अर्चना कर रैली का शुभारंभ किया। खुली जीप में सवार पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अध्यक्ष प्रत्याशी मोनू साहू सहित 18 पार्षदों के लिए वोट मांगे तत्पश्चात रोड शो अमलेश्वर के बाजार चौक पहुंचा और वहां जनसभा का आयोजन हुआ।



पूर्व मुख्यमंत्री ने अपने शासनकाल के कार्यकाल में किए हुए विकास कार्यों पर चर्चा करते हुए अपने संबोधन में कहा कि अमलेश्वर रायपुर से लगा हुआ है। रायपुर नदी पार नव से करते थे। विधायक बनने के बाद पुल का निर्माण कराया आज सुगमता से अम्लेश्वर वासी रायपुर पहुंचते हैं। बघेल ने कहा हमने 5 वर्ष में पाटन विधानसभा में कई ऐतिहासिक कार्य किया सांकरा में यूनिवर्सिटी का निर्माण जामगांव (एम) में फूड प्रोसेस का निर्माण साथ ही पूरे पाटन विधानसभा में रोड रास्ता का जाल बिछाया। साथ ही किसानों के हित में 2500 रु कुंटल धान की खरीदी पहली बार छत्तीसगढ़ सरकार में कांग्रेस के शासनकाल में किया गया जो आज बीजेपी के शासनकाल में 3100 रु किसानों को मिल रहा है वह भूपेश बघेल के ही कारण है। महतारी वंदन की राशि देकर के बिजली बिल बढ़ा कर और शराब दुकान खोलकर लूटने का काम कर रही है भाजपा। एक हाथ से दे रहा है और दोनों हाथ से लूटने का काम कर रही है बीजेपी। कई महिलाओं को आज भी नही मिल पा रही है महतारी वंदन की पैसा। बघेल ने आगे कहा ग्राम अम्लेश्वर को सीधा पालिका का दर्जा दिया आज मोनू साहू कांग्रेस प्रत्याशी है कांग्रेस की अध्यक्ष आप सब के आशीर्वाद से बने यही अपील करता हूं। साथ ही 18 पार्षदों भी कांग्रेस का ही हो यही मतदाता भाई बहनों से अपील है। भाजपा के शासनकाल में एक भी कार्य साल भर के बाद भी नहीं हो पाया है। जो भी काम है हमारे ही शासन काल का है जो आज तक अम्लेश्वर में चलते आ रहा है। कार्यक्रम को संबोधित पूर्व जिला पंचायत सदस्य राकेश ठाकुर ने भी किया जिसने कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। भाजपा कांग्रेस के प्रत्याशियों को बदनाम करने की कोशिश कर रही है जिसके बहकावे में नहीं आना है अध्यक्ष सहित सभी पार्षद कांग्रेस का हो यही आमजन से अपील है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पूरे क्षेत्र में विकास कराया है आज वह हमारे पाटन के विधायक है और नगर पालिका अम्लेश्वर इस क्षेत्र में आता है निश्चित ही ऐतिहासिक विकास होगा।

कार्यक्रम के अंत में पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी मोनू साहू ने आम जनता को संबोधित करते हुए श्री शिवाय नमस्तुभ्यं का जयकारा लगाकर कहा आप सब के आशीर्वाद से ही जन भावनाओं के अनुरूप मुझे पालिका अध्यक्ष का प्रत्याशी बनाया गया है आपका एक-एक मत से मुझे विजय श्री का आशीर्वाद मिलेगा। पालिका अध्यक्ष कांग्रेस का बनने से नगर में शराब दुकान नहीं खुलेगी और असामाजिक तत्वों का आना-जाना नहीं होगा। यदि भाजपा की सरकार बनती है तो शराब दुकान खोलना निश्चित है पूरा शेड्यूल तैयार है सिर्फ आप लोगों की मत का इस्तेमाल होना है। इसलिए भाजपा नहीं कांग्रेस का अध्यक्ष चुने और नगर को स्वच्छ सुंदर अपराध मुक्त बनाएं। अध्यक्ष बनते ही आप सबके मूलभूत सुविधाओं का ख्याल रखते हुए नगर का विकास किया जाएगा अभी भाजपा के द्वारा मुझे बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। मेरे खिलाफ अनर्गल बयान बाजी दिया जा रहा है। माननीय न्यायालय ने मुझे दोष मुक्त किया है। मैं किसी भी प्रकार का किसी का अनहित नहीं किया हूं।

# सनराइज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरेठी खुर्द में वार्षिक उत्सव की धूम





पायनियर संवाददाता < जैजैपुर
www.dailypioneer.com


बसंत पंचमी समाप्त होने के बाद एव परीक्षा के पहले छात्रो कि दिमाक को ठीक करने के लिए सनराइज उ मा वि हरेठीखुर्द में वार्षिक उत्सव जिसमें सर्वप्रथम मां छत्तीसगढ़ महतारी ,भारत माता एवं मां सरस्वती की तैलचित्र पर पूजा अर्चना कर संगीत की देवी को याद करते हुए वार्षिक उत्सव में रंगारग कार्यक्रम पर प्रस्तुत किया गया । जिसमे कुलेश्वरी के द्वारा लूंगी डांस मांगू एवं साथी के द्वारा चंदा ने पूछा ,जानकी ग्रुप बनके प्रेमी ,शिव कुमारी चेहरा ब्यूटीफुल ,देविका एवं साथियों के द्वारा आ मोर खोपा म गजरा कृशन



राज एवं साथी आदिवासी नृत्य अन्नू ग्रुप रानी के फुद्रा प्रीति ग्रुप नैना के गुलेल के साथ में रीमिक्स के साथ पारंपरिक लोकगीतों सुवा, करमा, डडा, पथी से दर्शकों ने खुब आनंद उठाएं वहीं पर मोला ले जा उडहरिया से दर्शकों ने तालिया की गडगडाहट के साथ छात्रों ने अपना हुनर को दर्शकों के सामने बिखेरा। इस वार्षिक कार्यक्रम में सनराइज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरेठी खुर्द के प्राचार्य रामकुमार साहू ने काफी मेहनत एवं लगन के साथ यह कार्यक्रम को कराया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सहयोग करने वाले चिंतामणि साहू, उत्तम सिदार, ललित यादव, हरिश्चंद्र कश्यप,संतोष कश्यप ,उजाला प्रसाद रात्रे,पवन कुमार चंद्रा, मनोज कुमार तेंदुलकर ,सावित्री साहू ,किस्मत बर्मन ,रवीना टंडन ,नरेश कुमार साहू ,सुनील कुमार साहू,अमृत कश्यप चैतिन बाई वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का संचालन मोहनलाल बर्मन एवं हरिश्चंद्र कश्यप ने किया ।

# आस्था का अटूट जुनून-10 फरवरी को शक्ति शहर से निकलेगी भटली श्याम की पैदल अर्जी यात्रा

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



पूरी दुनिया में जहां श्याम के भक्त बाबा की आस्था में जुटे हुए हैं, तो वही शक्ति शहर से विगत कई वर्षो से निरंतर उड़ीसा के भटली वाले बाबा श्याम की पैदल यात्रा निकल रही है,तथा यह यात्रा इस वर्ष भी आगामी 10 फरवरी को शक्ति के श्री राधा कृष्ण मंदिर से रवाना होगी, इस यात्रा का आयोजन श्री श्याम निशान पदयात्रा समिति ने किया है, तथा यह यात्रा सुबह 9:15 पर रवाना होगी, तथा इस यात्रा के प्रारंभ से पूर्व रथ पूजन, रथ श्रृंगार दर्शन,पावन ज्योत दर्शन एवं सूरजगढ़ निशान दर्शन का भी कार्यक्रम होगा एवं यह यात्रा श्री राधा कृष्ण मंदिर से श्री श्याम बिहारी मंदिर भटली उड़ीसा के लिए रवाना होगी। उपरोक्त जानकारी देते हुए श्री श्याम निशान पदयात्रा समिति शक्ति के सदस्यों ने बताया कि भटली तक जाने वाली इस यात्रा को लेकर श्याम प्रेमियों में भारी उत्साह है,तथा आकर्षक रथ पर सवार होकर बाबा श्याम रवाना होंगे, जो की बैंड बाजे के साथ यह यात्रा रवाना होगी एवं 10 फरवरी को शक्ति से निकलकर यह यात्रा मालखरौदा, छपोरा, डभरा, चंद्रपुर, सरिया, भुक्ता होते हुए श्री श्याम बिहारी मंदिर भटली धाम पहुंचेगी तथा भटली वाले बाबा श्याम को निशान अर्पण किया जाएगा एवं बाबा को अर्जी लगाई जाएगी, आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि उपरोक्त यात्रा के मार्ग में जगह-जगह इस यात्रा का जोरदार स्वागत किया जाएगा एवं यात्रा प्रतिदिन रात्रि विश्राम करते हुए गंतव्य को रवाना होगी आयोजन समिति ने सभी श्याम भक्तों को 10 फरवरी को सुबह श्री राधा कृष्ण मंदिर पहुंचने एवं यात्रा में भी शामिल होने की अपील की है।

# वार्डो में ईवीएम मशीन का प्रदर्शन का अंतिम दिन,मतदाताओं में भारी जोश, कहा ईवीएम मशीन से मतदान करना आसान

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com





नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शिविर के अंतिम दिन 12 वार्डो के मतदाताओं को ईवीएम मशीन प्रदर्शन शिविर में मास्टर ट्रेनर एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा ईवीएम मशीन की जानकारी देकर जागरूक किया गया।इस अवसर पर मतदाताओं में भारी उत्साह देखने को मिला,मतदाताओं ने कहा ईवीएम मशीन से वोट करना आसान है,हम सभी मतदान करने जायेंगे।ईवीएम से पहली बार नगरीय निकाय के चुनाव हो रहे हैं।ऐसे में मतदाताओं को मतदान के दौरान किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े इसके लिए जिला कलेक्टर/निगम प्रशासक सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश व निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में नगर निगम की टीम वाडों में शिविर लगाकर ईवीएम से मतदान करने का तरीका बता रही है।मतदाताओं को बताया जा रहा है कि यदि वे महापौर और पार्षद दोनों में से किसी एक पद को ही वोट करना चाहते हैं तो मशीन के निचले हिस्से में दिए इंड बटन दबाना होगा।तभी मतदान की प्रक्रिया पूरी होगी।

शिविर में मतदाताओं को बताया जा रहा है कि वोटिंग मशीन के उपरी हिस्से में महापौर प्रत्याशियों को वोट देने की व्यवस्था की गई है। मशीन के निचले हिस्से में पार्षद प्रत्याशियों के नाम रहेंगे। इस स्थिति में वोटिंग करते समय किसी तरह की दिक्कत न हो इसलिए बेहतर होगा कि पहले महापौर पद के प्रत्याशी को वोट दें, उसके बाद पार्षद पद के प्रत्याशी के लिए बटन दबाएं। यानि मतदाता को दो पदों के लिए वोट देना है। शिविर के अंतिम दिन में आज इन 12 वार्डो के मतदाताओं को शिविर में जागरूक किया।ईवीएम का डेमो का प्रदर्शन कर मतदाताओं को जानकारी दी गई। जिन वाडों वार्ड 14 सिकोला भाठा, वार्ड 59 कातुलबोर्ड, वार्ड 25 गायत्री मंदिर वार्ड, वार्ड 10 शंकर नगर, वार्ड 5 मगर पारा, वार्ड 34 शिवपारा, वार्ड 8 तकिया पारा, वार्ड 38 मिलपारा, वार्ड 43 कसारिडीह, वार्ड 53 पोटिया कला एवं वार्ड 30 तमेर पारा में किया गया।

# दिलीप सिंह जूदेव स्मृति गोल्ड कप फुटबॉल प्रतियोगिता का केरल-मणिपुर टीम से आगाज

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com





शनिवार को शहर के रणजीता स्टेडियम में पूर्व सांसद रणविजय सिंह जूदेव के मुख्य आतिथ्य में स्व. दिलीप सिंह जूदेव स्मृति अखिल भारतीय गोल्ड कप फुटबाल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। इस प्रतियोगिता में देश की 14 राष्ट्र स्तरीय फुटबाल टीमें शामिल हो रही हैं। उद्घाटन के अवसर पर अभय सोनी, अधिवक्ता ओम प्रकाश साय, कमल कुमार सिंह, भूतपूर्व फुटबॉल खिलाड़ी मुन्ना रवानी, विनोद तिड़ू, अमानुल्ला मलिक, नितीश गुप्ता, निखिल गुप्ता, आयोजन समिति के सचिव सरफराज आलम, राजेश गुप्ता और इमरान आलम सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग और पूर्व खिलाडी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि रणविजय सिंह जूदेव ने दोनो टीमों के खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया और सामुहिक फोटोग्राफी के बाद फुटबॉल को किक कर प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया।

**संघर्षपूर्ण उद्घाटन मैच में केरल ने मणिपुर को 3-2 से किया पराजित**

बेहद संघर्ष पूर्ण उद्घाटन मैच में मल्लापुरम कोच्चि की टीम ने मणिपुर को 3-2 से पराजित किया। मैच के पहले मिनट से ही मणिपुर और मल्लापुरम कोच्चि की टीम ने तेर तर्रार फुटबॉल का प्रदर्शन किया। मैच के पहले हाफमें मल्लापुरम की ओर से जर्सी नंबर 3 तीजो ने अपनी टीम के लिए पहला गोल किया। 10 मिनट के अंतराल में मणिपुर की ओर से जर्सी नंबर 25 मेनास ने मणिपुर की ओर से बराबरी का गोल दागा। पहले हाफ के समाप्त होने के ठीक पहले मणिपुर की ओर से जर्सी नंबर 8 डिंस ने शानदार गोल कर मणिपुर को दो एक की बढ़त दिला दी। खेल के दूसरे हाथ में मल्लापुरम की ओर से जर्सी नंबर 10 रोशन ने मैच में बराबरी का गोल किया, जिसके बाद दोनों टीमों ने एक दूसरे के गोल पोस्ट पर पर लगातार आ मण किया। मैच के अंतिम छणों में मल्लापुरम कोच्चि केरल की ओर से जर्सी नंबर 7 अक्षय ने अपनी टीम के लिए विजय गोल दागा और मणिपुर की टीम फिर इससे उबर नहीं पाई और बेहद संघर्षपूर्ण मुकाबले में कोच्चि केरल की टीम ने मणिपुर की टीम को 3-2 से पराजित करते हुए अगले दौर में प्रवेश किया। मल्लापुरम कोची केरल के फारवर्ड अक्षय को मैच का मैन ऑफद मैच चुना गया। मैच के, मैच कमिश्नर थे विश्वजीत भट्टाचार्य जबकि मुख्य निर्णायक दया यादव अंबिकापुर तथा असिस्टेंट रेफरी के रूप में लाल केश्वर राजवाड़े अंबिकापुर और मुकेश भगत जशपुर रहे। रविवार को प्रतियोगिता का अगला मैच सुंदरगढ़ फुटबॉल क्लब ओडिशा और कश्मीर यूनाइटेड के बीच खेला जाएगा.

# बांग्ला कवि पल्लव चटर्जी की कृति 'अक्षर आलापन' का विमोचन हुआ कोलकाता में

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com





अंचल के चर्चित बांग्ला कवि पल्लव चटर्जी रचित कृति 'अक्षर आलापन' का विमोचन साहित्यकार सेवानिवृत्त आईएएस डॉ. नजरुल इस्लाम और कवि प्रदीप बसु के कर कमलों किया गया। इस विमोचन समारोह का आयोजन कोलकाता के पुस्तक मेले के निखिल भारतीय बंग सम्मेलन के स्टॉल नं. 417 में हुआ। कवि पल्लव चटर्जी रचित कृति का मुख्य अतिथि डॉ. नजरुल इस्लाम और अध्यक्षता कर रहे प्रदीप बसु ने कृतिकार द्वारा रचित रचनाओं को सराहा। भारतीय स्टेट बैंक की सुदीर्घ सेवा से रिटायर पल्लव चटर्जी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में रहकर तैयार बांग्ला कृति देश को समर्पित करते हुए मुझे अत्यन्त खुशी हो रही है. मुझे विश्वास है कि सुधि साहित्य जन मेरे इस कृति को पढ़कर, प्रतिक्रिया से अवगत काराएंगे। विमोचन के अवसर पर 'मध्यबलय' के संपादक व बांग्ला के लब्धप्रतिष्ठित कवि दुलाल समाद्दार, कवि प्रकाशचंद्र मण्डल, साहित्यकार कवि बादल सरकार, माणिक मांझी, सुकुमार रूज, बिथी ब्राह्म, विभाष दास, प्रणवेश दास और प्रकाशक विमल मैती विशेष रूप से उपस्थित हुए।

# 250 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब एवं कार के साथ परिवहन करते 03 आरोपियों को किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



आगामी नगरीय निकाय चुनाव एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की सुरक्षा व्यवस्था* को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा के निर्देशन में अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है।

चांपा पुलिस द्वारा थाना चांपा क्षेत्र के ग्राम सिवनी चांपा मोड़ में रेड कार्यवाही किया गया जिसमें आरोपीगणों 01 आशीष खरवार उम्र 22 वर्ष सकिन बोड़सरा थाना जांजगीर 02 मंगलुराम खरवार उम्र 30 वर्ष सकिन पटेरापाली थाना नगरदा जिला शक्ति 03 इंद्र कुमार खरवार 29 वर्ष सकिन पटेरापाली नगरदा जिला शक्ति के कब्जे से 250 लीटर अवैध रूप में हाथ भट्टी से बना कच्ची महुआ शराब कीमती 10000/रुपए एवं परिवहन में प्रयुक्त एक्सल 6 सुजुकी कंपनी का सफेद रंग की कार जुमला कीमती 12,50,000/ को बरामद किया जाकर आरोपीगणों के विरुद्ध धारा आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक नरेश कुमार पटेल थाना प्रभारी चांपा, उनि दिलीप सिंह, उनि बी एस लकड़ा, प्र0आर0 अमृत सूर्या, नर्सिंग बर्मन, आर. माखन साहू, डीकेश्वर साहू, मुद्रिका दुबे, सुमंत सुमंत, दीपक राठौर, खेमचरण राठौर, प्रहलाद दिनकर एवं थाना स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

# बुद्ध भूमि कोसा नगर परिसर में मनाई गई त्यागमूर्ति माता रमाई की जयंती

## त्यागमूर्ति माता रमाई के संघर्ष और समर्पण का स्मरण किया लोगों ने

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com





भिमाई महिला मंडल कोसा नगर के तत्वावधान में माता रमाबाई अंबेडकर की प्रतिमा के पास माता रमाई की जयंती 7 फरवरी की शाम को मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को अतिथियों आयुष्मति प्रेरणा धाबर्डे और आयुष्मति कुंदा धवले ने माता रमाई के त्याग ,बलिदान, संघर्ष, साहस ,सहयोग और समर्पण से अवगत कराया। इसके पहले सर्वप्रथम तथागत भगवान गौतम बुद्ध, बाबा साहेब अंबेडकर, माता रमाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मोमबत्ती और अगरबत्ती प्रज्वलित की गई साथ ही सावित्रीबाई फुले ज्योतिबा फुले और सम्राट अशोक के प्रतिमा पर भी माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन किया गया। सामूहिक त्रिशरण पंचशील का पाठ किया गया।

इस अवसर पर बौद्ध कल्याण समिति के संस्थापक तथा पूर्व अध्यक्ष नेकराम रामटेके, आयुष्मान राजेश वंजारी, आयुष्मान अशोक धवले और डॉक्टर उदय धाबर्डे सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। अनेक उपासक और उपासिकाओं ने माता रमाबाई अंबेडकर के त्याग को दर्शाने वाले गीतों से समा बांध दिया। केक काटा गया और स्वल्पाहार पश्चात कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गई।

उपस्थित सभी लोगों ने बुद्ध भूमि परिसर कोसा नगर में लगातार कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को संगठित करने के प्रयास की सराहना की। आयुष्मति कुंदा अशोक धवले तथा आयुष्मति प्रेरणा उदय धाबर्डे ने बौद्ध कल्याण समिति को 25-25 कुर्सियां दान में देने की घोषणा की। जिसका उपस्थित जनसमूह ने करतल ध्वनि से स्वागत और आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन भिमाई महिला मंडल की अध्यक्ष आयुष्मति दानशीला रामटेके ने किया और आभार प्रदर्शन बौद्ध कल्याण समिति के अध्यक्ष नरेंद्र शेन्डे ने किया।

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
(तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)
सीआईएन: L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय : - केआरएम टावर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई- 600031
फोन : +91 44 4564 4000 I फैक्स : +91 44 4564 4022

IDFC FIRST Bank

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अंतर्गत नोटिस**

निम्नलिखित उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं ने **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, जिसे आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ मिला दिया गया है और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)** से नीचे उल्लिखित सुरक्षित ऋण प्राप्त किए हैं। नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं के ऋण उनकी संबंधित संपत्तियों के बंधक द्वारा सुरक्षित किए गए हैं। चूंकि वे संबंधित ऋण समझौतों की शर्तों का पालन करने में विफल रहे हैं और अनियमित हो गए हैं, इसलिए उनके ऋण को आरबीआई दिशानिर्देशों के अनुसार एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया गया है। **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)** को उनके द्वारा देय राशि का उल्लेख संबंधित नोटिस के अनुसार किया गया है, जो विशेष रूप से निम्नलिखित तालिका में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे ब्याज भी लागू होगा और उसी से संबंधित तारीखों से अनुबंध दर के अनुसार शुल्क लिया जाएगा।

| क्र. सं. | ऋण खाता सं. | ऋण का प्रकार | धारा 13 (2) नोटिस तिथि | धारा 13 (2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 57123748 | संपत्ति पर ऋण | 11.12.2024 | 2,90,103.16/- |

**उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं का नाम :** 1. अरूण कुमार बंजारे 2. नेहा बंजारे 3. नोहर राम बंजारे

**संपत्ति का पता :** जमीन/प्लॉट का वह पूरा टुकड़ा और पार्सल 0.01 हेक्टेयर (1076 वर्ग फीट), आबादी भूमि, खं. संख्या 497 का हिस्सा, मौजा: मुंडारा, फोन नंबर 40, आर.आई.सी.-गुंडरदेही, तहसील: गुंडरदेही, जिला: बालोद, छत्तीसगढ़-491223, पर स्थित है और इसकी **सीमाएं: पूर्व:** खाली जमीन, **पश्चिम:** रास्ता, **उत्तर:** बीरेंद्र का घर, **दक्षिण:** चंदा बाई का घर।

| क्र. सं. | ऋण खाता सं. | ऋण का प्रकार | धारा 13 (2) नोटिस तिथि | धारा 13 (2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 2 | 103100649 | संपत्ति पर ऋण | 30.11.2024 | 8,21,991.44/- |

**उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं का नाम :** 1. नरेन्द्र कुमार यादव , 3. रेन बाई

**संपत्ति का पता :** आबादी भूमि का वह पूरा टुकड़ा और पार्सल, ख.एच. नंबर 825/197 का हिस्सा, फोन नंबर 10, क्षेत्रफल 917 वर्ग फीट, मौजा लताबोड़, आरएनएम झलमला, तहसील और जिला बालोद, लैंडमार्क बाजार चौक, दुर्ग, छत्तीसगढ़-491226, और, **सीमाए पूर्व :**लाल सिंह/हिराऊ का घर, **पश्चिम:** गली, **उत्तर:** संतोष का घर, **दक्षिण:** सड़क।

| क्र. सं. | ऋण खाता सं. | ऋण का प्रकार | धारा 13 (2) नोटिस तिथि | धारा 13 (2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 3 | 62861860 | संपत्ति पर ऋण | 28.12.2024 | 4,42,138.32/- |

**उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं का नाम :** 1. शत्रुहन दास मानिकपुरी , 3. सरला मानिकपुरी

**संपत्ति का पता:** आबादी भूमि का वह पूरा टुकड़ा और पार्सल, खसरा संख्या 273 का हिस्सा, प्लॉट संख्या 29, क्षेत्रफल 943 वर्ग फीट, मौजा सिरपुर, फोन संख्या 12, आर.आई.सी. खेरथा, तहसील डौंडीलोहारा, जिला बालोद, छत्तीसगढ़-491771 पर स्थित है, और इसकी **सीमाएं: पूर्व :** गली, **पश्चिम:** रामबिलास का घर, **उत्तर:** शेखर दास का घर, **दक्षिण:** गली।

आपसे कहा जाता है कि आप उपरोक्त तालिका में दर्शाए गए ब्यौरे के अनुसार **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड में समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में ज्ञात)** को संबंधित तारीखों से अनुबंधित ब्याज दर और अन्य लागतों, प्रभारों आदि के साथ इस प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर राशि का भुगतान करें, ऐसा न करने पर नीचे हस्ताक्षरकर्ता को **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड में समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में ज्ञात)** को देय राशि वसूलने के लिए ऊपर उल्लिखित बंधक संपत्तियों के खिलाफ सरफेसी अधिनियम की धारा 13 (4) और धारा 14 के तहत कार्यवाही शुरू करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। इसके अतिरिक्त आपको उक्त अधिनियम की धारा 13 (13) के तहत उक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों को बिक्री/पट्टे या अन्यथा रूप से स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया जाता है।

**हस्ताक्षरकर्ता/-**
**अधिकृत अधिकारी**
**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)**

दिनांक : 09.02.2025
स्थान : छत्तीसगढ

## संपादकीय

### ट्रंप का प्रस्ताव व्यापक निन्दा

**गाज़ा** पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रस्ताव की दुनिया भर में व्यापक और कठोर निन्दा हो रही है। उन्होंने गाज़ा से फिलिस्तीनियों को बाहर करने या दूसरे शब्दों में उसके नस्ली सफाए का प्रस्ताव किया है जो न केवल मानवता के खिलाफ अपराध, बल्कि संभावित भू-राजनीतिक विभीषिका का कारण बन सकता है। दुनिया भर के नेताओं ने इस योजना को कठोरता से खारिज करते हुए इसे 'नस्ली सफाए' का कृत्य बताया है जिससे पूरा क्षेत्र अस्थिर हो जाएगा। उन्होंने इसे नैतिक रूप से घृणित और अमानवीय सुझाव कहा है। इन में संयुक्त राष्ट्रसंघ से लेकर जार्डन और मिस्र जैसे अमेरिकन सहयोगी भी शामिल हैं। गाज़ा पर ट्रंप के प्रस्ताव की व्यापक विपरीत प्रतिक्रिया के साथ ही यह अमेरिकी गठबंधन को नुकसान पहुंचाने तथा वर्तमान टकराव को बढ़ाने का काम करेगा जिससे अशांति बढ़ेगी। ट्रंप ने गाज़ा पर अपना 'स्वामित्व' बनाने तथा उसके 2.3 मिलियन निवासियों को दूसरी जगह बसाने का प्रस्ताव किया है जो कोई आकस्मिक विचार नहीं है। यह लंबे समय से इस्राइल के धुर-दक्षिणपंथ में चल रही चर्चाओं के आधार पर किया गया है जिसमें फिलिस्तीनियों के जबरन विस्थापन को इस्राइल की क्षेत्रीय महत्वाकांक्षायें पूरा करने का साधन माना गया है। इस्राइल के धुर-दक्षिणपंथी राजनेताओं के साथ ट्रंप के मजबूत संबंधों को देखते हुए यह आश्चर्यजनक नहीं है। अतीत में भी ट्रंप ने व्यवस्थित रूप से ऐसे निर्णय लिए हैं जिन्होंने फिलिस्तीनी संप्रभुता को नुकसान पहुंचाया है। इनमें अमेरिकन दूतावास को येरूशलम स्थानान्तरित करना तथा फिलिस्तीनी शरणार्थियों को सहायता बंद करना शामिल हैं।




प्रस्ताव पर क्षेत्रीय सहयोगियों की प्रतिक्रिया स्पष्ट रूप से नकारात्मक है। जार्डन का स्थायित्व क्षेत्र में अमेरिकन हितों के लिए महत्वपूर्ण है और इस देश को फिलिस्तीनी शरणार्थियों की एक और लहर झेलने के लिए मजबूर करना विनाशकारी सिद्ध हो सकता है। गाज़ा से सीमा का साझा करने वाले मिस्र ने भी इस योजना को खारिज कर दिया है। मिस्र सरकार ने चेतावनी दी है कि जबरन विस्थापन शांति समझौतों का उल्लंघन होगा तथा इससे राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा पैदा हो जाएगा। फिलिस्तीनियों को सिनाई प्रायद्वीप में धकेलने का कोई प्रयास मिस्र को सीधे टकराव में ले आएगा जिससे पहले से ही अस्थिर स्थिति और गंभीर होगी। अमेरिका के एक और सहयोगी तथा पश्चिम एशिया में अमेरिका के राजनयिक प्रयासों में प्रमुख सहयोगी सऊदी अरब ने योजना को कठोरता से खारिज करने वाला बयान दिया है। उसने जोर दिया है कि फिलिस्तीनियों का कोई जबरन स्थानान्तरण अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन होगा। लेकिन ट्रंप की योजना का सबसे बड़ा खतरा इससे वैश्विक आतंकवाद को बढ़ावा हो सकता है। यदि ट्रंप की योजना लागू की गई तो इससे ज्यादा अतिवाद और टकराव पैदा होगा। लाखों फिलिस्तीनियों के विस्थापन से मानवीय संकट पैदा होगा, प्रभावित लोग चरमपंथ की ओर आकर्षित होंगे तथा अतिवादी समूहों में भर्ती का मजबूत तर्क तैयार होगा। इतिहास ने दिखाया है कि जबरन उखाड़े गए लोग खामोशी से गायब नहीं होते हैं, बल्कि वे अक्सर प्रतिरोध, सशस्त्र संघर्ष और विद्रोह का रास्ता अपनाते हैं। योजना लागू करने में अमेरिकन सेना की सहभागिता का रूस और चीन जैसी अन्य विश्व शक्तियां संभवत: सीधे-सीधे विरोध करेंगी जिससे दुनिया भर में तनाव बढ़ेगा। ट्रंप के इरादे संभवत: राजनीतिक अवसरवाद और इस्राइल के सर्वाधिक अतिवादी समूहों के साथ वैचारिक जुड़ाव का नतीजा हैं। इस प्रकार का चरमपंथी और विवादास्पद प्रस्ताव दे कर ट्रंप अपनी कानूनी समस्याओं और घरेलू राजनीतिक चुनौतियों से ध्यान हटाना चाहते हैं। इस प्रस्ताव से पैदा अव्यवस्था से उनको स्वयं को एक निर्णायक नेता के रूप में पेश करने का अवसर मिलता है जो साहसी कार्रवाइयां कर सकता है, भले ही यह प्रस्ताव पूर्णत: अव्यावहारिक और नैतिक रूप से अरक्षणीय ही क्यों न हो।

# केंद्रीय बजट से साहसी प्रयास

निर्मला सीतारमण द्वारा पेश 2025-26 बजट पर मिश्रित प्रतिक्रियायें सामने आई हैं। इसमें साहसी ढंग से महत्वाकांक्षी सुधारों तथा आर्थिक चुनौतियों के बीच संतुलन बनाने का प्रयास किया गया है।



**केएस तोमर**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



**वित्त** मंत्री सुश्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश केन्द्रीय बजट 2025-26 पर काफी बहस हो रही है। इसका कारण इसके महत्वपूर्ण प्राविधानों के साथ उल्लेखनीय कमियां भी हैं। जहां बजट में मध्यवर्ग के लिए कर राहत तथा विनिर्माण व ढांचागत विकास के लिए प्रोत्साहन जैसे प्रमुख सुधारों की घोषणा की गई है, वहीं इसमें रोजगार सृजन, वेतन वृद्धि, मुद्रास्फीति पर नियंत्रण तथा ग्रामीण परेशानियों जैसी महत्वपूर्ण चिन्ताओं को संबोधित नहीं किया गया है।

बजट के सकारात्मक तत्वों तथा इसकी कमियों के गहरे विश्लेषण की आवश्यकता है। बजट का एक सर्वाधिक प्रशंसित आयाम आयकर सुधार हैं। इसमें आयकर छूट की सीमा को 7 लाख से बढ़ा कर 12 लाख कर दिया गया है जिससे मध्यवर्गीय करदाताओं को काफी राहत मिली है। इसके साथ ही मानक कटौती को भी बढ़ा कर 75,000 किया गया है जिससे प्रति वर्ष 12.75 लाख कमाने वालों पर कर का बोझ कम हुआ है। उम्मीद है कि इन सुधारों से खर्च योग्य आमदनी में बढ़ोत्तरी होगी तथा बचतों को प्रोत्साहन मिलेगा और उपभोक्ताओं द्वारा खर्च बढ़ेगा। बजट में विनिर्माण और आयात प्रोत्साहन पर जोर दिया गया है।

बजट में 'राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन' पर जोर दिया गया है जिसका उद्देश्य भारत को वैश्विक विनिर्माण केन्द्र बनाना, आयात पर निर्भरता घटाना और रोजगार सृजन करना है। एक और महत्वपूर्ण सुधार प्रत्यक्ष विदेशी निवेश-एफडीआई की सीमा बीमा क्षेत्र के लिए बढ़ा कर 100 प्रतिशत करना है। उम्मीद है कि इस कदम से वैश्विक बीमाकर्ता भारत की ओर आकर्षित होंगे तथा पूंजी का प्रवाह बढ़ेगा। ढांचागत विकास पर जोर बजट की विशेषता है। बजट का एक बड़ा हिस्सा ढांचागत परियोजनाओं को समर्पित है जिसमें क्षेत्रीय एयर कनेक्टिविटी, राजमार्गों का विस्तार तथा रेलवे का आधुनिकीकरण शामिल हैं। इन प्रोत्साहनों से न केवल भारत का परिवहन ढांचा मजबूत होगा, बल्कि रोजगार सृजन होगा तथा आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी। बजट में स्टार्टअप और छोटे बिजनेसों को सहायता के प्राविधान हैं। स्टार्टअप तथा सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों-एमएसएमई की आर्थिक विकास में भूमिका को स्वीकार करते हुए बजट में उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए खास प्राविधान किए गए हैं तथा कर रियायतें दी गई हैं। इन उपायों से खोज को प्रोत्साहन, रोजगार सृजन तथा देश के बिजनेस इकोसिस्टम के मजबूत होने की आशा है। लेकिन बजट के विकासोन्मुख दृष्टिकोण के बावजूद कुछ सरोकारों को संबोधित करने की आवश्यकता है।

हालांकि, भारत की अर्थव्यवस्था में सुधार के काफी संकेत दिख रहे हैं और वह विश्व स्तर पर सबसे तेजी से प्रगति करने वाली अर्थव्यवस्था बनी हुई है, लेकिन इसके बावजूद रोजगार व रोजगार सृजन काफी सुस्त बने हुए हैं। खासकर अनौपचारिक क्षेत्र में नए अवसरों की तेजी से वृद्धि नहीं हो रही है। बजट में किसी प्रत्यक्ष रोजगार नीति का अभाव है और इसमें उन कंपनियों के लिए खास प्रोत्साहनों का अभाव है जो बड़ी संख्या में कामगारों को काम देती हैं।

इन स्थितियों को देखते हुए सरकार को विनिर्माण, एमएसएमई तथा स्टार्टअप पर ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता है

> इन प्रोत्साहनों से न केवल भारत का परिवहन ढांचा मजबूत होगा, बल्कि रोजगार सृजन होगा तथा आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी। बजट में स्टार्टअप और छोटे बिजनेसों को सहायता के प्राविधान हैं।

क्योंकि ये टिकाऊ रोजगार अवसर प्रदान करने में अपना योगदान कर सकते हैं। भारत में आर्थिक प्रगति और तेज करने के लिए कृषि सुधारों तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत करने की जरूरत है। भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था बढ़ते दबावों तथा उत्पादकता में ठहराव जैसी समस्याओं का सामना कर रही है। किसानों ने बड़े पैमाने पर प्रदर्शन कर न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी के लिए कानूनी गारंटी की मांग की है। लेकिन बजट में उनकी चिन्ताओं को संबोधित करने के लिए किसी स्पष्ट उपाय का अभाव है। इसके साथ ही महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून-मनरेगा जैसी रोजगार सृजन योजनाओं के लिए आबंटनों में इस तथ्य के बावजूद कोई खास वृद्धि नहीं की गई है कि ग्रामीण बेरोजगारी बढ़ रही है। बजट में मुद्रास्फीति से निपटने व कीमतें स्थिर रखने के लिए भी खास उपायों की कमी दिखती है।

विश्व स्तर पर तेल की कीमतें बढ़ने तथा लगातार सप्लाई श्रृंखलाओं में बाधाओं के कारण मुद्रास्फीति गंभीर चिन्ता का विषय बनी हुई है। उच्च मुद्रास्फीति से उपभोक्ताओं की मांग प्रभावित होती है तथा मध्य व निम्न आयवर्ग वाले समूहों की खरीद शक्ति कम होती है। राजकोषीय घाटा तथा कर्ज प्रबंधन भी आर्थिक स्थिति के समक्ष चुनौतियां पेश करते हैं। टिकाऊ आर्थिक वृद्धि सुनिश्चित करते हुए राजकोषीय घाटे पर नियंत्रण बजट की एक सबसे बड़ी चुनौती है। ढांचागत परियोजनाओं पर अधिक खर्च से राजकोषीय घाटा बढ़ा है जिससे दीर्घकालीन वित्तीय टिकाऊपन के बारे में चिन्ता पैदा हुई है। कर्ज पर अधिक ब्याज तथा बढ़ता हुआ ब्याज सार्वजनिक वित्त पर और दबाव डालता है। राजस्व सृजन तथा कराधान के मुद्दे अभी बने हुए हैं।

महत्वाकांक्षी कर संग्रह लक्ष्यों, खासकर जीएसटी लक्ष्य प्राप्त करने में वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के कारण कठिनाई हो सकती है। इसके साथ ही निजीकरण योजनायें बार-बार उम्मीदों से बहुत कम रही हैं। ऐसे में परिसंपत्तियों के मौद्रीकरण के स्पष्ट रोडमैप के अभाव में कर्ज प्रबंधन पर सरकार की क्षमता पर सवाल उठने लगते हैं।

ढांचागत परियोजनाओं तथा कर राहत पर जोर देने के बावजूद बजट में स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लिए समुचित धन आबंटन की कमी दिखती है। स्वास्थ्यरक्षा पर खर्च जीडीपी के 3 प्रतिशत से कम बना हुआ है जो सार्वजनिक स्वास्थ्य ढांचे में कमियों को संबोधित करने के लिए नाकाफी है। हालांकि, डिजिटल शिक्षा के मामले में अनेक पहलें की गई हैं, पर ग्रामीण स्कूलों की स्थिति में सुधार तथा ज्यादा शिक्षक भर्ती करने की दिशा में समुचित जोर नहीं दिया गया है।

टिकाऊ आर्थिक वृद्धि के लिए निजी क्षेत्र को निवेश के लिए प्रोत्साहित करना जरूरी है। लेकिन बजट में ऐसी नीति की कमी दिखती है जो घरेलू और विदेशी पूंजी को आकर्षित कर सके। अनेक राज्य गंभीर वित्तीय दबाव का सामना कर रहे हैं तथा फंडों के ज्यादा आबंटन की मांग कर रहे हैं। राजकोषीय हस्तांतरण तथा जिम्मेदार वित्तीय प्रबंधन के बीच संतुलन बनाना केन्द्र सरकार के समक्ष एक बड़ी नीतिगत चुनौती बनी हुई है। भू-राजनीतिक तनावों तथा सप्लाई श्रृंखला में वर्तमान बाधाओं को देखते हुए निर्यात-संचालित क्षेत्र लगातार बढ़ते जोखिमों का सामना कर रहे हैं।

ऐसे में घरेलू मांग बढ़ाना तथा व्यापार साझेदारियां सुनिश्चित करना बाहरी अनिश्चितताओं से निपटने के लिए जरूरी है। कुला मिला कर संक्षेप में यह कहा जा सकता है कि केन्द्रीय बजट 2025-26 आर्थिक वृद्धि, राजकोषीय स्थायित्व तथा आर्थिक मजबूती के प्रति प्रतिबद्धता प्रकट करता है। लेकिन इसे कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों को भी संबोधित करना चाहिए जिनमें रोजगार, ग्रामीण परेशानियां तथा सामाजिक क्षेत्र पर खर्च शामिल हैं। इन चुनौतियों से निपटना संतुलित व समावेशी विकास के लिए जरूरी है।

# बजट में ट्रंप की नीतियों की प्रतिध्वनि

> मोदी सरकार के अपने तीसरे कार्यकाल में पहले पूर्ण केंद्रीय बजट की तुलना ट्रम्प की कुछ आर्थिक रणनीतियों से की गई है।

**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



**वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल ही में लगातार आठवीं बार भारत का बजट पेश करके एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस वर्ष के बजट का मुख्य उद्देश्य घरेलू खपत और निवेश को बढ़ावा देते हुए भारतीय मध्यम वर्ग को कर राहत प्रदान करना है। इसके अतिरिक्त, यह उभरते भू-राजनीतिक परिदृश्य, विशेष रूप से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नीतियों को ध्यान में रखता है, जो कार्यालय में वापस आ गए हैं।

मोदी सरकार के अपने तीसरे कार्यकाल में पहले पूर्ण केंद्रीय बजट की तुलना ट्रम्प की कुछ आर्थिक रणनीतियों से की गई है। जबकि भारत और अमेरिका के आर्थिक वातावरण में काफी अंतर है, ट्रम्प की पहली अवधि की नीतियों की प्रतिध्वनियां - विशेष रूप से व्यापार, कराधान और आर्थिक स्थिति में - बजट के कई पहलुओं में स्पष्ट हैं। ट्रम्प ने अपने चुनावी वादों के अनुरूप, चीन, मैक्सिको और कनाडा को लक्षित करते हुए उन देशों पर नए टैरिफ की घोषणा की है जिनके साथ अमेरिका का व्यापार घाटा है इस वर्ष का बजट रणनीतिक दृष्टिकोण अपनाता है, जो भारत को अमेरिकी निर्यात से संबंधित कुछ प्रमुख चिंताओं को संबोधित करता है, साथ ही भारत के घरेलू आर्थिक एजेंडे को मजबूत करता है। इस बजट का सबसे महत्वपूर्ण पहलू घरेलू उद्योगों के लिए कराधान और प्रोत्साहन पर इसका ध्यान केंद्रित करना है।




अमेरिका में ट्रम्प की आर्थिक नीतियों ने कॉर्पोरेट कर में कटौती और अमेरिकी कंपनियों को नौकरियों और विनिर्माण को वापस लाने के लिए प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। इसी तरह, भारत का बजट अधिक प्रतिस्पर्धी घरेलू कारोबारी माहौल बनाने के लिए कॉर्पोरेट कर सुधार और व्यक्तिगत आयकर में कटौती करता है। इसका उद्देश्य विदेशों में नौकरियों को आउटसोर्स करने के बजाय भारत में विनिर्माण के लिए बहुराष्ट्रीय निगमों को आकर्षित करना है। बजट आत्मनिर्भर भारत पहल के माध्यम से आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देकर आर्थिक राष्ट्रवाद को भी रेखांकित करता है। यह ट्रम्प की 'अमेरिका प्रथम' नीति के अनुरूप है, जो आयात पर निर्भरता को कम करने और रोजगार पैदा करने के लिए विशेष रूप से रक्षा, प्रौद्योगिकी और ऊर्जा क्षेत्रों में घरेलू उत्पादन पर जोर देती है। हालांकि, ट्रम्प द्वारा उन विदेशी कंपनियों पर टैरिफ लगाने की धमकी के साथ जो विनिर्माण को अमेरिका में स्थानांतरित नहीं करती हैं, भारत की घरेलू औद्योगिक नीतियों को चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। इसके अतिरिक्त, बजट में चुनिंदा आयातित वस्तुओं पर टैरिफ और शुल्क लगाए गए हैं, जिसका उद्देश्य घरेलू उद्योगों को बाहरी प्रतिस्पर्धा से बचाना है।

यह संरक्षणवादी दृष्टिकोण ट्रम्प की व्यापार रणनीतियों को दर्शाता है और चीन और अमेरिका जैसे आर्थिक महाशक्तियों को टक्कर देने के लिए खुद को वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने की भारत की व्यापक महत्वाकांक्षा को दर्शाता है।

एक और उल्लेखनीय समानता आर्थिक उत्तेजना और रोजगार सृजन के साधन के रूप में बुनियादी ढांचे के निवेश पर ध्यान केंद्रित करना है। ट्रम्प के प्रशासन ने विकास को बढ़ावा देने के लिए बुनियादी ढांचे के खर्च को प्राथमिकता दी और भारत का बजट भी इसी तरह का रास्ता अपनाता है।

विकास को गति देने और रोजगार पैदा करने के उद्देश्य से राजमार्गों, रेलवे और बंदरगाहों को महत्वपूर्ण धनराशि आवंटित की गई है, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में। हालांकि, ट्रम्प के अलगाववादी व्यापार रुख के विपरीत, भारत मजबूत अंतरराष्ट्रीय संबंधों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। बजट एक सावधानीपूर्वक संतुलनकारी कार्य को दर्शाता है - वैश्विक व्यापार और कूटनीतिक संबंधों को बनाए रखते हुए आर्थिक आत्मनिर्भरता का पीछा करना, खासकर अमेरिका के साथ। जबकि भारत का 2025-26 का बजट ट्रम्प की नीतियों की प्रत्यक्ष प्रतिकृति नहीं है, यह आत्मनिर्भरता और आर्थिक संरक्षणवाद की ओर वैश्विक रुझानों को दर्शाता है। आगे की चुनौती वैश्वीकृत अर्थव्यवस्था की जटिलताओं से निपटते हुए इन रणनीतियों का प्रभावी ढंग से लाभ उठाने में निहित है।

## आप की बात

### यूसीसी का विरोध

**यूसीसी** के विरोध में विपक्षी राज्यों द्वारा विरोध में उठ खड़ा होना कई सवाल उठाता है। एक ओर, बीजेपी शासित राज्य अपने राज्यों में यूसीसी कानून लगा रहे हैं, जबकि केंद्र सरकार भी देश भर में यूसीसी लागू करने का प्रयास कर रही है। इस मुद्दे पर विपक्षी राज्यों के विरोध के पीछे कई कारण हो सकते हैं। एक कारण यह हो सकता है कि वे यूसीसी कानून को अपने राज्यों की स्वायत्तता पर हमला मानते हैं। दूसरा कारण यह हो सकता है कि वे यूसीसी कानून को धर्म के आधार पर भेदभावपूर्ण मानते हैं। हालांकि, यह भी सच है कि भारत में धर्म के आधार पर अलग-अलग कानून होने से एक धर्म को जिस कानून में छूट है, दूसरे धर्म को उस कानून में कड़ी सजा का प्रावधान है। यह भेदभावपूर्ण है और इसे यूसीसी द्वारा ही व्यवस्थित किया जा सकता है।अमित शाह ने समान नागरिक संहिता से लेकर अपना स्पष्ट नजरिया रखा. उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि अनुच्छेद 44 के तहत, हमारा संविधान समान नागरिक संहिता की बात करता है. यह देश में वास्तविकता नहीं बन पाई क्योंकि भारत के पहले प्रधानमंत्री (जवाहरलाल नेहरू) मुस्लिम पर्सनल लॉ ले आए थे. वर्तमान में यूपी, हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान, असम, गोवा, गुजरात, ओडिशा, त्रिपुरा, मणिपुर, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और अरुणांचल प्रदेश में बीजेपी की सरकार है. इनमें से गोवा में पहले से ही यह कानून लागू है।

**- विभुक्ति बुपक्या**, खाचरोद

### शुद्ध वातावरण जरूरी

**वातावरण** में स्वास्थ्य को हानि पहुंचाने वाले अनेक अदृश्य कारण मौजूद हैं जिनकी अनदेखी भारी पड़ती जा रही है। नई नई बिमारियों से मानव स्वास्थ्य दांव पर लगा हुआ है। इस बीच वायु प्रदूषण एक नई चुनौती बन गया है लेकिन राष्ट्रीय विमर्श का विषय नहीं बन पाना चिंता का विषय है। लोग शौकिया तौर पर भले ही धुम्रपान करके मानसिक रूप से अपने आप को आराम देह समझते हैं लेकिन वे खुद के साथ ही अपने आसपास और समाज में रहने वाले लोगों की जान के कितने बड़े दुश्मन है उनकी समझ से बाहर है। हालिया शोध का निष्कर्ष है कि वायु प्रदूषण के चलते धूम्रपान न करने वालों में भी फेफड़ों के कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं। लैंसेट की रिपोर्ट 2022 में 25 लाख लोगो के इस बीमारी से ग्रस्त होने का दावा करती है तो स्टेट ऑफ ग्लोबल एयर 2024 की रिपोर्ट भारत में 21 लाख मौतें वायु प्रदूषण से होना बताती है। आज ग्रैप मानकों के बावजूद प्रदूषण बढ़ता जाना चिंता जनक है। आज समाज के हर आदमी की जरूरत स्वच्छ वायु है। ऐसे में सार्वजनिक जगहों पर सरेआम धुंए के छल्ले उड़ाते आम लोगों के स्वास्थ्य के दुश्मन ऐसे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई जरूरी है। आज धुम्रपान के खिलाफ सामाजिक परिवर्तन, सख्त निगरानी और ठोस नीतियों की आवश्यकता है, जिससे नागरिकों का स्वास्थ्य सुरक्षित रहे।

**- अमृतलाल मारू**, इंदौर

### प्रयासों की भी हो सराहना

**कोई** फर्क नहीं सब कुछ जीत लेने में और अंत तक हिम्मत न हारने में कवि कुंवर नारायण की यह पंक्तियां वाकई हर छात्र , हर परीक्षार्थी, हर प्रतियोगी और प्रयासरत व्यक्ति को जीवन में एक आशा की किरण के रूप में स्मरण रखनी चाहिए । बोर्ड परीक्षाएं जल्द ही प्रारम्भ होने वाली हैं हर छात्र को इस बात को ध्यान रखना चाहिए कि जीवन में परिणाम से ज्यादा पूरी लगन और मेहनत से किये गए हमारे प्रयास मायने रखते हैं। हर परीक्षा, चाहे वह जीवन की कोई भी हो, महज एक पड़ाव है, और सफलता का असली मापदंड हमारी मेहनत, लगन और सही दिशा में किए गए प्रयासों से होता है। इन दिनों बतौर अभिभावक प्रत्येक माता-पिता का कर्तव्य भी थोड़ा और बढ़ जाता है परीक्षा के समय अपने बच्चे और उसके प्रयासों की हौसलाफजाई बच्चे को असफलता के भय से लडने में मदद करती है । माता-पिता की भूमिका इस समय बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है , बच्चों को यह अहसास दिलाना कि वे अकेले नहीं हैं, उनके माता-पिता हर कदम पर उनके साथ हैं, यह उनके मानसिक दबाव को कम करने में मदद करता है। परिणाम चांहे जो भी हों प्रयासों को भी सराहना मिलनी चाहिए क्योंकि असफलता के समय कंधे पर रखा गया हाथ सफलता की तालियों से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाता है। तनाव , दबाव , सामाजिक भय और भविष्य की चिंता आदि का बोझ लगभग हर छात्र पर होता है।

**- नितिन रावत**, फिरोजाबाद

### गुजरात में भी यूसीसी

**उत्तराखण्ड** के बाद अब गुजरात भी समान नागरिक संहिता की राह पर चल निकला है, ऐसा समाचार है, यूपी भी सम्भवत: शीघ्र ही इस विषय पर अग्रसर हो किन्तु हरियाणा के भाजपा नेतृत्व की ओर से ऐसे किसी चिन्तन का संकेत नहीं दिखाई दे रहा जबकि नूंह मेवात क्षेत्र में जैसा जिहादी आतंक है, गुरुग्राम तक में सड़क और सार्वजनिक स्थलों पर नमाज की जैसी हठ है उसका प्रतिदान हिन्दू राष्ट्रवादी सरकार ने यह दिया है कि मस्जिदों के मुल्लाओं को मासिक वेतन दे उनकी संतुष्टि कर रही, लव जिहाद जैसी घटनाओं के होने पर भी इसके विरुद्ध कानून बनाने की पहल नहीं और न ही समान नागरिक संहिता पर कोई विमर्श। राज्य में इस्लाम, ईसाइयत का प्रसार दिनोदिन बढ़ रहा है, विश्व हिन्दू परिषद - बजरंग दल जैसे संगठन अपने मूल उद्देश्यों के प्रति उदासीन हैं । गौरक्षकों के कुछ समूह सक्रिय रूप से गो तस्करी को रोकने का भरसक प्रयास करते हैं किन्तु भाजपा सरकार से सहयोग व समर्थन नहीं मिलने से गौरक्षकों का हतोत्साहित होना स्वाभाविक ही है। भाजपा हरियाणा से अपेक्षा है कि वो अपने मूल विमर्श पर केन्द्रित योजनाओं को प्राथमिकता दे।

**- जय प्रकाश गुप्ता**, अंबाला कैंट

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# विधायक ललित चंद्राकर ने किया उतई में सघन जनसंपर्क



## भाजपा के नपं अध्यक्ष व पार्षद प्रत्याशी को जिताने की अपील की

पायनियर संवाददाता ➤ उतई
www.dailypioneer.com

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के नगर पंचायत उतई में विधायक ललित चंद्राकर ने डोर टू डोर जनसम्पर्क कर भाजपा के अध्यक्ष प्रत्याशी सरस्वती साहू व पार्षद प्रत्याशियों के लिए जन आशीर्वाद मांगा। इस दौरान उन्होंने घर घर जाकर पाम्पलेट वितरण किया। जनसम्पर्क के दौरान जगह जगह प्रत्याशियों का आरती पुष्पहार से स्वागत अभिनंदन किया गया। वार्ड 01 से होकर नगर के विभिन्न चौक चौराहों से होता हुआ वार्ड 15 पर समाप्त किया गया। सभा मे चंद्राकर ने कहा कि नगरीय निकायों में कई पीढ़ियों से नजूल भूमि में मकान बनाकर रह रहे लोगों को उनके जमीन का मालिक बनाना है, इसके लिए नया कानून लाएंगे। शहरी क्षेत्रों में आने वाले समय में तीन लाख से अधिक पीएम आवास बनाएंगे। नगरीय क्षेत्र में रहने वाले, जो बिजली बिल, संपत्ति कर समय में पटाते हैं, उनको भी पीएम आवास का लाभ दिलाएंगे। 15 हजार मासिक आमदनी वाले, 5 एकड़ सिंचित और ढाई एकड़ असिंचित जमीन एवं दोपहिया वाहन वालों को पीएम आवास दिलाएंगे। महिलाओं के नाम से संपत्ति कर में 25 प्रतिशत की छूट दी जाएगी और जो 7 तारीख से पहले पटाते हैं उन्हें दस प्रतिशत की और छूट मिलेगी। नगरीय निकायों में आने वाले प्रत्येक बाजारों में माता-बहनों के सम्मान के लिए पिंक टॉयलेट बनाएंगे। अटल विश्वास पत्र के इन सभी वादों को हमारी सरकार पूरा करेगी। आगे चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही हमने मात्र 13 महीने में इतने काम किये हैं, जिससे 3 करोड़ छत्तीसगढ़ियों का विश्वास हमारी भाजपा की सरकार पर बढ़ा है। मोदी की गारंटी के सभी वादे पूरे किये हैं। 18 लाख परिवारों के लिए पीएम आवास की स्वीकृति, किसानों के धान की कीमत 3100 रूपये प्रति क्विंटल, प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी, किसानों को दो वर्ष का बकाया बोनस, 70 लाख माता-बहनों महतारी वंदन योजना का लाभ, तेंदूपत्ता का दाम 5500 रुपया प्रति मानक बोरा, ये सब उनकी सरकार ने किया है। उन्होंने श्रीरामलला दर्शन योजना से अब तक 20 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के अयोध्या और काशी विश्वनाथ के दर्शन लाभ और पंडित दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना से प्रदेश के 5.62 लाख भूमिहीन कृषि मजदूरों को प्रतिवर्ष दस हजार देंगे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला मंत्री रोहित साहू, चुनाव प्रभारी मनोज सोनी, शैलेंद्र शेंडे, रिसाली मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू, चुनाव सह संचालक चेतन साहू, उतई मंडल अध्यक्ष शीतला ठाकुर, पार्षद विधि यादव, पार्षद मनीष यादव, रमा साहू, नेता प्रतिपक्ष शैलेंद्र कुमार साहू, चंदू देवांगन ,रूपेश पारख, पूर्व उतई मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा, धनश्याम चंद्राकर, टाकेश्वर साहू, संतोष कुशवाहा,, विनोद हेड़ाऊ शशिकांत वर्मा, टुकेंद्र ठाकुर,रिसाली मंडल महामंत्री दशरथ साहू जी, नेता प्रति पक्ष शैलेन्द्र साहू जी, पूनम सपहा, नरेन्द्र निर्मलकर, केशव महिपाल,शशिकांत वर्मा, विनोद हेड़ाऊ, टिकेश्वरी साहू, नरेन्द्र साहू, तुलु राम साहू, भूखन पटेल, ओपी चंद्राकर, ममता चंद्राकर, चेतन साहू, हुबलाल चंद्राकार, दीपक चंद्राकर, सुनीता वर्मा, रूपेश पारख, प्रवीण यदु, ममता चंद्राकर, विमला कामड़े, रंजना चंद्राकर, शीतला रात्रे, हिमांशु साहू, सुनीता चंद्राकर, राधा धीवर, एकता चंद्राकर, चेतन लाल साहू, चन्द कुमार साहू, दीपक बृजमोहन चंद्राकर, दानेश्वरी देशमुख, शीतल रात्रे, वैभव देवांगन, रूखमणि साहू,किरण साहू, राकेश त्रिपाठी ललित सिंह , सुषमा सिंह, वेदप्रकाश सर्वा, धर्मेंद्र यादव, प्रवीण यदु, पुनाराम कलिहारी, गांधी बाग, फलेंद्र सिंह राजपूत, योगेश धनकर, आशीष भगत, योगेश महिपाल, केशव महिलपाल,टीकम साहू,सुनील साहू, बालमुकुंद साहू आदि मौजूद थे।

# पहले मतदान फिर जलपान : प्रज्ञा निर्वाणी

## कोदवा में महिलाओं को दिलाया प्रज्ञा निर्वाणी ने मतदान का संकल्प



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पहले मतदान फ़िर जलपान कोदवा सनकपाट में ग्रामीण महिलाओं के बीच पहुँच कर लोकतंत्र के मज़बूती के लिए मतदान को आवश्यक बताते हुए मतदान के महत्त्व को समझाया और संकल्प दिलाया कि अपने मत का प्रयोग अपने क्षेत्र के विकास के लिए ज़रूर करेंगे पूर्व ज़िला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा कि लोकतंत्र में आधि आबादी की हिस्सेदारी सरकार ने नियत की है तो महिलाओं की पूरी ज़िम्मेदारी बनती है कि अपने मत का प्रयोग करें और लोकतंत्र को मज़बूत बनाने में सही प्रत्याशी के चयन में अपनी भूमिका निभाये,महिलाओं ने विश्वास दिलाया कि प्रज्ञा दीदी के आह्वान पर मतदान सबसे प्रथम करेंगे उसके बाद ही रसोई में जाकर जलपान बनायेंगी और ग्रहण करेंगी पूर्व जिला पंचायत सदस्य ग्रामीण महिलाओं के बीच पहुँचकर उन्हें अपना वोट ज़रूर देने के लिए प्रेरित कर रही है ताकि वोटिंग के दौरान ग्रामीण महिलाओं के कम प्रतिशत को बढ़ाया जा सके,इस दौरान उन्होंने प्रथम बार मत का प्रयोग कर रही युवतियों से भी चर्चा कर अपने मत का प्रयोग का आधार जाती पाती न देखकर बिना किसी लोभ या लालच के योग्य और काबिल प्रत्याशी को परख कर मतदान करने की समझाइश दी ।

# परिक्षेत्रीय साहू समाज ने मनाया वार्षिक पारिवारिक मिलन समारोह

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



परिक्षेत्रीय साहू समाज टाउनशिप ए और बी का वार्षिक पारिवारिक मिलन समारोह बड़े हर्ष एवं उल्लास के साथ ओपन एयर थियेटर में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवराज साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ विशेष अतिथि रेखु राम साहू उपाध्यक्ष तह. साहू संघ द्रोपती साहू , गोविंद साहू थे । कार्यक्रम का संचालन घनाराम साहू ने किया। पीयूष साहू अध्यक्ष टाउनशिप बी के द्वारा स्वागत भाषण दिया गया एवं अजीत साहू अध्यक्ष टाउनशिप ए के द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में मां कर्मा की आरती के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया द्य तत्पश्चात बच्चों, महिलाओ और पुरुषों का विभिन्न खेल कूद-प्रतियोगिता संपन्न हुआ । द्वितीय सत्र अतिथियों के आगमन के साथ प्रारंभ हुआ। बच्चों एवं महिलाओं ने गीत नृत्य एवं कविता के माध्यम से दर्शको उपस्थित अतिथियों /सामाजिक बंधुऔ का भरपूर मनोरंजन किया। प्रतिभा सम्मान में राज्य स्तरीय बाक्सिंग में अदिति साहू को गोल्ड मैडल , काव्या साहू को ब्रांज मेडल जीतने पर श्रृंखला साहू, को खेल , दीक्षा साहू को एमबीबीएस में सेलेक्शन में एवं ईश्वरी साहू और संत राम साहू को नेहरू अवॉर्ड मिलने पर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवराज साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ ने अपने संबोधन में कहा कि 25 मार्च और 26 मार्च को पापमोचनी एकादशी के दिन होने वाली दो दिवसीय आयोजन में पूरा परिवार सम्मिलित हो द्य इस आयोजन में में हमारे समाज की आराध्य देवी भक्त शिरोमणि मां कर्मा की जयंती मनाई जाएगी साथ ही आदर्श विवाह एवं प्रतिभा सम्मान समारोह होगा द्य अपने आसपास में विवाह योग्य युवक एवं युवती जिनकी सगाई हो तो उनके नाम भी निःशुल्क आदर्श विवाह में दें ताकि उन्हें सम्मिलित कर सके । समाज में नौजवान युवतियों को समाज के नियम और समाज में कैसे व्यवहार रखना है इसकी जानकारी दें । परिवार में उन्हें एक होकर रहने का संस्कार दें द्य परिवार की एकता से समाज बनता है समाज की एकता से गांव और शहर , शहर और गांव की एकता से मजबूत राष्ट्र का निर्माण होता है । हमें हमेशा एक दूसरे का सहयोग और सामंजस्य बनाकर रखना होगा । तभी गांव शहर और राष्ट्र का विकास होगा। उपाध्यक्ष रेखु राम साहू ने समाज के नियम में हुए बदलाव के संबंध में जानकारी दी हमारे समाज ने सबसे बेहतरीन बदलाव किए हैं जिसमें दो प्रमुख रूप से महिलाओं को सम्मान देने के रूप में हुई है । पति की मृत्यु पर माता और बहनों को चूड़ियां घर में ही उतारने और बेटे एवं बेटियों की शादी में उन्हें प्रमुख रूप से बच्चों को आशीर्वाद देने मोर सौपने की प्राथमिकता दिया गया है।

# राजनीतिक स्वार्थ साधने वाले कांग्रेस के लोगों से बेमेतरा को बचाएं : विजय

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा नगर पालिका अध्यक्ष के लिए भाजपा प्रत्याशी विजय सिन्हा ने अपने जनसंपर्क आशीर्वाद के लिए वार्ड नंबर 7,10,18,19 में आशीर्वाद जनसमपर्क जारी रख घर घर जाकर अपनी जीत भाजपा का विजय का आशीर्वाद मांगा।जनसंपर्क के साथ विजय सिन्हा ने कहा नगर विकास में स्वच्छता को ध्यान देकर नगर की समस्या सुलझाने मैं कोई कोर कसर नहीं छोड़ूंगा । इसके लिए आप लोग का पूरा साथ और समर्थन और मतदान का आशीर्वाद चाहिए ।आप अपना कीमती वोट भाजपा को देकर बेमेतरा को विकास की मुख्यधारा से जोड़ आदर्श नगर पालिका स्वरूप में लाने अपना सहयोग प्रदान करें। पालिका अध्यक्ष और सभी वार्डों में भाजपा पार्षद को अधिक से अधिक जिताने का आशीर्वाद दे,किसी की बातों में आकर झूठे वादे बताकर आपको ठगने वालों से दूर रहें। मीडिया प्रभारी दीपक पांडे द्वारा जारी विज्ञप्ति में आगे कहा कि आपका ध्यान भटकाने कांग्रेस के लोग घूम रहे है आपके पास आ रहे है लेकिन आपको इनकी बातों में नहीं आना है ।आपने इनको पिछला पांच साल दे चुके है अब इनका खेल खत्म हो गया है। कांग्रेस पार्टी अब बिना नाथ के हों गई है आगे है न पीछे आप इनको अपने नगर में टिकने ना दें। ।भाजपा आपको इनसे बचाने आपसे वोट मांग रहा है।आप लोग ऐसे लोगों को नजर अंदाज करिए जो देश विरोधी बात करते है हिन्दुओं की अवहेलना करते हैं। बेमेतरा को पांच सालों तक ठगने से बचाने पिछड़ने से रोकने आपको आगे आना है और कमल के बटन दबाना है।नगर में सुशासन लाना है तो भाजपा को जिताना है। उन्होंने आगे कहा नगर पालिका नागरिकों का एक जनसुविधा और सेवा केंद्र है।इसलिए आप भाजपा को सेवा का अवसर प्रदान करें।भारतीय जनता पार्टी को चुनेंगे तो अपना लाभ हित चुनेंगे भाजपा आज देश की एक मात्र पार्टी है जो देश काल और परिस्थितियों को ध्यान रखकर जन सुविधाओं पर कार्य कर रही है। भाजपा देश प्रेम की भावना बढ़ाने में सफल हो रही है। प्रचार में वार्ड 7 के प्रत्याशी सजनी यादव संतोष वर्मा आकिब मलकानी सिमरन ताम्रकार अशोक शर्मा के साथ शहर मंडल अध्यक्ष मोंटी साहू संदीप यादव नंदू गुप्ता घनश्याम ताम्रकार निशा चौबे मनोज मिश्रा बसंत राजपूत वैभव तिवारी नरेश साहू गोलू कोसले चुनाव संचालक हर्षवर्धन तिवारी राजेश शर्मा राकेश मोहन शर्मा राजीव तंबोली सावित्री रजक प्रमिला साहू धर्मेंद्र साहू नंदू राठी अमरीका निर्मलकर योगी साहू सहित भाजपा कार्यकर्ताओं का सहयोग रहा।

# शत चंडी यज्ञ व रामकथा के आयोजन से भक्तिमय हुआ धनोरा गांव

पायनियर संवाददाता ➤ उतई
www.dailypioneer.com





बाबा दरबार पावन धाम एवं समस्त ग्रामवासी धनोरा दुर्ग के विशेष सहयोग से महावीर उद्यान में शत चंडी यज्ञ हनुमंत कथा व राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। श्री राधा कृष्ण मंदिर समिति के विशेष सहयोग से हर साल माघी पुन्नी मेला के पावन अवसर पर लगभग 67 वर्ष से श्रीमद्भागवत कथा निरंतर चल रहा है। लेकिन दो वर्ष से बाबा दरबार पावन धाम की ओर से इस ग्राम में यज्ञ एवं श्री राम कथा का आयोजन होते आरहा है।आगे बताया दरबार के लक्ष्मण बाबा ने कहा कि माघी पुन्नी के दिन यहां पर मेला मंडाई एवं श्री राधा कृष्ण मंदिर समिति द्वारा विशाल भंडारा का आयोजन किया जाता है। जो सुबह 9 बजे से रात्रि 10 बजे तक निरंतर चलता रहता है। जिसमें हजारों भक्त प्रसाद ग्रहण करते हैं एवं हर घर दुर दुर से सगा पहुना मेला कथा सुनने के लिए आते हैं। मेला के रात्रि में आने वाले के लिए भक्तों के मनोरंजन के लिए छतिसगढि के मशहूर नाच व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष बनारस से पधारे विद्वान पंडितों के द्वारा शत चंडी यज्ञ किया जा रहा है। आगे बताया कि इस महा यज्ञ स्थल मे परिक्रमा करने से सारे संकट दूर होते हैं एवं सभी मनोकामनाएं पूरी होते हैं हर रोज़ कम से कम सुबह शाम 51 परिक्रमा करना चाहिए कोई भी दान को धर्म मे लगाना चाहिए ताकि हमे भी उनका पुन्य प्राप्त हो इस गुप्त नवरात्रि मे मां भगवती की विशेष कृपा से यहां पर शत् चंडी यज्ञ एवं श्री हनुमंत कथा श्री राम कथा का गंगा बह रहे है जिसमें हजारों भक्तों ने हर रोज डुबकी लगा कर अपने जीवन कृतार्थ कर रहे हैं दरबार के भक्तों द्वारा चित्र कुट धाम से पहुंचे अनंत विभूषित हनुमंत द्वार पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी धीरेंद्र चार्य महाराज जी का सभी भक्तों ने हार फुल से विशेष स्वागत किया गया दोपहर 1 बजे से जगतगुरु धीरेन्द्र जी महाराज ने अपने मुखारविंद से श्री राम कथा का महत्व बताया जिसे सुनकर, सभी भक्तों ने भाव विभोर होकर झुमने लगे यह कथा 8 फ़रवरी से 12 फ़रवरी तक श्री राम कथा एवं श्री शत् चंडी यज्ञ निरंतर चल रहे हैं सभी भक्तों से आग्रह है कि इस पुनीत कथा एवं यज्ञ में आकर अपने जीवन को धन्य बनाए मुख्य रुप से पुरे तन मन धन से सेवा दे रहे हैं श्री विनोद साहू जी झब्बू साहू सुखी राम साहू गुलाब साहू जीवराखन ठेकेदार मनसुखा साहू मनोज पटेल बबलू साहू वासुदेव स्प्रे भोलू खिलेशवर चीन्टू साहू ग्रामिन पटेल चैतु राम पटेल हेमंत साहू सुखऊ राम साहू ललित मुनना गंधर्व बाबू लाल ठेकेदार शिवचरण साहू ओमकार साहू दिनेश साहू योगेश साहू कल्याण देवांगन मारियल साहू राजू यादव श्रीमती बबीता साहू ललिता यादव देवकी अंजू देवांगन बुध कुंवर दुर्गा साहू देवश्री साहू सुनीता साहू प्रभा साहू पार्बती मंडलिन रुक्मणी साहू कु पुजा पुर ई न बाई साहू कु सुरुचि छोटी कु बेदू कु नेहा कु डिम्पल साहू कु विननी साहू आदि लोग मौजूद रहे यह जानकारी दरबार प्रति निधी चन्द्र कांत कोसरे एवं कुंज लाल साहू जी ने दी।

# नगरी निकाय चुनाव को लेकर भाजपा-कांग्रेस घमासान तेज

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



नगरी निकाय चुनाव को लेकर घमासान तेज हो चला है कांग्रेस और भाजपा दोनों ही अब लगातार जोर आजमाइश लग रहे हैं इसी क्रम में जिला भाजपा के सचिव राजेश दसोड ने कहा कि देश में मोदी की गारंटी तथा प्रदेश में विष्णु देव साय के सुशासन वाली सरकार के कामों को आम जनता, देख समझ रही है दसोड ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछले 10 - 15 सालों से दल्ली नगर का विकास कम हुआ है जबकि कुर्सी में बैठे लोगों ने अपना विकास ज्यादा कर लिया है। इसलिए अब आवश्यक है कि इस बार के नगरी निकाय चुनाव में भाजपा के प्रत्याशियों को भारी बहुमत से विजयी बनाकर अध्यक्ष पद पर काबिज करें उन्होंने कहा है कि नगर का विकास यदि होना है तो वह भाजपा की सरकार कर सकती । राजेश दसोड जो नगरीय निकाय चुनाव के चुनाव संचालक है वह कार्यकर्ताओं को एकजुट रहकर काम करने की सलाह दी उन्होंने कहा कि बार-बार जाकर केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की जनकाल कल्याणकारी योजनाओं को आम जनता के सामने रखें तथा यह भी विश्वास दिलाए कि दल्ली राजहरा में भाजपा की सरकार बनी तो इस नगर का चहंमुखी विकास होगा तथा रुके हुए काम पूरे होंगे तथा नए कामों को गति दी जाएगी। दसोड ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लोगों की सेवा करने वाली पार्टी है बीजेपी राष्ट्रवादी पार्टी है केंद्र में भाजपा की सरकार तथा राज्य में भी भाजपा की सरकार ने गांव से लेकर शहर तक का विकास कार्य किया परंतु या दुर्भाग्य की दल्ली राजहरा नगरी क्षेत्र में भाजपा का अध्यक्ष नहीं होने से इस शहर का अपेक्षित विकास नहीं हो पाया है इसलिए आज अवसर है कि नगर की जनता अपना बहुमूल्य वोट देकर इस बार नगर पालिका में भाजपा का अध्यक्ष बैठाएं है जिससे कि किसी काम में अवरोध पैदा नहीं होगा तथा जन कल्याणकारी योजनाएं एवं विकास के काम तेज गति से चलेंगे यह मान लीजिए की ट्रिपल इंजन की सरकार अपने कार्यकाल में, नगर के विकास के लिए पूरी ताकत लगा देगी।

# प्रेरणा विद्यालय को सीबीएसई मान्यता प्राप्त, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की ओर एक नया कदम

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कठिया स्थित प्रेरणा विद्यालय ने शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए सीबीएसई मान्यता प्राप्त कर ली है। सत्र 2025-26 से विद्यालय में सीबीएसई पाठ्यक्रम के तहत नए दाखिले प्रारंभ हो रहे हैं, जिससे विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। संस्था के मृदु पोगुला, डायरेक्टर, रीभा चौधरी, प्रिंसिपल, परमेश्वरी कश्यप, वाइस प्रिंसिपल श्रिया पस्तागिया, अंकित पोगुला, शिक्षाविद् एवं डॉक्यूमेंट्री फिल्म मेकर एंड डायरेक्टर, मानव तीर्थ ने इस संबंध में जानकारी देते हुए पत्रकारों को बताया कि विद्यालय की शिक्षा प्रणाली में पहले से मौजूद मूल्य-आधारित शिक्षा, स्व-अनुशासन और व्यक्तित्व विकास को अब सीबीएसई के मानकों के साथ और अधिक मजबूत किया जाएगा। इससे विद्यार्थियों को न केवल प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में लाभ मिलेगा, बल्कि उनके समग्र विकास पर भी जोर दिया जाएगा। विद्यालय में कक्षा 6 से सेल्फ स्टडी की विशेष पहल की गई है, जिससे विद्यार्थी अनुशासन और आत्मनिर्भरता विकसित कर सकें। इसके साथ ही, करियर मार्गदर्शन के लिए विशेष सत्रों का आयोजन किया जाता है, जहाँ प्रतिष्ठित अतिथि अपने अनुभव साझा करते हैं। विद्यालय हुडुञ्ज और रायपुर एम्स जैसे संस्थानों का शैक्षणिक भ्रमण भी करवाता है, ताकि विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा और करियर विकल्पों की व्यावहारिक जानकारी मिल सके। विद्यालय में गौरव छात्रवृत्ति मेधावी विद्यार्थियों, उड़ान छात्रवृत्ति जरूरतमंद ग्रामीण छात्रों, और डॉ. टी. एन. कौल स्कॉलरशिप उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को आर्थिक सहायता प्रदान करती है, जिससे वे निःशुल्क या रियायती दरों पर शिक्षा प्राप्त कर सकें।सीबीएसई मान्यता के साथ, प्रेरणा विद्यालय अब एक उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, जहाँ विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान के साथङ्कसाथ व्यावहारिक जीवन कौशल, अनुशासन और समाज के प्रति उत्तरदायित्व की शिक्षा भी दी जाएगी।

## प्रेरणा विघालय में शुभकामना दिवस का आयोजन

प्रेरणा विद्यालय में दूसरा शुभकामना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया, जहाँ कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी गईं। यह अवसर विद्यालय के लिए विशेष था, क्योंकि इस वर्ष दूसरा बैच कक्षा 12वीं आगे बढ़ रहा है।छोटे बच्चों ने अपने दीदीजी, भैया जी के लिए शुभकामना कार्ड बनाए, और कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों ने संगीत और नृत्य के माध्यम से अपनी भावनाएँ व्यक्त की कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. राकेश गुप्ता (ई.एन.टी. सर्जन, पूर्व अध्यक्ष इंडियन मेडिकल एसोसिएशन) ने विद्यार्थियों को आगे की यात्रा के लिए मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा, माता-पिता के बाद शिक्षक ही बच्चों के जीवन को संवारते हैं। उन्होंने हर परिस्थिति को चुनौती मानकर स्वीकारने की सलाह दी और डॉक्टरी को एक सम्माननीय पेशा बताया। उन्होंने शिक्षा के विस्तार में योगदान देने वाली संस्थाओं को सम्मान देने की बात कही और कहा कि हर बच्चे में अपार संभावनाएँ होती हैं, जिन्हें परिस्थिति नहीं रोक सकती। विद्यालय में शिक्षक-छात्र संबंधों की प्रशंसा करते हुए उन्होंने फेयरवेल को 'शुभकामना दिवस' के रूप में मनाने की परंपरा को सराहा।अंत में, डॉ. गुप्ता ने विद्यालय परिवार को शुभकामनाएँ देते हुए छात्रों को अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया। दिव्य पथ संस्थान, अमरकंटक की अध्यक्षा शारदा (अम्बा) शर्मा ने अपने आशीर्वचनों में विद्यार्थियों को उनके भविष्य के लिए शुभकामना देते हुए स्वअनुशासन को अपनाने की बात कही और उनके अभी तक के विकास को देख कर खुशी जाहिर किए।

# इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की कमिशिनंग कार्य में अनुपस्थित कर्मचारियों पर होगी कार्रवाई



पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 हेतु इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की कमिश्निंग कार्य के संपादन हेतु बी एस पी उच्चतर माध्यमिक क्रमांक 2 दल्ली राजहरा मे 7 फरवरी को प्रातः 8:00 बजे अधिकारी कर्मचारियों को उपस्थित होने निर्देशित किया गया था।नियत समय में कमिश्निंग कार्य में उपस्थित नहीं होने पर अपर कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर नूतन कुमार कंवर ने युगल किशोर साहू उप अभियंता प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना डौंडी एवं योगानंद सोम उप अभियंता नगर पालिका दल्ली राजहरा को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 एवं निर्वाचन एक्ट के प्रधानों के तहत कार्य में घोर लापरवाही बरतने के कारण इन अधिकारी कर्मचारी के विरुद्ध नियमानुसार निलंबन की कार्यवाही हेतु कलेक्टर बालोद को नाम प्रस्तावित किया गया । ईवीएम मशीन कमिश्निंग कार्य में सहायक रिटर्निंग ऑफिसर दीपक चंद्राकर, भूपेंद्र वारडेकर एवं जिला के मास्टर ट्रेनर विजय कुमार देवांगन ही उपस्थित रहे ।



## सुंदरता ही नहीं चैतन्यता भी बढ़ाता है सिंदूर

महिलाएं मांग में जिस स्थान पर सिंदूर लगाती है वह स्थान समाधि योग का प्रथम स्थान ब्रह्मरन्ध्र के ठीक ऊपर का भाग होता है। स्त्री के शरीर में यह भाग पुरुष की अपेक्षा विशेष कोमल होता है, अतः उसकी संरक्षा के लिए शास्त्रकारों ने सिंदूर का विधान किया है। सिंदूर में पारा जैसी अलभ्य धातु बहुत मात्रा में होती है। जिससे यह स्त्री के मस्तिष्क को हमेशा चैतन्य अवस्था में रखता है और बाहरी दुष्प्रभाव से बचाता है। सिंदूर महिलाओं के श्रृंगार के साथ ही उनकी सौंदर्य में भी वृद्धि करता है।

## फायदेमंद है केले का सेवन

केला स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभदायक है। रोज एक केला खाना तन-मन को तंदुरुस्त रखता है। केला शुगर और फाइबर का बेहतरीन स्रोत होता है। केले में थाइमिन, नियासिन और फॉलिक एसिड के रूप में विटामिन ए और बी पर्याप्त मात्रा में मौजूद होता है। साथ ही इसमें पानी की मात्रा 64.3 प्रतिशत, प्रोटीन 1.3 प्रतिशत, कार्बोहाईड्रेट 24.7 प्रतिशत तथा चिकनाई 8.3 प्रतिशत होती है।

## नींद नहीं आती तो दूध का सेवन करें

जिन लोगों को नींद नहीं आती, उन्हें सोने से पूर्व एक गिलास दूध पीना चाहिए। यह बात वैज्ञानिक रूप से सिद्ध हो चुकी है कि नींद लाने में दूध मुख्य भूमिका निभाता है। दूध जब पेट में जाता है तो अतिरिक्त एसिड को शरीर में से खत्म कर नींद लाने में सक्षम होता है। दूध में एमीनो-एसिड लेबपटोफान होता है जो नींद लाने में सहायक है। नींद के लिए गोलियों का प्रयोग हानिकारक है।



# कोलस्ट्रोल दूर भगाए ये देसी नुस्खा



इस दौड़ भरी जिंदगी लोगों के पास अपने लिए समय नहीं है। व्यस्त जीवनशैली में न ही लोग सही समय पर खा रहे हैं न सोते हैं जो आखिकार बिमारियों को बुलावा देता है और आजकल जिस बीमारी ने लोगों को घेरा है वो है कोलस्ट्रोल। कोलस्ट्रोल बढ़ने के कारण हार्टअटैक भी होता है।

आपके घर में ऐसे बहुत से लोगो होंगे जिनका वजन व कोलस्ट्रोल बढ़ा हुआ हे। इस बीमारी से निजात पाने के लिए लोग महंगे से महंगा इलाज करवाने से परहेज नहीं करते,हालांकि दवाईयों से कुछ समय तक फर्क तो प?ता ही है लेकिन अगर इसी की जगह पर नानी के नुस्खे अपनाया जाए तो ये फयदेमन्द साबित हो सकता है।


### जानिए कोलस्ट्रोल का आयुर्वेदिक इलाज

**अदरक** - यह खून को पतला करता है। यह दर्द को प्राकृतिक तरीके से 90न्न तक कम करता हैं।

**लहसुन** - इसमें मौजूद एलिसन तत्व कोलस्ट्रोल व बी पी को कम करता है। वह हार्ट ब्लॉकेज को खोलता है।

**नींबू** - इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन सी व पोटैशियम खून को साफ़ करते हैं। ये रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाते हैं।

**एप्पल साइडर सिरका** - इसमें 90 प्रकार के तत्व हैं जो शरीर की सारी नसों को खोलते है, पेट साफ़ करते हैं व थकान को मिटाते हैं।



### इन देशी दवाओं को इस तरह उपयोग में लें

एक कप नींबू का रस लें,एक कप अदरक का रस लें,एक कप लहसुन का रस लें,एक कप एप्पल का सिरका लें,चारों को मिला कर धीमीं आंच पर गरम करें जब 3 कप रह जाए तो उसे ठण्डा कर लें। अब इस मिश्रण में 3 कप शह्रद मिला लें। इस दवा के रोज 3 चम्मच सुबह खाली पेट लें जिससे सारी ब्लॉकेज खत्म हो जाएंगी क्यूंकि अगर पेट साफ होगा तो अब सभी बीमारियों से मुक्त।

# कहीं आपको तो नहीं 20 की उम्र में 40 की बीमारियां



**आज की युवा पीढ़ी हाइपर टेंशन, मानसिक तनाव, एसिडिटी आदि कई समस्याओं से परेशान है। पहले ये समस्याएं 40 साल की उम्र के बाद होती थीं लेकिन अब खराब जीवनशैली के कारण ये समस्याएं 20 वर्ष के युवाओं में भी नजर आने लगी है।**

### गलत खानपान का असर

आज के युवा स्वाद के चक्कर में पोषक तत्वों से भरपूर खानपान की बजाय कुछ भी उल्टा-सीधा जैसे चिप्स, नूडल्स, मोमोज आदि खाना पसंद करते हैं जो फैट बढ़ाने के साथ-साथ आंतों पर भी भारी पड़ते हैं। इससे पाचनक्रिया गड़बड़ाती है और एसिडिटी, अपच व कब्ज जैसी दिक्कतें होती हैं। अधिक वसायुक्त भोजन से हृदय रोगों का खतरा बढ़ता है। अब भारत में 30 साल से कम उम्र के युवाओं में दिल के दौरों का खतरा तेजी से बढ़ने लगा है। डाइट में संतुलित आहार लें। मौसमी फल जरूर खाएं।

### एक्टिविटी की कमी


युवा पीढ़ी शारीरिक एक्टिविटी कम करती है और उनका दिमाग हर समय कुछ न कुछ सोचता रहता है। ऐसे में मनोवैज्ञानिक तनाव होता है। इसका असर पढ़ाई और कॅरियर पर भी पड़ता है। व्यायाम न करने से मोटापा, ब्लड प्रेशर, तनाव और डायबिटीज जैसी लाइफस्टाइल से जुड़ी

समस्याएं भी युवाओं में आम हैं। रोजाना आधे से एक घंटे तक व्यायाम करें। 10 से 15 मिनट का ध्यान तनाव दूर करेगा।

### अपर्याप्त नींद से घटती एनर्जी

अनुसंधान बताते हैं कि नींद में गड़बड़ी के कई कारण हैं, पर युवाओं में नींद से जुड़ी समस्याओं का सबसे बड़ा कारण रात में सोशल मीडिया का जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल करना है। कई युवा रात को सोते समय घंटों अपने फोन में लगे रहते हैं। वाट्सएप या फेसबुक से नींद बाधित होती है। इससे दिमाग स्थिर नहीं रहता और गहरी नींद नहीं आ पाती। नींद पूरी न होने से धीरे-धीरे एनर्जी लेवल गिरता जाता है और चिड़चिड़ापन आता है। आगे चलकर स्थिति तनाव में बदल जाती है। रात को जल्दी सोने व सुबह जल्दी उठने की आदत डालें।

### संतुलन बनाएं



युवा पीढ़ी पर नौकरी के दौरान आज काफी दबाव है जिससे उनके व्यक्तित्व में चिड़चिड़ापन व आक्रामकता आ जाती है। जीवन में असंतुलन की वजह से वे जल्द ही हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज से ग्रसित हो जाते हैं।

उन्हें चाहिए कि परिस्थितियों के लिए खुद को पहले से तैयार रखें और किसी भी बात को दिल पर न लें। निजी बातों को दोस्त, साथी या परिवार के किसी सदस्य के साथ जरूर बांटें और बेवजह का तनाव न पालें। इसके अलावा धूम्रपान, शराब व तंबाकू से बचें।

### जल्दी हो रहे बूढ़े

नेशनल एकेडमी ऑफ साइंस में छपे शोध के अनुसार आजकल कुछ युवा अपनी उम्र से तिगुनी गति से बूढ़े हो रहे हैं जिसकी वजह खराब जीवनशैली के कारण उनमें तेजी से बढ़ रहे किडनी, लिवर व हृदय संबंधी रोग हैं। इन रोगों में कोलेस्ट्रॉल की अधिक मात्रा, दांतों से जुड़ी समस्या, रक्तवाहिनियों का सिकुड़ना और रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी भी शामिल है।

### सही प्लानिंग

उम्र के 20वें पड़ाव पर पहुंचते ही युवाओं को जीवन की सही तरह से प्लानिंग शुरू कर देनी चाहिए। जीवन की प्लानिंग करते समय सेहत के पहलू पर भी पूरी तरह ध्यान दें।

इस दौर में युवा माता-पिता का दामन छोड़कर दुनिया का सामना करने के लिए तैयार होते हैं। ऐसे दौर में शरीर में पूरी ऊर्जा होना आवश्यक है।युवाओं को शुरुआत में सब कुछ अच्छा और आकर्षक लगता है लेकिन कई बार बाद में पता लगता है कि वे गलत राह पर हैं।

इसलिए कोई भी बड़ा फैसला लेने के पहले दस बार सोच लेना चाहिए। जीवन की असलियत को समझकर अपने लक्ष्य बनाने चाहिए। तनाव की बजाय सकारात्मक और खुश रहना चाहिए। जरूर से ज्यादा आराम, और जरूरत से ज्यादा काम से भी बचें। लेकिन यदि इन सबके बावजूद आपको रोग सताएं तो डॉक्टरी सलाह भी लें।

# एसिडिटी दूर करने के घरेलू और पक्के उपचार



एसिडिटी की परेशानी से बहुत सारे लोग परेशान रहते हैं। यह इस हद तक व्यक्ति को परेशान करती है कि कही जाना, उठना- बैठना उनके लिए मुश्किल हो जाता है। इसके लिए लोग खाली पेट तरह-तरह की दवाइयां खाते हैं लेकिन आप को बता दें कि ऐसी बहुत सारी घरेलू चीजें हैं जिसकी मदद से एसिडिटीसे राहत मिल सकती है।

### चलिए आज हम आपको कुछ ऐसे ही घरेलू नुस्खे बताते हैं

1. आप मुनक्का के सेवन से भी एसिडिटी से निजात पा सकते हैं। इसके लिए आप को मुनक्का को दूध में उबालकर दूध फिर ठंडा कर इसे ले सकते हैं।
2. एसिडिटी की समस्या तब भी होती है, जब आप भोजन के बीच में अधिक समय का गैप हो जाता है। इसलिए थोड़ी-थोड़ी देर पर कुछ ना कुछ खाते रहें।
3. सलाद में मूली का प्रयोग करें और मूली पर काला नमक तथा कालीमिर्च छिड़ककर खाएं। इससे एसिडिटी में काफी आराम होगा।
4. एसिडिटी की समस्या होने पर एक गिलास ठंडा दूध पी लें, इससे तुरंत ही आराम होगा।
5. गाजर का जूस भी एसिडिटी में काफी फायदेमंद होता है। इसके लगातार इस्तेमाल से एसिडिटी को जड़ से भी खत्म किया जा सकता है।
6. 3-4 किशमिश और एक टुकड़ा गुड को एक साथ खाने से एसिडिटी में बहुत जल्दी आराम हो जाता है।
7. रोज सुबह खाली पेट 2-3 तुलसी की पती खाने से भी एसिडिटी में लाभ होता है।
8. केला ,खीरा और नारियल पानी भी एसिडिटी में बहुत ही फायदेमंद साबित होते है।
9. एसिडिटी होने पर कच्ची सौफ को चबाकर खाने से भी एसिडिटी में आराम मिलता है।
10. एसिडिटी की समस्या होने पर 1-2 लौंग को मुंह में रखकर चूसने से भी एसिडिटी में तुरंत ही रहत मिलती है।

# सौंफ के सेहत के लिए ये हैं आश्चर्यजनक फायदे!

खाने के बाद अक्सर सौंफ खाई जाती है। ये सौंफ के दाने अपने में कितने गुण समेटे हुए हैं इसे कम ही लोग जानते होंगे...सौंफ आपकी याददाश्त बढ़ाती है, निगाह तेज करती है, खांसी भगाती है और कोलेस्ट्रॉल स्तर को नियंत्रण में रखती है। सौंफ में कैल्शियम, सोडियम, आयरन, पोटैशियम जैसे तत्व पाए जाते हैं...



गर्म तासीर वाली सौंफ पेट के अनेक रोगों में फायदेमंद मानी जाती है। आंखों की बीमारियों को दूर करने में सौंफ एक अच्छी औषधि है। जिन्हें रतौंधी की शिकायत है उन्हें सौंफ रोजाना खानी चाहिए। सौंफ(150 ग्राम), मिश्री (300 ग्राम) और बादाम (150ग्राम) को मिक्स करके पाउडर बना लें। इससे आंखों की रोशनी तेज होकर शारीरिक कमजोरी दूर होती है। खांसी, उल्टी, पेटदर्द, कफ आदि के लिए सौंफ खाएं। दो कप पानी में उबली हुई एक चम्मच सौंफ को दो या तीन बार लेने से अपच और कफ की समस्या समाप्त होती है। पेट में दर्द हो तो भुनी हुई सौंफ चबाकर खाएं, दर्द ठीक हो जाएगा। जो लोग कब्ज से परेशान हैं, उनको आधा ग्राम गुलकन्द और सौंफ मिलाकर दूध के साथ रात में सोते समय लेना चाहिए। कब्ज दूर हो जाएगा।

आधा गिलास पानी में सौंफ का चूर्ण मिलाकर दिन में दो-तीन दिन बार पीने से पेशाब की जलन दूर होती है। सौंफ को अंजीर के साथ खाएं और खांसी व ब्रोन्काइटिस को दूर भगाएं। मासिक चक्र को नियमित बनाने के लिए सौंफ को गुड़ के साथ खाएं।

इसे खाने से लीवर ठीक रहता है। यदि आपको खट्टी डकारें आ रही हों तो थोड़ी सी सौंफ पानी में उबालकर मिश्री डालकर पी लें। आराम मिल जाएगा। रोजाना सुबह-शाम खाली सौंफ खाने से खून साफ होता है जो कि त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद होता है, इससे त्वचा में चमक आती है।

# आवंले में हैं कई गुण

आंवला प्राकृति का दिया हुआ ऐसा तोहफा है जिससे हमारे शरीर में पनप रही कई सारी बीमारियों का नाश हो सकता है।यदि आपको अच्छी सेहत चाहिए तो आंवला बड़ी काम की चीज है।आंवला में आयरन और विटामिन सी भरा पड़ा होता है।

### आइए जानतें है इसके गुण।

- यदि आंवला के रस को रोज शह्रद के साथ लिया जाए तो अस्थमा और ब्रोंकाइटिस की बीमारी में लाभ मिल सकता है।
- आवंले के रस को शह्रद के साथ पीने से खून साफ होता है।
- यदि पीरियड्स के समय ज्यादा ब्लीडिंग होती है तो आमला रस को रोजाना तीन बार केले के साथ लेने से फायदेमंद साबित होता है।
- रोज सुबह आंवला का रस शह्रद के साथ पीने से चेहरा चमकदार बनता है और झाइंया दूर होती हैं।
- आंवला दिल की मासपेशियों को मजबूत बनाता है और हृदय रोग से दूर रखता है।
- पाइल?स के समय होने वाले कब्ज से आमला का रस राहत दिलाता है।
- रोजाना एक आंवला खाने से आंखों की रौशनी बढ़ाती है।
- आंवला आपके चेहरे पर पैदा होने वाले एक्ने और मुंहासो से निजात दिलाता है।
- मधुमेह रोगियों के लिए आंवला वर्दान है। आमला का जूस शह्रद और हल्दी पाउडर के साथ पीने से मधुमेह कंट्रोल होता है।



# दवाओं के दुष्प्रभाव से निपटने के आसान तरीके

दवाएं कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं के उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह हानिकारक बैक्टीरिया के खिलाफ मुकाबला करने, दर्द से राहत देने और जान बचाने में मदद करती है। दवाएं ऐसे रोगों का भी इलाज करती है जिनका अन्य किसी तरीके से इलाज नहीं हो पाता।

लेकिन अफसोस, दवाओं के उपयोग में एक खामी भी है। दवाएं मानव शरीर के साथ एक नाजुक संतुलन में काम करती हैं, लेकिन इस संतुलन के बिगड़ने पर यह कई प्रकार के साइड इफेक्ट का कारण बन सकती है।

### किसे होते हैं साइड इफेक्ट

किसी को भी दवा से साइड इफेक्ट हो सकते हैं, लेकिन कोई भी एक विशेष दवा आपके लिए साइड इफेक्ट का कारण नहीं हो सकता। यह दवा की खुराक, उम्र, लिंग, वजन और आपके द्वारा ली जाने वाली अन्य दवाओं पर निर्भर करता है। बुजुर्गों में में जवां लोगों की तुलना में साइड इफेक्ट अधिक होने की संभावना होती है। मामूली साइड इफेक्ट होने पर आप यहां दिये उपायों को अपना सकते हैं।

### दिन के समय उनींदापन

कुछ दवाओं के कारण दिन में उनींदापन की समस्या भी हो सकती है, लेकिन शरीर द्वारा दवा के आदि होने पर समस्या आमतौर पर अपने आप ही दूर हो जाती है। अगर समस्या काफी दिनों तक ऐसी ही बनी रहती है तो डॉक्टर से पूछ कर दवा रात के समय लें। साथ ही यह भी सलाह दी जाती है कि उनींदापन महसूस होने पर भारी उपकरण न उठाये और ड्राइविंग करने से भी बचें।

**साइड इफेक्ट:** लगभग सभी प्रकार की दवाओं के साइड इफेक्ट होते है, लेकिन कुछ लोगों को साइड इफेक्ट का पता नही लगता वह इन साइड इफेक्ट के साथ आसानी से डील कर लेते हैं। यहां ऐसी कुछ महत्वपूर्ण बातों की जानकारी दी गई है जो आपको पता होनी चाहिए।



### कब्ज

कई निर्धारित और काउंटर दवा से कब्ज की समस्या हो सकती है। नियमित रूप से पेनकिलर दवाओं को लेने पर होने वाला यह सबसे आम दुष्प्रभावों में से एक है।

हालांकि, आप ब्रान और होल वीट ग्रेन और हाई फाइबर सब्जियां और फल जैसे बींस, सेब और ब्रोकली के सेवन से इसका इलाज कर सकते हैं। इसके साथ ही तरल पदार्थों को खूब सेवन करें और नियमित रूप से एक्सरसाइज करें।

### डायरिया

लगभग सभी दवाओं के साइड इफेक्ट के रूप में डायरिया की समस्या देखने को मिलती है। हालांकि कीमोथेरेपी के लिए इस्तेमाल होने वाली कुछ दवाएं जैसे एंटीबॉयोटिक, एंटी-डिप्रेसेंट और एंटासिड डायरिया का कारण बनती है। अगर आपको दवा से डायरिया की समस्या होती है तो अपने आहार में हल्के, फाइबर युक्त जैसे की चावल और दही को शमिल करें। और बेहतर महसूस होने तक मसालेदार और फैट से भरपूर खाद्य पदार्थों से बचें।

### सिरदर्द

कई निर्धारित और गैर निर्धारित दवाएं भी सिरदर्द का कारण हो सकती है। हालांकि शरीर को दवा की आदत हो जाने पर सिरदर्द अपने आप दूर हो जाता है। लेकिन अगर समस्या लंबे समय तक बनी रहती हैं तो बिना देर किये अपने डॉक्टर से संपर्क करें। आमतौर पर दवा के लाभ मामूली



साइड इफेक्ट से अधिक महत्वपूर्ण होते हैं। क्योंकि अधिकांश दवाओं के साइड इफेक्ट अक्सर एक समय के बाद अपने आप दूर हो जाते हैं। लेकिन अगर साइड इफेक्ट लंबे समय तक रहते हैं तो आपको खुद से दवाओं को बंद नहीं करना चाहिए, बल्कि अपने डॉक्टर से इस विषय पर राय लेनी चाहिए। और अगर दवा लेने के बाद पित्ती, चेहरे, होठों और जीभ पर सूजन या सांस लेने में परेशानी महसूस हो तो तुरंत अपने डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।



# जानलेवा बीमारी है ब्लड पॉयजनिंग




ब्लड पायजनिंग के बारे में सुनने पर आपके जहन में ब्लड में जहर आने की कल्पना घूमने लगती होगी। लेकिन वास्तविकता में इसका जहर के साथ कुछ लेना देना नहीं होता है। यह एक खतरनाक अवस्था है और तत्काल उपचार इससे बचने की कुंजी, इसलिए इसे पूरी तरह से समझना बहुत महत्वपूर्ण है। ब्लड पायजनिंग बैक्टीरिया के कारण होने वाला संक्रमण है जो एक घातक स्थिति है। बहुत सारे मरीज इस अवस्था के निदान में विफल रहते हैं और बहुत लंबे समय तक इसे नजरअंदाज करने के कारण यह समस्या जानलेवा भी हो सकती है। इसलिए इस समस्या के बारे में पता होना जरूरी है ताकी आप बीमारी के बारे में अपने डॉक्टर को सही समय पर सचेत कर सकें।

**जानलेवा संक्रमण है ब्लड पॉयजनिंग:** ब्लड पॉयजनिंग को सामान्यतः सेप्टिसीमिया या सेप्सिस के रूप में भी जाना जाता है, और यह जानलेवा सक्रमण खून में बैक्टीरिया की उपस्थिति के कारण होता है। बैक्टीरिया के खून में प्रवेश करने पर यह शरीर के किसी भी भाग में संक्रमण पैदा कर ब्लड पॉयजनिंग का कारण बन सकता हैं। इस संक्रमण में व्यक्ति के रक्त में श्वेत रक्त कणिकाओं की संख्या बहुत अधिक हो जाती है।

**ब्लड पायजनिंग का निदान:** ब्लड पायजनिंग का आत्म निदान मुश्किल होता है। अगर आपको सेप्सिस है तो इसको निर्धारित करने का सबसे अच्छा तरीका तुरंत चिकित्सक से परामर्श लेना होता है।

## रेसिपी



### मसाला पुरी

**सामग्री**

1 कप गेहूं का आटा
1/4 टी-स्पून हल्दी पाउडर
1/4 टी-स्पून हींग
1/2 टी-स्पून लाल मिर्च पाउडर
1 टेबल-स्पून तेल
नमक स्वादअनुसार
तेल , तलने के लिए
**परोसने के लिए, ताज़ा दही**

**विधि**

सभी सामग्री को एक बाउल में मिलाकर, ज़रुरत हो उतनी मात्रा में पानी का प्रयोग कर सख्त आटा गूथ लें। 15 से 20 के लिए एक तरफ रख दें। आटे को 10 भाग में बांटकर, प्रत्येक भाग को 75 मिमी व्यास के गोल आकार में बेल लें। एक कढ़ाई में तेल गरम करें और एक या दो पुरी डालकर, उच्च तापमान पर उनके दोनो तरफ सुनहरा होने तक तल लें। ताज़े दही के साथ गरमा गरम परोसें।



### मूँगफली कढ़ी

**सामग्री**

1 कप ताज़ा दही, 1 टेबल-स्पून राजगीरा आटा, 1 टी-स्पून घी, 1 टेबल-स्पून अदरक-हरी मिर्च का पेस्ट, 2 टेबल-स्पून भूना मूंगफली पाउडर, सेंधा नमक , स्वादअनुसार, 1/2 टी-स्पून टी-स्पून शक्कर, सजाने के लिये, 1 टी-स्पून बारीक कटा धनिया

**परोसने के लिये**

मिन्टी सान्वा , कुट्टु की खिचड़ी

**विधि**

दहीं, राजगीरा आटा और 2 कप पानी को 1 बाउल में डालकर अच्छि तरह से फेंटे। एक तरफ रख दें। एक गहरे नॉन-स्टिक पॅन में घी गरम करें और जीरा डालें। जब वे चटकने लगे, अदरक-हरी मिर्च का पेस्ट डालकर 30 सेकन्ड तक मध्यम आंच पर भूनें। मूँगफली पाउडर डालकर 30 सेकन्ड तक मध्यम आँच पर भूनें। दही-राजगीरा आटा का मिश्रण, सेंधा नमक और शक्कर डालकर अच्छि तरह से मिलायें और धिमी आँच पर लगातार हिलाते हुए, 4 से 5 मिनट तक पकायें। धनिया से सजाकर मिन्टी सान्वा/कुट्टु की खिचड़ी के साथ गरमा गरम परोसें।

# दिल्ली चुनाव की तरह नगरीय निकाय चुनाव में भी कांग्रेस का स्कोर जीरो होगा : भावना बोहरा

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी को मिली करारी हार का असर नगरीय निकाय चुनावों में भी देखने को मिल रहा है। आज पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने नगरीय निकाय चुनाव के दौरान अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भारत के दिल, दिल्ली में कमल खिला है। यह दिल्ली की जनता और माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की नीतियों के प्रति जनविश्वास की जीत है। कांग्रेस पार्टी जिस प्रकार दिल्ली विधानसभा चुनाव में अपना खाता भी नहीं खोल पाई है उसी प्रकार नगरीय निकाय चुनाव में भी कांग्रेस का स्कोर जीरो रहेगा। क्योंकि जनता ने यहां कांग्रेस के 5 वर्ष की अस्थिर सरकार को नकारने का मन बना लिया है। कांग्रेस के समय जिस प्रकार हमारे गाँव और शहरों के विकास को रोकने का काम किया गया, केवल भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी का खेल किया पंडरिया, पांडातराई और इंदौरी की जनता भी कांग्रेस को नकारने और 11 फरवरी को अपने मताधिकारी का प्रयोग कर 15 फरवरी को भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार बनाएगी। विदित हो कि शनिवारको विधायक भावना बोहरा ने पंडरिया नगर पालिका अंतर्गत वार्ड क्रमांक 11,12 एवं 14 में नगर पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी मंजुला देवी कुर्रे और वार्ड प्रत्याशियों के साथ जनसंपर्क कर भाजपा के पक्ष में प्रचार किया। इसके साथ ही पांडातराई में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी सरिता रामकुमार सोनी के रोड-शो में भी शामिल हुई। इस दौरान भावना बोहरा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के पास न विकास करने की नियत है और न ही नेतृत्व! दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को एक भी सीट न मिलना और आम आदमी पार्टी के प्रमुख नेताओं और खुद मुख्यमंत्री रहे अरविन्द केजरीवाल की हार से जनता ने स्पष्ट कर दिया है कि केवल घोषणाएं नहीं उन्हें विकास चाहिए, जनता को अपना हक चाहिए और इसलिए उन्होंने भारतीय जनता पार्टी को दिल्ली का नेतृत्व करने का अवसर दिया। यह जीत प्रधानमंत्री मोदी जी, राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय जे.पी. नड्डा जी के कुशल नेतृत्व एवं भाजपा सरकार की विकासवादी नीतियों से हुआ है। विगत 1 वर्षों में भाजपा के सुशासन में पंडरिया को 10 करोड़ और पांडातराई को 12 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों की सौगात मिली है, जबकि कांग्रेस पार्टी की अस्थिर नगर सरकार ने पांच वर्षों में एक भी विकास कार्य नहीं किये, योजनाओं और विकास के नाम पर केवल भ्रष्टाचार करने का काम कांग्रेस ने किया है जिसके प्रति जनता में आक्रोश स्पष्ट दिखाई दे रहा है। जनता भी इस चुनाव में कांग्रेस को सबक सिखाने और नगरीय निकाय चुनाव में शून्य के स्कोर पर बाहर का रास्ता दिखाने और भाजपा के सुशासन को स्थापित करने के लिए संकल्पबद्ध है। 11 फरवरी को होने वाले नगरीय निकाय चुनाव में जनता समृद्ध पंडरिया के संकल्प के साथ भाजपा प्रत्याशियों को अपना वोट देकर 15 फ़रवरी को ट्रिपल इंजन सरकार बनाएगी।

# आशीष सुमन ने किया विभिन्न वार्डों में डोर टू डोर किया जनसंपर्क

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा नगर पालिका में हो रहे नगरीय निकाय चुनाव का कार्यवाहक जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के साथ कांग्रेस अधिकृत अध्यक्ष प्रत्याशी सुमन गोस्वामी ने विभिन्न वार्डों में डोर टू डोर जनसंपर्क किया जिससे नगरवासियों से मिल रहा भारी जन समर्थन नगर के निवासियों ने सुमन गोस्वामी व सभी कांग्रेसी अधिकृत पार्षद प्रत्याशी को अपना समर्थन देने की बात कही साथ ही पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के कार्यकाल बेमेतरा नगर में हुए प्रत्येक वार्ड के कोने कोने में विभिन्न विकास कार्यों के बारे में विस्तार से बताया गया साथ ही साथ शहर में विभिन्न चौक चौराहा का निर्माण और आत्मानंद विद्यालय की स्थापना किया जिससे हर वर्ग के बच्चों को समान शिक्षा के बारे में बताया गया कि कांग्रेस की सरकार में यह सभी विकास कार्य हुए तथा भाजपा की सरकार आने के बाद से नगर के वार्डों में पेयजल, बिजली, नाली साफसफाई ना होने के कारण लोग एक वर्ष में ही भाजपा शासन से त्रस्त हो चुके हैं नगर विकास पिछले एक वर्षो से बहुत पीछे हो चुका है जब से भाजपा का शासन आया इसने नगरी निकायों से आय के समस्त साधन छीन लिया है और बेमेतरा में जिस तरह की चर्चा है भाजपा द्वारा नगर विकास के नाम पर जनता को किस तरह लूटा जा रहा है हमें एक-एक घरों में जाना होगा लोगों की समस्याओं को सुनना समझना होगा और उन्हें कांग्रेस की रीति नीति से अवगत कराना होगा इस अवसर पर अवनीश राघव प्रणीश चौबे गुलजार अली गौरव छाबड़ा सहित उपस्थित कांग्रेस अधिकृत पार्षद प्रत्याशी, वरिष्ठ कांग्रेसी, युवा कांग्रेस एवं ब्लॉक संगठन कांग्रेस कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश



पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

जिले के नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए ईवीएम मशीनों की कन्या कॉलेज में कमीशनिंग के बाद राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम मशीनों को पीजी कॉलेज कवर्धा स्थित स्ट्रांग रूम में सील किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया और अधिकारियों को सभी कार्यों को समयबद्ध और सही तरीके से सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में हर एक कदम को पारदर्शिता के साथ पूरा किया जाएगा ताकि जनता को कोई भी शिकायत न हो। इस अवसर पर सहायक रिटर्निंग अधिकारी और कवर्धा एसडीएम आकांक्षा नायक, उपजिला निर्वाचन अधिकारी गीता रायस्त, सीएमओ रोहित साहू सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने कहा कि नगरीय निकाय चुनाव पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ होंगे। उन्होंने कहा कि ईवीएम मशीनों की सुरक्षा और चुनावी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी से बचने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे स्ट्रांग रूम और ईवीएम मशीनों की सुरक्षा सुनिश्चित करें और किसी भी स्थिति में चुनावी प्रक्रिया में कोई भी रुकावट न आने पाए।

# परिणाम के दूसरे दिन चंद्रप्रकाश आपको आपके वार्ड में सेवा करते दिखेंगे : उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com





नगर पालिका चुनाव को लेकर प्रचार प्रसार का दौर अब अंतिम चरण की ओर है इसी कड़ी में सत्ता दल भारतीय जनता पार्टी ने पूरी ताकत के साथ मैदान में है । इसी कड़ी में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कवर्धा के अलग अलग आधा दर्जन से अधिक वार्डो में सभा व रैली कर चुनावी माहौल को भाजपा मय कर दिया है । उप मुख्यमंत्री एवं स्थानीय विधायक विजय शर्मा ने वार्ड ने कैलाश नगर,समना पुर मार्ग,राम मंदिर ,सकरहा घाट,देवांगन पारा व पाली पारा में सभा कर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में जनादेश के लिए अपील की और भाजपा के पक्ष में धुँवाधार प्रचार किया । अनेक सभाओं में उपस्थित जन सामुदाय को संबोधित करते हुए शर्मा ने कहा आपने बड़े सूझबूझ के साथ अपना देश का भविष्य मोदी जी को और राज्य में विष्णु देव साय को सौपा है । विगत सरकार के 5 वर्षो में छत्तीसगढ़ में कवर्धा में जो भय का माहौल था वो आपके आशीर्वाद से खत्म हुआ । अब नगर पालिका में भारतीय जनता पार्टी का अध्यक्ष बनाना है । राज्य सरकार ने विधानसभा चुनाव में किये अपने सारे वादे पूरे करने में कोई कसर नही छोड़ा है । महतारी वंदन का पैसा माताओं के खाते में हर माह समय से आ रहा है । गरीबो का आवास अधिक संख्या में स्वीकृत हो रहे है । किसानों का वादा पूरा हो रहा है । और बिना भय के स्वस्थ वातावरण का निर्माण हो रहा है । इतना ही नही करोड़ो रूपये का विकास भी शहर में हो रहा है इन एक वर्षो में 75 करोड़ के विकास कार्य स्वीकृत हुए है । उन्होंने कहा इस विकास की गति को स्थायी व अविरल बनाने के लिए नगर पालिका में भाजपा के अध्यक्ष भाजपा नीत पालिका सरकार होना जरूरी है । इसलिए राज्य सरकार के साथ ताल मेल बनना नगर पालिका का जरूरी है । उन्होंने कहा भाजपा ने चंद्रप्रकाश को अध्यक्ष प्रत्याशी बनाया है हमारा अध्यक्ष प्रत्याशी सेवा करने वाला काम।करने वाला और कवर्धा को लेकर विजन रखने वाला ईमानदारी मेहनती है । मैं आपको अपनी ग्यारंटी के साथ कह सकता हूँ चंद्र प्रकाश पालिका में शपथ लेने के बाद दूसरे दिन से ही वार्डो ने नाली की सफ़ई कराते आपकी चिन्ता करते हुए दिखाई देंगे । नगर पालिका में मजबूत सरकार हो इसके लिए सभी वार्डो में भाजपा के पार्षद व अध्यक्ष प्रत्याशी भारी मतों से विजयी हो इन्हें आप सबका आशीर्वाद और समर्थन मीले । उन्होंने कहा जिनको पट्टे की दिक्कत है उन्हें आवासीय पट्टा व जिन गरीबो के आवास नही है उनके आवस की चिंता विष्णुदेव सरकार कर रही है । बस आप नाली,पानी,बिजली, राषन जैसे मूलभूत चीजों की चिंता सही से हो इसके लिए नगर पालिका में भाजपा के प्रत्याशियो को जीताकर पालिका भेजिए । कार्यक्रम में कवर्धा भाजपा निकाय चुनाव प्रभारी लोकेश कावड़िया, रेखा पाण्डे, नितेश अग्रवाल, राजेन्द्र सलूजा, सतविंदर पाहुजा,मंजीत बैरागी, मनोज गुप्ता, बिहारी धुर्वे, पवन जायसवाल, नीलिमा गुप्ता, दीपक सिन्हा, भरत साहू,राजा टाटिया, श्रीकान्त उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में वार्ड वासी नगर वासी एवं भाजपा के कार्यकर्ता,प्रत्याशी गण मौजूद रहे ।

# डौंडीलोहारा के 1 जनपद, 3 सरपंच सहित 815 वार्ड पंच हुए निर्विरोध

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम जिले में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के तहत कई ग्राम पंचायतों में निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया जारी है, जिसमें कई स्थानों पर प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा में इस बार 3 ग्राम पंचायत और एक जनपद क्षेत्र में मतदाताओं की आपसी सहमति और सामूहिक निर्णय का प्रभाव दिखा, जिससे जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा क्षेत्र में 1 जनपद सदस्य और 3 सरपंच निर्विरोध चुने गए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने कहा कि पंचायत निर्वाचन प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संचालित की जा रही है। निर्विरोध निर्वाचन से यह स्पष्ट होता है कि कई क्षेत्रों में मतदाता सहमति और आपसी सामंजस्य के आधार पर जनप्रतिनिधियों का चयन कर रहे हैं। उन्होंने निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को शुभकामनाएं दी। जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा क्षेत्र के पँचायत रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि सहसपुर लोहारा विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिंघनपुरी (जं.), सिल्हाटी, जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार, जनपद पंचायत क्षेत्र उड़ियाखुर्द से दुर्गा सिंह निर्विरोध जनपद सदस्य चुनी गई हैं। इसी तरह, ग्राम पंचायत महराटोला में कौशिल्या गंधर्व निर्विरोध सरपंच निर्वाचित हुई हैं। ग्राम पंचायत बामी में जामबाई साहू को सरपंच पद के लिए निर्विरोध चुना गया, जबकि ग्राम पंचायत लाखाटोला में सुंदरलाल मरकाम निर्विरोध सरपंच बने हैं। ग्राम पंचायत बामी में इस बार एक विशेष स्थिति देखने को मिली, जहां सरपंच के साथ-साथ सभी 11 पंच भी निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। यह स्थिति ग्रामीणों के आपसी सामंजस्य और लोकतांत्रिक सहमति की मिसाल पेश करती है। निर्विरोध निर्वाचन की यह प्रवृत्ति क्षेत्र में राजनीतिक और सामाजिक समरसता को दर्शाती है, जहां मतदाता मतदान प्रक्रिया से पहले ही सहमति के आधार पर अपने जनप्रतिनिधियों का चयन कर रहे हैं। जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा में कुल 1273 वार्डों में से 815 वार्डों में पंच प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।

# कलेक्टर ने ईव्हीएम कमीशनिंग कार्य का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने शुक्रवार क़ो पंडित चक्रपाणी शुक्ल स्वामी आत्ममानंद उत्कृष्ट विद्यालय बलौदाबाजार में नगरीय निकाय चुनाव के लिए ईव्हीएम के कमीशनिंग कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कमीशनिंग कार्य आयोग द्वारा जारी प्रोटोकॉल के अनुसार तथा ईसीआईएल के इंज़ीनियरों के तकनीकी मार्गदर्शन में सम्पन्न कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने जिले के 8 नगरीय निकायों के लिए अलग -अलग कक्षो में चल रहे कमीशनिंग कार्य क़ा अवलोकन किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके साथ ही सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने ईव्हीएम क़ी कमीशनिंग पश्चात सम्बंधित नगरीय निकाय में सुरक्षा व्यवस्था के साथ शिफ्ट कराने के निर्देश दिये। नगर पालिका परिषद भाटापारा में 31 वार्डो के लिए मतदान हेतु ईव्हीएम क़ी कमीशनिंग के लिए 10 टेबल लगाए गये थे। इसीप्रकार नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार में 21 वार्डो के लिए 5 टेबल, नगर पालिका परिषद सिमगा, नगर पंचायत लवन,नगर पंचायत पलारी,नगर पंचायत रोहांसी,नगर पंचायत टुंडरा,नगर पंचायत कसडोल के 15-15 वार्डो हेतु 3 -3 टेबल लगाए गये थे। ईव्हीएम कमीशनिंग कार्य के लिए कुल 165 अधिकारी -कर्मचारी क़ी ड्यूटी लगी थी।

# रात में ग्राम पंचायत परसापाली में रेत की अवैध खनन चरम सीमा पर



पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com

कसडोल विधानसभा के तहसील लवन से महज 05 किलोमीटर की दूरी पर महानदी किनारे बसा ग्राम पंचायत परसापाली स्थित है।जहां दूसरे घाट के रेत रायल्टी के नाम पर कोई रेत का अवैध खनन एवं परिवहन करवाकर रोजाना लाखों रुपये की राजश्व चपत लगाते हुए आ रहा है। जेसीबी मशीन से सैकड़ों हाइवा गाड़ी रोजाना ओवर लोडिंग एवं परिवहन से पक्की सड़क की स्थिति हाल बेहाल है।इसके अलावा सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उक्त गॉव में रात के अंधेरे के आड़ में विगत कुछ महीनों से लगातार जारी होने की बात सामने आया है।रेत की अवैध खनन एवं परिवहन की जानकारी मीडिया को शनिवार को मिलने पर शासन प्रशासन के संज्ञान में लाने के लिए खबर प्रकाशन के लिए मीडिया सामने आया।साथ ही जिला प्रशासन को उक्त मामले पर रोक लगाने की मांग किये।कुछ ग्रामीणों का कहना है कि बिना खनिज विभाग के मुखिया के सह के बिना यह अवैध कारोबार फ्ल फूल नहीं सकता है।26 जनवरी को खनिज विभाग के किसी जांबाज अधिकारी ने कार्रवाई कर जेसीबी मशीन एवं 5गाड़ी हाइवा पर शिकंजा कसा था लेकिन राजनीतिक दबाव बनाकर अधिकारी के हाथ से गाड़ी एवं जेसीबी मशीन को छुड़ाने की बात भी सामने आया है।आपको बताते चलें कि बिना रेत घाट स्वीकृति के ग्राम पंचायत परसापाली में रात में बड़े पैमाने पर रेत की चोरी किसके सरंक्षण में चल रहा हैकौन है इस अवैध कारोबार के सरगनाक्या जिला कलेक्टर या जिला खनिज अधिकारी के जानकारी में नहीं होगा यदि है तो फि़र कार्रवाई क्यों नहींये तमाम सवाल है जिसका जवाब जिला प्रशासन को देनी चाहिए।इस मामले पर डिप्टी डायरेक्टर कुंदन बंजारे ने कहा कि कार्रवाई होगा।

# प्रत्याशी तोरण लाल साहू ने की भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



राजहरा मुस्लिम समाज से मुश्ताक अहमद ने बताया कि 7 फरवरी को जुमे की नमाज के बाद भाजपा प्रत्याशी तोरण लाल साहू जामा मस्जिद पहुंचे और वरिष्ठजनों और युवाओं से भेंट कर इस बार नगरपालिका चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की और उनसे आशीर्वाद लिया। मुश्ताक अहमद ने बताया कि इस बार नगरपालिका चुनाव में मुसलमानों का वोट भाजपा के पक्ष में पड़ने वाला है। इसके बहुत से कारण हैं कि कांग्रेस अब मुसलमानों को सिर्फ़ वोट बैंक समझने लगीं है। उनके सारे काम तो भाजपा सरकार कर रही है मोदी जी कर रहे हैं और इसमें किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जा रहा है। आज महतारी वंदन योजना के माध्यम से सभी मुस्लिम महिलाओं के खाते में 1000 रुपए हर माह दिया जा रहा है। शौचालय निर्माण हर घर में किया गया, उज्ज्वला योजना से गैस सिलेंडर प्रदान किया गया इसके विपरित कांग्रेस के नेताओं ने दल्लीराजहरा के मुसलमानों का खुलकर शोषण किया है जिसका ताजा उदाहरण मुस्लिम समाज का सामुदायिक भवन या जमात खाना में नगरपालिका के अध्यक्ष द्वारा किया गया भ्रष्टाचार है।जमात खाना के लिए एक बार 10 लाख रुपए और एक बार 05 लाख रुपए स्वीकृत हुए थे मगर नगरपालिका के अध्यक्ष द्वारा अपने चहेते ठेकेदार के साथ मिलकर इसमें बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया और आज स्थिति यह है कि मुस्लिम जमात- खाना में कांग्रेस के अध्यक्ष द्वारा टायलेट तो बनाया गया मगर सेप्टिक टैंक नहीं बनाया गया,। जमात खाना में टाईल्स नहीं लगाया गया,और स्थिति यह है कि प्लास्टर तो छूने से गिर रहा है ऐसा लगता है कि सीमेंट की जगह सिर्फ रेती से प्लास्टर कर दिया गया है।और तो और उनके द्वारा लगाया गया सिलिंग पंखा छत से प्लास्टर सहित गिर गया जो दरवाजा लगाया गया है वह कभी बंद नहीं होता है पूरी तरह से मुड़ चुका है और इसकी शिकायत लेकर मुस्लिम समाज के अध्यक्ष और सभी कमेटी के सदस्य जब कांग्रेस के नगरपालिका अध्यक्ष के पहुंचे लेकिन यहां स्थिति ऐसी थी कि 'जब सैंया भए कोतवाल तो डर काहे का' ठेकेदार को भी बोला गया मगर कोई सुनवाई नहीं हुई। मुस्लिम समाज के नदीम बडगुजर, ईमरान, मुमताज, फरीद और अन्य सभी कांग्रेस के अध्यक्ष के भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकायत करने का फैसला किया है और तय किया है कि इस नगरपालिका में भाजपा को जिताने में मुस्लिम समाज एकजुट होकर भाजपा प्रत्याशी तोरण लाल साहू के पक्ष में मतदान करेगा और मुस्लिम समाज के जमात खाने में हुई भ्रष्टाचार की जांच करवायेगा साथ ही मुस्लिम समाज के अन्य रुकें हुए कार्यों को भाजपा के अध्यक्ष बनने पर तोरण लाल साहू से पूरा करवाया जायेगा। आज मुस्लिम समाज को दिख रहा है कि 15 साल तक कांग्रेस के अध्यक्ष नगरपालिका में काबिज रहे मगर इनके द्वारा समाज हित में कोई भी कार्य नहीं किया गया और यह स्थिति सिर्फ मुस्लिम समाज की नहीं लगभग सभी समाजों के साथ कांग्रेस के अध्यक्ष ने इसी तरह का व्यवहार किया है सिर्फ और सिर्फ निजी हित और ठेकेदारों के साथ सांठगांठ कर राजहरा शहर को 50 साल पीछे धकेल दिया गया है। इसलिए मुस्लिम समाज के युवाओं ने तय किया है कि इस बार भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष तोरण लाल साहू को अध्यक्ष पद पर जिताना है और समाज के रुकें हुए विकास कार्यों को पूरा करवाना है। मुस्लिम समाज के नदीम बडगुजर, ईमरान, मुमताज, शकील कुरैशी, चांदू, फरीद, ने समाज के लोगों से अपील किया है कि समाज हित और नगर हित में भाजपा प्रत्याशी तोरण लाल साहू को कमल निशान पर बटन दबाकर भारी मतों से जितायें और जो 25 सालों से भारतीय जनता पार्टी का अध्यक्ष नहीं बन पाया उस सूखे को खत्म कर भाजपा का अध्यक्ष बनाए और बदलाव करें और सार्थक करें कि समाज हित में नगर हित में मुस्लिम समाज सार्थक बदलाव करेगा और भाजपा प्रत्याशी तोरण लाल साहू को जिताने में अपना अमूल्य योगदान देगा।

# भाजपा प्रत्याशी रमन अग्रवाल को हराने के लिए स्वार्थी भाजपाई हुए सक्रिय

## बयोबृद्ध भाजपा नेता ने मुख्यमंत्री सहित प्रदेश अध्यक्ष को लिखा पत्र

**पायनियर संवाददाता ◄ रामानुजगंज**
www.dailypioneer.com





नगरीय निकाय चुनाव को लेकर रामानुजगंज नगर पालिका क्षेत्र में अपने ही भाजपा के प्रत्याशी रमन अग्रवाल को हराने के लिए नगर के स्वार्थी भाजपाई एकजूट हो गए हैं और लोगों को ओबीसी आरक्षण के नाम पर निरंतर भड़काने का प्रयास कर रहे हैं यदि भाजपा प्रत्याशी की हार होती है तो यही स्वार्थी एवं अवसरवादी जिम्मेवार होंगे? रामानुजगंज नगर पालिका चुनाव सामान्य सीट होने से ओबीसी वर्ग को लगातार पेट में दर्द हो रहा है और अपने ही प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार यानी कि विष्णु देव कि सुशासन की सरकार का अंदर-अंदर खुला विरोध कर रहे हैं। जब चुनाव के कुछ दिन बचे हुए हैं तो खुलकर लोकल व्हाट्सएप ग्रुप एवं फेसबुक के माध्यम से बंद पड़े नंबरों का इस्तेमाल कर पोस्ट करते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी रमन अग्रवाल का वोट काटने में लगे हुए हैं। इन सब परिस्थितियों को देखते हुए नगर के बायो वृद्ध भारतीय जनता पार्टी के नेता ने इस हरकतों के संबंध में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह को पत्र के माध्यम से अवगत कराते हुए पार्टी से बाहर निकालने का अनुरोध किया गया है।

### राम विचार नेताम ने दी थी कड़ी चेतावनी

3 फरवरी को प्रदेश के कैबिनेट मंत्री एवं रामानुजगंज विधानसभा के विधायक राम विचार नेताम नगर पालिका रामानुजगंज अध्यक्ष प्रत्याशी रमन अग्रवाल एवं कुल 15 वार्डों में चुनाव लड़ रहे पार्षदों को लेकर नगर के भारत माता चौक पर नुक्कड़ सभा के माध्यम से आमसभा को संबोधित करते हुए कहा था कि रमन अग्रवाल को तीसरी बार नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद के लिए पार्टी की ओर से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह व भाजपा के जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल ने विश्वास करके जन भावनाओं के अनुरूप अधिकृत उम्मीदवार बनाया है। उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश के एवं संगठन का निर्देश हम लोगो के लिए सर्वोपरि है इसलिए नगर विकास को हित में रखकर भारतीय जनता पार्टी के सभी वरिष्ठ एवं कनिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं का दायित्व बनता है कि अपने प्रत्याशियों को विजयश्री दिलाते हुए प्रदेश की झोली में यह सौगात संप्रेषित करें। उन्होंने अपने दुर्घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि आप लोग के आशीर्वाद से मैं बाल बाल बच्चा और आज सुरक्षित आपके सामने उपस्थित है इसी तरह से आप लोग का आशीर्वाद बना रहे यही कामना में करता हूं आप लोग के दुख सुख में मैं जिस तरह से सदा सर्वदा सहयोगी के रूप में रहा हूं आगे भी रहूंगा।

# ऑटो एक्सपो में महाबचत का लाभ लेने वीक एंड पर बड़ी संख्या में पहुंचे व्हीकल्स बायर्स







**पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर**
www.dailypioneer.com

राजधानी रायपुर सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहरों से आज वीक एंड पर काफी अधिक संख्या में व्हीकल्स बायर्स पहुंचे साइंस कालेज मैदान, दोपहर से ही इनके आने का सिलसिला शुरु हो गया था। समस्त वाहनों पर 3 हजार से लेकर 12 लाख तक की अधिकत्तम छूट पाने का यह स्वर्णिम अवसर है जो एक्सपो में प्रदान किया जा रहा है। 15 फरवरी आखिरी तारीख हैं। डीलर्स को भी मालूम था कि आज अवकाश हैं इसलिए वे भी पूरी टीम के साथ स्टाल पर डटे हुए थे। 7 फरवरी को 685 वाहनों की बिक्री हुई इस प्रकार लगभग 18 हजार के करीब टोटल वाहनों की बिक्री हो चुकी है। रविवार 9 फरवरी को महिन्द्रा के दो नए ई कार की मेगा लांचिंग होगी,जिसके अतिथि होंगे छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डा.चरणदास महंत,कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी भी इस अवसर पर मौजूद रहेंगे। राडा के उपाध्यक्ष कैलाश खेमानी ने बताया कि ऑटो एक्सपो में हर दिन किसी न किसी कंपनी के न्यू माडल की लांचिंग हो रही है। मतलब छत्तीसगढ़ के लोगों को भी वे सभी नए वाहन उपलब्ध हो जा रहे हैं जो देश के महानगरों में लांच हो चुके हैं। कंपनियों ने भी रायपुर के ऑटो एक्सपो को एक बिग व्हीकल्स इवेंट के रूप में स्वीकार किया है। राज्य सरकार द्वारा जो 50 फीसदी की छूट आजीवन रोड टैक्स पर दी जा रही है उससे वाहनों की बिक्री में इजाफा हुआ है और कंपनियों को अच्छा बिजनेस मिल रहा है। रविवार को महिन्द्रा के जिन दो ईवी कार की लांचिंग होने वाली है उसका छत्तीसगढ़ के लोगों को बेसब्री से इंतजार है। न्यू आइकान साबित होंगे इन दोनों माडलों की लांचिंग। रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसियेशन (राडा) के अध्यक्ष रविन्द्र भसीन, उपाध्यक्ष कैलाश खेमानी, सचिव विवेक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मुकेश सिंघानिया ने बताया कि ऑटो एक्सपो के चौबीस दिन कैसे बीत गए पता ही नहीं चला। सभी डीलर्स एक परिवार की तरह एक्सपो में अपनी भागीदारी निभाते हुए कस्टमर की डिमांड व्हीकल्स खरीदी में पूरी कर रहे हैं। बचे दिनों में भी वे अपनी शानदार सेवाएं देने तैयार हैं।

# शहर को सुव्यवस्थित करना है, भू-माफिया से मुक्ति दिलाना मेरी प्राथमिकता : दीप्ति प्रमोद दुबे

**पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर**
www.dailypioneer.com



कांग्रेस की महापौर प्रत्याशी दीप्ति प्रमोद दुबे ने अपने सघन जनसंपर्क अभियान के दौरान आम जनता को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्य लक्ष्य रायपुर शहर को सुव्यवस्थित करना और भू-माफिया से मुक्त कराना है। उन्होंने कहा, ''मुझे बुनियादी सुविधाओं के साथ नगर निगम के कर्मचारियों, व्यापारियों और गुमटी लगाकर जीविका चलाने वालों की चिंता है।'' जनसंपर्क के दौरान लोग अपनी मांगें और सुझाव रख रहे हैं। महापौर प्रत्याशी दीप्ति प्रमोद दुबे ने कहा कि मतदान की तारीख आने से पहले जनता ने तय कर लिया है उन्हें कांग्रेस का महापौर चुनना हैं। ''शहर को भू-माफियाओं से मुक्त करवाना मेरी प्राथमिकता है।'' मेरे पति प्रमोद दुबे ने शहर के विकास में पूरी निष्ठा और ईमानदारी से योगदान दिया, अब मैं भी शहर के विकास के लिए पूरी मेहनत से काम करूंगी। महापौर प्रत्याशी दीप्ति प्रमोद दुबे ने रायपुर में विभिन्न इलाकों में व्यापक जनसंपर्क किया। यह अभियान सुबह 8 बजे वीर शिवाजी वार्ड से शुरू होकर शाम 5 बजे महामाया मंदिर वार्ड तक चला। इस दौरान वे वीर सावरकर, दानवीर भामाशाह, पं. दीनदयाल उपाध्याय, ठक्कर बापा, ठाकुर प्यारेलाल, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, वामनराव लाखे सहित कुल 16 वार्डों में पहुंचीं। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय पार्षदों के साथ जनता से संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं।

# पीएनबी अंचल कार्यालय रायपुर द्वारा दो दिवसीय आयोजित होम लोन एक्सपो. का भव्य उदघाटन

**पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर**
www.dailypioneer.com



पंजाब नैशनल बैंक द्वारा होटल उत्सव इन, मेक इन इंडिया चौक, तेलीबांधा रायपुर एवं पीएनबी सिविक सेंटर शाखा, मंगल भवन, सेक्टर-6, भिलाई में दो दिवसीय होम लोन एक्सपो 2025 का आयोजन किया गया। इस होम लोन एक्सपो. का विधिवत उदघाटन रमेश बैस, पूर्व राज्यपाल, (महाराष्ट्र, झारखंड, असम) के द्वारा फीता काट कर एवं दीपप्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर रमेश बैस ने पंजाब नैशनल बैंक के इस पहल की सराहना की और कहा की इस एक्सपो. से अवश्य ही रायपुर की जानता लाभान्वित होगी। पंजाब नैशनल बैंक के अंचल प्रबंधक आशीष चतुर्वेदी ने कहा कि हमारे पास सभी श्रेणी के ग्राहकों के लिए होम लोन की सुविधा उपलब्ध है और हम इस होम लोन एक्सपो. के माध्यम से उन्हें होम लोन एवं बैंक के अन्य उत्पादों के विशेषताओं से अवगत कराएंगे ताकि अधिकाधिक ग्राहक इससे लाभान्वित हो सके। इस एक्सपो में प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के बारे में जानकारी देने के लिए सोलर डीलर/ बैंक अधिकारी उपस्थित थे। पीएनबी समस्त गृह स्वामियों को प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत, सुगमतापूर्वक आसान किश्तों में ऋण उपलब्ध करवा रही है। उदघाटन के मौके पर बैंक द्वारा कई ऋण के काउंटर बनाये गए थे और ग्राहकों में उत्साह का माहौल था और सभी स्टाल पे ऋण के लिए काफी भीड़ देखी गई। इस अवसर पर कई ग्राहक भी शामिल हुए। कुछ ग्राहक को तत्काल हाउसिंग ऋण एवं सोलर रूफटॉप योजना के अंतर्गत ऋण की स्वीकृति प्रदान कर आशीष चतुर्वेदी द्वारा पत्र सौंपा गया।

# मदरसा बोर्ड की हाईस्कूल-हा.से. परीक्षा के फार्म 10 मार्च तक जमा होंगे

**पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर**
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड रायपुर द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा 2025 के आवेदन फार्म का वितरण अग्रेषण केन्द्रों से किया जा रहा है। सामान्य शुल्क के साथ फार्म 10 मार्च 2025 तक जमा होंगे। रायपुर जिले के परीक्षार्थी उर्दू गर्ल्स हायर सेकेण्डरी स्कूल, शास्त्री बाजार रायपुर तथा नूरानी उ. मा. वि. राजातालाब रायपुर में फार्म जमा कर सकते हैं। विलंब शुल्क 250 रू. के साथ दिनांक 20 मार्च 2025 तक तथा विलंब शुल्क 500 रू. के साथ 31 मार्च 2025 तक अग्रेषण केन्द्रों में परीक्षा फार्म जमा किये जा सकेंगे।

परीक्षा फार्म वितरण एवं जमा करने हेतु प्रदेश के विभिन्न जिलों में अग्रेषण केन्द्र संचालित हैं। अग्रेषण केन्द्रों के नाम उर्दू गर्ल्स हायर सेकेण्डरी स्कूल, शास्त्री बाजार रायपुर, नूरानी उ. मा. वि. राजातालाब रायपुर, शा. उ. मा. वि. तकियापारा दुर्ग, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय फरीद नगर भिलाई, शा. क. उ. मा. वि., बालोद, शा. बहु. उ. मा. वि. राजनांदगांव स्वामी करपात्री जी शा. उ. मा. वि. कवर्धा शा. कन्या हाईस्कूल, मांझापारा, कांकेर, शा. बहु. उ. मा. वि. पेण्ड्रा, शा. उ. मा. वि. महावीरगंज, शा. आ. रा. उ. मा. वि. बैकुण्ठपुर, शा. आ. बा. उ. मा. वि. सिमगा, डॉ. शो. दे. शा. उ. मा. वि., धमतरी, शा. उ. मा. वि. राजेन्द्र नगर, बिलासपुर, शा. बा. उ. मा. वि. सूरजपुर, तथा शा. कन्या उ. मा. वि. मनेन्द्रगढ़ से परीक्षा में सम्मिलित होने के इच्छुक छात्र-छात्राएँ परीक्षा फार्म जमा कर सकते हैं।

# हर्षित अरबन सिटी प्लॉट मेला का आज आखिरी दिन, शहर के बीचो बीच प्लॉट बुकिंग और खरीदने का सुनहरा मौका, जल्दी करें संडे को बनाए खास दिन

**पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर**
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ और मध्य भारत में रियल एस्टेट के क्षेत्र में अग्रणी ब्रांड सिंघानिया बिल्डकॉन के हर्षित अरबन सिटी प्लॉट मेला में प्लॉट बुक एवं सोल्ड कराने लोग अपने परिवार सहित पहुंच रहे हैं। 07 से 09 फरवरी तक चलने वाले प्लॉट मेला केवल दो दिनों 80 त्न से ज्यादा प्लॉट बुक एवं सोल्ड हो गए हैं। रविवार 09 फरवरी अरबन सिटी प्लॉट मेला का आखिरी दिन है। हर्षित अरबन सिटी राजधानी रायपुर में रियाल्टी सेक्टर में निवेश करने वाले ग्राहकों के लिए पसंदीदा डेस्टिनेशन साबित हुआ है। अरबन सिटी में 15 प्लाट की बुकिंग के बाकी बचे हैं। कल संडे हॉलिडे होने की वजह से आखिरी दिन प्लॉट मेला में यहां निवेश करने वाले ग्राहकों के लिए सिंघानिया बिल्डकॉन की ओर से कई विशेष स्कीम का लाभ दिया जा रहा है। तो देर किस बात की हर्षित अरबन सिटी CLOSING FEST 2025 में आप भी अपने लिए प्लॉट बुक और सोल्ड करा कर उन भाग्यशाली लोगों में शुमार हो सकते हैं जिन्होंने सिंघानिया बिल्डकॉन के हर्षित अरबन सिटी को अपना आशियान बनाने के लिए चुना है।

**डी-मार्ट के पास शानदार लोकेशन पर बसा है हर्षित अरबन सिटी** - रायपुर शहर के बीच रिंग रोड नं.-1, डी-मार्ट के सामने, रायपुरा में पूर्ण विकसित हर्षित अरबन सिटी में 1000-3000 वर्गफुट साइज के प्रीमियम रेशिडेंशियल प्लॉट्स किफायती कीमत पर रेडी हैं। जहां आपको शहरी जीवन का सर्वोत्तम अनुभव के साथ लक्जरी जीवन और आधुनिक सुविधाएं सिंघानिया बिल्डकॉन की ओर से उपलब्ध कराई गई है।

**रियल एस्टेट 32 वर्षो से अधिक का अनुभव** - कंपनी की ओर से कहा गया है कि ..सिंघानिया बिल्डकॉन ग्रुप की पहचान ''जो दिखाते हैं वही बनाते''... के आदर्श वाक्य के साथ अपने ग्राहकों का विश्वास हासिल किया है। सिंघानिया बिल्डकॉन ने अपने ग्राहकों को भरोसा दिलाया है कि सिंघानिया ग्रुप द्वारा राजधानी रायपुर में विश्वस्तरीय सुविधा के कई नए प्रोजेक्ट लॉन्च करने को तैयार है। सिंघानिया बिल्डकॉन ग्रुप के पास 32 वर्षो से अधिक का अनुभव है, और उन्होंने रायपुर और अन्य क्षेत्रों में 25 से अधिक लैंडमार्क प्रोजेक्ट्स पूरे किए हैं, जिससे उन्होंने 20,000+ खुशहाल परिवारों को घर उपलब्ध कराए हैं। उनकी गुणवत्ता, नवाचार और ग्राहक संतुष्टि के प्रति प्रतिबद्धता हर प्रोजेक्ट में झलकती है, जिससे वे रियल एस्टेट क्षेत्र में एक विश्वसनीय नाम बने हुए हैं।

# बजाज आलियांज़ जनरल इंश्योरेंस ने 'HERizon केयर' का अनावरण किया

**पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर**
www.dailypioneer.com

भारत के एक प्रमुख प्राइवेट जनरल इंश्योरर, बजाज आलियांज़ जनरल इंश्योरेंस ने HERizon केयर' की घोषणा की है, यह सोच-समझकर बनाया गया एक समावेशी हेल्थ इंश्योरेंस प्रॉडक्ट है, जो विशेष रूप से महिलाओं की बदलती हेल्थकेयर आवश्यकताओं को पूरा करता है. यह कॉम्प्रिहेंसिव पॉलिसी गंभीर बीमारियों, मातृ और प्रजनन स्वास्थ्य, वेलनेस आदि का ध्यान रखती है, जो महिलाओं को उनके जीवन के सभी चरणों में फाइनेंशियल सुरक्षा प्रदान करती है। HERizon केयर भारत का पहला हेल्थ इंश्योरेंस प्लान है, जो एक ही पॉलिसी में कई विशेष कवर प्रदान करता है, यह महिलाओं की विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुसार संपूर्ण सुरक्षा प्रदान करता है। HERizon केयर दो कॉम्प्रिहेंसिव कवर प्रदान करता है : विशिष्ट हेल्थकेयर आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए वैकल्पिक कवर के साथ वीटा शील्ड और क्रैडल केयर। वीटा शील्ड - क्रिटिकल इलनेस और होलिस्टिक वेलनेस प्रोटेक्शन। वीटा शील्ड के तहत, क्रिटिकल इलनेस कवर 34 गंभीर बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करता है, जिसमें सामान्य और महिला-विशिष्ट दोनों तरह की बीमारियां शामिल हैं। इसके अलावा, पॉलिसीधारकों को अधिक सपोर्ट करने के लिए इस कवर को वैकल्पिक एक्सटेंशन के साथ बढ़ाया जा सकता है, जैसे- बच्चे की शिक्षा, जो गंभीर बीमारी के डायग्नोसिस के मामले में एक या अधिक बच्चों की शिक्षा को सुरक्षित करती है। लॉस ऑफ जॉब, जो बीमारी की वज़ह से रोजगार जाने के कारण आने वाली फाइनेंशियल अस्थिरता को कम करता है। इंसीडेंटल एक्सपेंस कवर रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी, फिज़ियोथेरेपी, घर पर देखभाल, पोस्ट-सर्जिकल इम्प्लांट या रिहैबिलिटेशन काउंसलिंग सहित आवश्यक मेडिकल खर्चों के लिए फाइनेंशियल सहायता प्रदान करता है।

# कोलंबिया कॉलेज ऑफ फार्मेसी में दो दिवसीय क्लिनिकल ट्रायल एवम फार्माकोविजिलेंस का आयोजन

**पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर**
www.dailypioneer.com











विधानसभा स्थित टेकारी गांव में स्थापित कोलंबिया कॉलेज आकु फार्मेसी में दो दिवसीय वर्कशॉप का मीटकान बायोटेक्नोलॉजी एवं फार्मास्यूटिकल सेंटर के संयुक्त तत्वाधान कोलंबिया कैंपस में आयोजित किया गया। वर्कशॉप के मुख्य थीम बिहाइंड ब्रेकथ्रू एक्सप्लोरिंग क्लिनिकल रिसर्च केयर था। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बी. फॉर्म एवं डी. फॉर्म के विद्यार्थियों के लिए आगामी समय में करियर के अवसर एवं बौद्धिक विकास को विकसित करना था। कार्यक्रम में पहला दिवस में मिस्टर धनुष राम तुरकाने 'एसोसिएट प्रोफेसर' श्री शंकराचार्य यूनिवर्सिटी, भिलाई से एवं मिसेज अलीशा बनाफर 'एसोसिएट प्रोफे सर' श्री रावतपुरा सरकारए कुम्हारी, दुर्ग से कार्यक्रम को शुभारंभ किया गया था। विद्यार्थियों को अतिथियों ने क्लिनिकल ट्रायल्स एवं फार्माकोविजिलेंस के बारे में शुरुआत से अंत तक साझा किया गया। इसी दिवस में रायपुर एम्स के प्रसिद्ध एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर टी पुगाजहेंथन ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत किए थे। डॉक्टर सर ने विद्यार्थियों को क्लिनिकल ट्रायल्स एवं फार्मकोविजिलेंस को प्रैक्टिकल तरीके से साझा किया, जिससे इस विषय में विद्यार्थियों को सहज एवं सरल तरीके से समझाया जा सके। कार्यक्रम में जन प्रगति एजुकेशन सोसाइटी के सचिव हरजीत सिंह हूरा एवं कोलंबिया कॉलेज आफ फार्मेसी के प्रिंसिपल डॉक्टर सुरेंद्र सराफ एवं हेड ऑफ डिपार्टमेंट डॉक्टर आशीष मजूमदार एवं समस्त शिक्षकगण उपस्थित थे। इसके बाद कार्यक्रम में द्वितीय चरण में मिस लिप्सा दास 'एसोसिएट प्रोफेसर' जूलॉजी कलिंगा यूनिवर्सिटी, रायपुर से विद्यार्थियों के बीच में इंटरपर्सनल स्किल को लेकर कार्यक्रम में उपस्थित हुई थी। कार्यक्रम के द्वितीय दिवस में मिटकॉन बायोटेक्नोलॉजी एवं फार्मास्यूटिकल सेंटर के डी. मोहन कुमार एवं बेदब्रता के साथ विद्यार्थियों के बीच एप्टीट्यूड टेस्ट के साथ शुरूआत किया गया, जिससे विद्यार्थियों के लिखित आंसर शीट का मूल्यांकन करके मॉक इंटरव्यू में सिलेक्शन किया गया था। इसी बीच में द्वितीय दिवस के मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर देवासी कर महापात्र 'एसोसिएट प्रोफे सर' श्री रावतपुरा सरकार धनेली से उपस्थित होकर विद्यार्थियों के साथ क्लिनिकल ट्रायल्स डाटा और मैनेजमेंट के विषय में गंभीरता से समझाया गया। कार्यक्रम के अंत में मिटकोन के सदस्य एवं डॉ. देवासी कर महापात्र मिलकर विद्यार्थियों का मॉक इंटरव्यू कराया गया। इस संपूर्ण कड़ी में कोलंबिया कॉलेज आफ फार्मेसी के तरफ से डॉक्टर आशीष मजूमदार ने उपस्थित सभी अतिथियों का धन्यवाद प्रेषित किया एवं सभी अतिथियों को सर्टिफिकेट एवं मोमेंटो प्रदान किया गया।

# भाजपा ने किया बागी प्रत्याशियों को निष्काशित

**पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार**
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. के जिला अध्यक्ष आनंद यादव ने प्रदेश के आदेशानुसार नगरीय निकाय एवं नगर पंचायत चुनाव में निम्नांकित भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों के द्वारा भाजपा के घोषित प्रत्याशी के विरूद्ध बगावत करके लड़ने की शिकायत मंडल से प्राप्त हुई है। इस विषय में गहन जांच किये जाने के बाद निष्कर्ष स्वरूप उक्त व्यक्तियों का यह आचरण पार्टी के अनुशासन हिनता की परिधी में आता है इसलिए कथित व्यक्तियों को पार्टी के द्वारा घोषित प्रत्याशियों के विरूद्ध में चुनाव लड़ने का दोषी है चूंकि विभिन्न नगरीय निकाय चुनाव में पार्टी द्वारा घोषित प्रत्याशी के विरूद्ध बगावत कर चुनाव लडने वाले प्रत्याशियों को निलंबित किया जिनका नाम निम्न है। नगरीय निकाय बलौदाबाजार से पार्षद बागी प्रत्याशी वासुदेव ठाकुर, वार्ड क्र. 20, रितेश यादव वार्ड क्र. 17, कन्हैया सेन वार्ड क्र. 18, दुलेश्वर मानिकपुरी वार्ड क्र.19, कमल भारद्वाज वार्ड क्र. 07, नगरीय निकाय सिमगा से बागी अध्यक्ष प्रत्याशी रमेश सोनी, नगर पंचायत टुण्डरा से बागी अध्यक्ष पत्याशी प्रवीण कुमार देवांगन, बागी पार्षद प्रत्याशी मुकेश देवांगन वार्ड क्र. 03, नंदकुमार बंजारे वार्ड क्र. 09, रमेश कुमार वर्मा वार्ड क्र. 09, सुखसागर बंजारे वार्ड क्र 10, भुनेश्वर प्रसाद बंजारे वार्ड क्र.12, नगर पंचायत कसडोल बागी अध्यक्ष प्रत्याशी प्रदीप मिश्रा, बागी पार्षद प्रत्याशी शिवकुमार साहू वार्ड क्र 06, हृदय जायसवाल वार्ड क्र. 15, नगर पंचायत लवन बागी पार्षद प्रत्याशी लक्ष्मी यदु वार्ड क्र. 02, ओमप्रकाश साहू वार्ड क्र. 08, अजय साहू वार्ड क्र 07 एवं नगर पंचायत रोहांसी से बागी अध्यक्ष प्रत्याशी नंदकिशोर साहू, बागी पार्षद प्रत्याशी रेवती सोहन पुरेना को भारतीय जनता पार्टी द्वारा इन बागी प्रत्याशी को पार्टी से निष्काशित किया।



# बहन जान्हवी से पूछे बिना कोई काम नहीं करती खुशी कपूर

खुशी कपूर और जुनैद खान की जोड़ी फिल्म लवयापा में नजर आने वाली है। इस फिल्म की रिलीज से पहले दोनों अभिनेता इसके प्रमोशन में बिजी हैं। फिल्म प्रमोशन के लिए जुनैद खान और खुशी कपूर भारती सिंह के पॉडकास्ट में भी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने फिल्म के साथ अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी बहुत सी बातें की हैं। खुशी कपूर ने बताया कि वे अपनी बहन जान्हवी कपूर से पूछे बिना कुछ भी काम नहीं करती हैं, जब बहन का अप्रूवल मिल जाता है, तब ही वे काम शुरू करती हैं। यहां तक की खुशी कपूर की स्टाइलिंग भी उनकी बहन ही करती हैं। खुशी कपूर ने बताया वे केरल में अपनी किसी फिल्म की शूट में बिजी हैं, वे एक दिन के लिए मुंबई आएंगी और फिल्म देखकर वापस चली जाएंगी।

## पिता ने कही ये बात

खुशी कपूर ने बताया कि उनके पिता ने भी इस फिल्म के लिए उन्हें बहुत सपोर्ट किया है। उनके पिता ने ही उन्हें ओरिजनल तमिल फिल्म देखने के लिए कहा है। खुशी ने कहा कि उनके पिता बोनी कपूर उन्हें हर काम में सपोर्ट करते हैं। खुशी ने पॉडकास्ट में बताया कि अब उन्हें इंतजार है कि कब सब लोग उन्हें फोन करके कहें कि वाह खुशी ने क्या काम किया है।

## इस दिन रिलीज होगी फिल्म

फिल्म लवयापा अपनी रिलीज के लिए बिल्कुल तैयार है। इस फिल्म में जुनैद और खुशी के साथ राधिका सरथकुमार, सत्यराज, योगी बाबू, एजाज खान, रवीना रवि, अदनान सिद्दीकी और स्वाति वर्मा जैसे सितारे अहम भूमिका में हैं। फिल्म 7 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# रकुल प्रीत संग काम को लेकर बोलीं भूमि

बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने अपनी आगामी फिल्म मेरे हसबैंड की बीवी में रकुल प्रीत संग काम करने को लेकर अपने विचार साझा किए हैं। उन्होंने कहा कि एक ही फिल्म में दो अभिनेत्रियां काम नहीं कर सकतीं ये बिल्कुल गलत नरेटिव है। बता दें इस फिल्म में भूमि पेडनेकर और रकुल प्रीत सिंह एक साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आने वाली हैं। फिल्म में अर्जुन कपूर भी मुख्य किरदार में हैं। भूमि ने बॉलीवुड फिल्मों में दो अभिनेत्रियों के एक साथ काम करने को लेकर अपनी टिप्पणी दी है।




## कॉमेडी फिल्म को लेकर कही ये बात

उन्होंने कहा, आमतौर पर महिला कलाकारों को कॉमेडी फिल्में करने का मौका नहीं मिलता। मुझे कॉमेडी फिल्में देखना बहुत पसंद है। इस फिल्म में दोनों महिला कलाकारों ने कॉमेडी को आगे बढ़ाया है, जैसा कि आप 90 के दशक में नंबर वन सीरीज की फिल्मों में देखते थे, जिसमें अभिनेत्रियां कॉमेडी करती थीं। इसलिए, हमने भी कुछ ऐसा ही किया है।

## रकुल प्रीत सिंह के लिए बोलीं

भूमि ने रकुल प्रीत सिंह के साथ फिल्म करने को लेकर भी अपनी बात सामने रखी। उन्होंने कहा, वह मेरी बहन जैसी हैं। उसकी शादी मेरे सबसे अच्छे दोस्त जैकी भगनानी से हुई है और अब वह मेरी सबसे करीबी दोस्तों में से एक बन गई है। यह कहा जाता है कि दो अभिनेत्रियां एक साथ असुरक्षित हैं, हालांकि ये सच नहीं है और यह कुछ ऐसे पुरुषों द्वारा शुरू किया गया होगा जो खुद सुरक्षित नहीं हैं। हमारे बीच कुछ भी गलत नहीं है, बल्कि हमने फिल्म की शूटिंग में पूरी मस्ती की। फिल्म में अर्जुन कपूर पूर्व पत्नी भूमि को ठीक करने की कोशिश करते हैं और उन्हें सब सच बता देते हैं। भूमि भी अब अर्जुन को दोबारा पाना चाहती हैं, जिसके बाद रकुल के साथ उनकी जंग शुरू हो जाती है। अब पूरी कहानी तीनों के इर्द-गिर्द घूम रही है। अर्जुन, भूमि और रकुल की यह फिल्म 21 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इन अभिनेत्रियों संग शेयर की स्क्रीन ऐसा पहली बार नहीं है कि भूमि किसी फिल्म में एक और बॉलीवुड अभिनेत्री के साथ दिखाई देने वाली हैं। भूमि इससे पहले पति, पत्नी और वो में अनन्या पांडे के साथ काम कर चुकी हैं। वे तापसी पन्नू के साथ भी सांड की आंख में स्क्रीन शेयर कर चुकी हैं।

# फिल्म 'इक्कीस' में नजर आएंगे सिकंदर खेर



श्रीराम राघवन डायरेक्टेड फिल्म इक्कीस की काफी समय से चर्चा है। इस फिल्म में उम्दा एक्टर्स शामिल हैं। अब एक और एक्टर फिल्म का हिस्सा बना है। ये एक्टर भी फिल्म 'इक्कीस' का हिस्सा बनकर खुश है। श्रीराम राघवन की फिल्म इक्कीस में जो एक्टर आर्मी मैन का रोल निभाने वाला है, वह पहले भी कई फिल्मों में उम्दा किरदार निभा चुका है। इस एक्टर का नाम सिकंदर खेर है। वह फिल्म इक्कीस में आर्मी मैन का रोल निभाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। इन दिनों वह अपने किरदार को निभाने के लिए जरूरी तैयारियां कर रहे हैं। फिल्म 'इक्कीस' के बारे में सिकंदर खेर कहते हैं, 'मैं हमेशा श्रीराम राघवन की फिल्म का इंतजार करता रहा हूं। वह बड़े ही अनूठे तरीके से कहानी को कहते हैं। मैं हमेशा से उनकी फिल्मों का हिस्सा बनना चाहता था। फिल्म 'इक्कीस' में दर्शकों को अलग ही तरह की कहानी देखने को मिलेगी। मैं फिल्म में एक आर्मी ऑफिसर का रोल कर रहा हूं।

# बेटे की डेब्यू सीरीज को लेकर एक्साइटेड हैं शाहरुख

काफी समय से चर्चा चल रही थी शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान एक्टिंग की बजाय डायरेक्शन से फिल्मी दुनिया में कदम रखेंगे। लेकिन हाल ही में आर्यन के डायरेक्शन में बनी ओटीटी सीरीज 'बैड्स ऑफ बॉलीवुड' का लॉन्च इवेंट हुआ। इसमें आर्यन खान को लेकर शाहरुख खान ने कई बातें साझा की। ओटीटी सीरीज 'बैड्स ऑफ बॉलीवुड' से जुड़े इवेंट पर शाहरुख खान ने कहा कि जितना प्यार मुझे मिला है, उसका 50 प्रतिशत भी मेरे बच्चों को मिल जाए तो काफी है। साथ ही वह कहते हैं कि आर्यन ने इस सीरीज पर काफी मेहनत की है, यह हार्डवर्क तभी सफल माना जाएगा, जब दर्शक सीरीज को पसंद करेंगे।

## सीरीज में शाहरुख खान का क्या रहा एफर्ट

शाहरुख खान आगे कहते हैं कि मैंने आर्यन की इस सीरीज का प्रोमो शूट करने के लिए रात भर मेहनत की। गौरी और आर्यन तो मुझे घर की मुर्गी दाल बराबर समझते हैं। आगे वह यह भी कहते हैं कि आर्यन और उनकी टीम ने भी बहुत एफर्ट इस सीरीज के लिए किए हैं।


## क्या है आर्यन की सीरीज की कहानी

आर्यन खान के डायरेक्शन में बनी सीरीज बैड्स ऑफ बॉलीवुड में मुंबई आए लोगों के स्ट्रगल की कहानी को बताया जा रहा है। कैसे एक्टर बनने की शुरुआत ये लोग करते हैं, किस तरह के स्ट्रगल से गुजरते हैं। इसी सब्जेक्ट पर कहानी को बुना गया है।

## बेटी के साथ किंग खान करेंगे एक्टिंग

एक तरफ शाहरुख खान अपने बेटे की सीरीज को लेकर एक्साइटेड हैं, वहीं वह बेटी सुहाना खान के साथ भी एक फिल्म कर रहे हैं। इस फिल्म का नाम 'किंग' बताया जा रहा है। फिल्म 'किंग' में दर्शकों को खूब एक्शन देखने को मिलेगा।





# क्या पैन इंडिया फिल्मों में नहीं नागा की दिलचस्पी? बोले- सच्ची कहानियों का हिस्सा बनना चाहूंगा

**ऐसे वक्त में जब हर छोटा-बड़ा स्टार पैन इंडिया फिल्म में काम करने को उत्साहित है, वहीं नागा चैतन्य अलग विचार रखते हैं। नागा चैतन्य का कहना है कि वे पैन इंडिया फिल्मों की बजाय अपनी जड़ों से जुड़ी और सच्ची कहानियों को चुनना पसंद करेंगे।**

तेलुगु सिनेमा के चर्चित एक्टर नागा चैतन्य का कहना है कि वे ऐसी सच्ची कहानियों का हिस्सा बनना चाहते हैं, जो धीरे-धीरे अलग-अलग जगहों तक पहुंचें। वे ऐसी फिल्म में काम करने को लेकर निश्चित नहीं हैं, जिन्हें पैन इंडिया प्रोजेक्ट के रूप में पेश किया गया हो।

## सच्चाई होगी तो फिल्म खुद दर्शकों तक पहुंचेगी

माजिली, कस्टडी और लव स्टोरी जैसी तेलुगु ब्लॉकबस्टर फिल्मों के लिए मशहूर अभिनेता नागा चैतन्य अपने आगामी फिल्म तंडेल को लेकर चर्चा में हैं, जो 07 फरवरी को रिलीज होगी। फिल्मों को लेकर नागा ने बातचीत में कहा, मैं ईमानदार कहानियों का हिस्सा बनना चाहता हूं। आप जो कर रहे हैं, अगर उसमें सच्चाई है, वह जड़ों से जुड़ी है तो खुद-ब-खुद जगह-जगह दर्शकों तक पहुंच जाएगी।

## ऐसे तरीके मैं नहीं अपना पाऊंगा

नागा चैतन्य ने कहा, यह पैन इंडिया जैसी चीज, दर्शकों के एक खास वर्ग के लिए फिल्में बनाना, एक खास तरह के कलाकारों का चयन करना और उसे पैन इंडिया फिल्म के रूप में पेश करने के लिए अलग-अलग चीजें करना, मुझे नहीं लगता कि मैं यह तरीका अपनाऊंगा। मैं ऐसे इमोशंस, कहानियां, यात्राएं और किरदार चुनूंगा जो यूनिवर्सल हों, जमीनी और वास्तविक हों। ऐसी कहानियां अपने आप लोगों तक पहुंचेंगी।

## क्या है फिल्म की कहानी?

फिल्म तंडेल एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है, जो असल जिंदगी की घटना पर आधारित है। नागा चैतन्य के साथ फिल्म में साई पल्लवी नजर आएंगी। फिल्म की कहानी एक मछुआरे के इर्द-गिर्द घूमती है, जो समुद्र में खो जाता है और अनजाने में पाकिस्तानी जलक्षेत्र में चला जाता है। वहां उसे पकड़ लिया जाता है और पाकिस्तानी जेल में डाल दिया जाता है। नागा चैतन्य का कहना है कि यह फिल्म लोगों से जुड़ेगी और उन्हें पसंद आएगी।



# मैं स्टार नहीं स्टोरी के पीछे भागता हूं

मलयालम एक्टर पृथ्वीराज सुकुमारन ने साल 2019 में डायरेक्शन में डेब्यू किया था। उन्होंने अपनी पहली ही डायरेक्टोरियल फिल्म 'लूसिफर' से सफलता का स्वाद चखा। इस ट्रियोलॉजी की दूसरी फिल्म 'L2 एम्पुरन' पांच भाषाओं में रिलीज को तैयार है। बड़े प्रोडक्शन हाउस, बिग बजट और बड़े स्टार वाली ये फिल्म 27 मार्च को रिलीज होगी। हाल ही में कोच्चि में फिल्म का टीजर रिलीज किया गया।

**'लूसिफर' के ब्लॉकबस्टर होने के बाद दर्शकों की उम्मीद काफी बढ़ गई है। 'L2 एम्पुरन' क्या उस उम्मीद पर खरी उतरेगी?**

मैं जानता हूं कि लोगों को इस फिल्म से काफी उम्मीदें हैं। लेकिन सच ये है कि इस फिल्म को बनाते समय मैंने इन बातों का उतना लोड नहीं लिया। 'L2' इसलिए नहीं बनी कि पार्ट-1 सफल रही। इस फ्रेंचाइजी के तीन पार्ट पहले से ही तय थे। लेकिन हम हमेशा से जानते थे कि अगर पार्ट-1 सफल नहीं हुआ तो पार्ट-2 कभी नहीं बनता। लेकिन शुक्र है कि 'लूसिफर' मलयालम इंडस्ट्री की आइकॉनिक फिल्म बनी। 'लूसिफर' की कहानी केरल की राजनीति पर आधारित थी लेकिन पार्ट-2 की कहानी नेशनल लेवल पर है। इस फिल्म की 33 फीसदी कहानी हिंदी में है। पार्ट-1 में भी मेरा किरदार सिर्फ हिंदी में बात करता था। मेरी कोशिश रही है कि फिल्म के हर वर्जन में हिंदी वाला पार्ट वैसा ही रहे। इस वजह से हम इसे उत्तर भारत में अच्छे से रिलीज करना चाहते हैं। हमें यकीन है कि अगर किसी ने पार्ट-1 नहीं भी देखी है तो उसे ये फिल्म समझ आ जाएगी। ये फिल्म अपनी कहानी खुद कहने वाली है।

**'L2' के टीजर को तेलुगु, तमिल, मलयालम, कन्नड़, हिंदी हर भाषाओं में दर्शकों का प्यार मिल रहा है। क्या ये सही मायनों में पैन इंडिया फिल्म है?**

मैंने जब 2016-17 में ये आइडिया सुना था, मुझे उसी समय पता था कि इस पर बहुत बढ़िया मेनस्ट्रीम फिल्म बनेगी। ये वो फिल्म होगी, जिसके लिए ऑडियंस थिएटर पहुंचेगी। हॉल में लोग तालियां बजाएंगे और खूब एंजॉय करेंगे। मुझे इस तरह की फिल्में पसंद हैं। मैं मनमोहन देसाई सर का बहुत बड़ा फैन हूं। मुझे सलीम-जावेद की फिल्में पसंद हैं। मैं अभी भी अमिताभ बच्चन की क्लासिकल फिल्मों को दोबारा देखता हूं। मुझे चलत्र, बाहुबली, पुष्पा जैसी फिल्में पसंद हैं। मुझे उड़ान, कुम्बलंगी नाइट्स, मंजुमल बॉयज भी अच्छी लगती हैं। इस फिल्म को बड़ा बनाना और ग्लोबल लेवल पर ले जाना सब कुछ नेचुरल तरीके से ही हुआ। हमने ऐसा नहीं सोचा कि पार्ट-1 हिट हो गया तो चलो दूसरे पार्ट को वैसा प्लान करते हैं। इसमें खूब पैसे लगाते हैं।

**मोहनलाल जैसे सुपरस्टार को डायरेक्ट करने का अनुभव कैसा रहा?**

मैं बतौर डायरेक्टर अपनी फिल्म और विषय को लेकर काफी निष्पक्ष हूं। जब मैं डायरेक्ट करता हूं उस वक्त मेरे सामने एक्टर मोहनलाल होते हैं। मैं जानता हूं कि वो कितने बड़े सुपरस्टार हैं। मुझे उनका स्टारडम भी पता है। मैं भी स्टार मोहनलाल का फैन हूं। लेकिन मोहनलाल के साथ काम करना बहुत आसान है। एक्टर के तौर पर वो अद्भुत हैं। वो बहुत ज्यादा प्रोफेशनल भी हैं। शूट के पहले दिन उन्होंने सेट पर आते ही मुझसे पूछा कि तुम मुझसे क्या करवाना चाहते हो? वो चाहते थे कि डायरेक्टर उन्हें बताए। वो डायरेक्टर को सुनना चाहते थे।

**फैंस को यह भी लगता है कि जब आप खुद इतने बड़े स्टार हैं फिर 'लूसिफर' का रोल आपने क्यों नहीं निभाया?**

मैं जिस तरह से इस किरदार को देखता हूं, मेरी नजर में 'लूसिफर' सिर्फ मोहनलाल सर हो सकते हैं। शायद कोई और स्टार इस रोल को अलग तरीके से निभाता और वो भी इतना ही बढ़िया करता। लेकिन मेरे दिमाग में सिर्फ मोहनलाल सर थे।

**लाइका प्रोडक्शन ने पैन इंडिया बड़ी और सुपरहिट फिल्में दी हैं। उनके साथ अपने मेगा बजट प्रोजेक्ट के बारे में बताइए।**

लाइका प्रोडक्शन ने मुझसे पहली बार एक फिल्म डायरेक्ट करने के लिए संपर्क किया था, जिसमें रजनीकांत सर लीड होते। मेरे जैसे नए फिल्ममेकर के लिए ये बहुत बड़ा मौका था। मैं उस ऑफर के लिए एक्साइटेड भी था। लेकिन अफसोस की मेरे पास रजनी सर के लिए कोई बढ़िया सब्जेक्ट नहीं था। ऐसे में मैं रजनी सर को पिच नहीं कर सकता था। हालांकि, मेरे पास एक आइडिया था, जो मैंने सुबास्करण सर (लाइका प्रोडक्शन फाउंडर) के साथ शेयर किया। उन्हें वो पसंद भी आया। लेकिन उस वक्त मैं फिल्म गोट लाइफ की शूटिंग में बिजी था इसलिए आइडिया पर काम नहीं कर सका। शायद कभी मौका मिलेगा तो मैं रजनी सर को आइडिया पिच करूंगा। एक और प्रोजेक्ट है, जिसमें मैं बतौर एक्टर लाइका के लिए काम कर रहा हूं। इस पर बहुत लंबे समय से काम चल रहा है। जब वो चाहेंगे मैं इसका अनाउसमेंट करूंगा।

**आने वाले समय में हिंदी पट्टी के फैंस आपको किस तरह के प्रोजेक्ट में देखेंगे।**

मैंने दो हिंदी फिल्मों को हां कहा है। जब मेकर्स इनकी घोषणा करेंगे तब आपको पता चलेगा। मैंने अभी एक हिंदी फिल्म की शूटिंग खत्म की है। वो प्रोजेक्ट पोस्ट प्रोडक्शन में है और जल्द ही रिलीज होगी। इसकी घोषणा भी सही समय आने पर मेकर्स और स्टूडियो की तरफ से होगी।

# 23 हजार 294 करोड़ की लागत से लाखों परिवारों के सिर पर मिलेगी छत

## पीएम आवास योजना 2.0 से शहरी विकास, सस्ती आवास योजना और सतत गतिशीलता बड़ा प्रोत्साहन : तोखन साहू

**पायनियर संवाददाता ◀ बिलासपुर**
www.dailypioneer.com

पीएम आवास योजना PMAY-U 2.0 के लिए केंद्र सरकार ने 23,294 करोड़ का आवंटन किया है जिससे हज़ारों परिवारों के लिए मोदी सरकार सस्ती आवास योजना का वादा पूरा करेगी। शहरी चुनौतियों के लिए 1 लाख करोड़ का फंड शहरों के बुनियादी ढांचे और जल प्रबंधन को बढ़ावा देगा। केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन ने अपने मंत्रालय से जुड़ी इस फ्लैगशिप योजना के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत संघ बजट 2025 को व्यापक रूप से इसके भविष्यवादी दृष्टिकोण, समावेशी विकास को बढ़ावा देने, और भारत के शहरी बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए सराहा गया है। शहरी विकास को इस बजट में शीर्ष 7 प्राथमिकताओं में से एक के रूप में पहचाना गया है और तदनुसार इसे इस वर्ष 1 लाख करोड़ से अधिक का महत्वपूर्ण बजट आवंटन दिया गया है, जो सरकार की शहरी विकास, सस्ते आवास और सतत गतिशीलता के प्रति प्रतिबद्धता को पुनः पुष्टि करता है, उन्होंने आगे कहा। तोखन ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के तहत 23,294 करोड़ का आवंटन किया गया है। इस पहल का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को पुनर्वास और सम्मानजनक जीवन स्थितियाँ प्रदान करना है। ÷छत्तीसगढ़ जैसे कई राज्यों को PMAY-U 2.0 के तहत अत्यधिक लाभ मिलेगा, जो हज़ारों परिवारों के लिए सस्ती आवास सुनिश्चित करेगा और शहरी जीवन स्तर को बेहतर बनाएगा। इसके अतिरिक्त, स्वच्छ भारत मिशन को भी मजबूत समर्थन प्राप्त है, जिसमें



व्यक्तिगत घरेलू शौचालय, सामुदायिक/सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण, और बेहतर डोर-टू-डोर ठोस कचरा संग्रहण पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जिससे विशेष रूप से उपेक्षित शहरी क्षेत्रों में परिवारों को सम्मान और स्वच्छता प्रदान की जाएगी। पीएम स्वनिधि योजना को बैंकों से बेहतर ऋण, यूपीआई से जुड़े क्रेडिट कार्ड, और क्षमता निर्माण सहायता के साथ पुनर्गठित किया जाएगा, जिससे देश भर के स्ट्रीट वेंडर्स को बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा और उनकी आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित होगी। शहरी विकास को और मजबूत करने के लिए, बजट में राज्यों को उनकी आवश्यकताओं के अनुसार शहरी विकास पहलों को तेज करने में मदद के लिए 'चैलेंज मेथड' के तहत शहरी चुनौती फंड शुरू किया गया है। इस वर्ष 10,000 करोड़ का आवंटन किया गया है, कुल 1 लाख करोड़ के कुल परिव्यय के साथ। यह पहल 'विकास के केंद्र के रूप में शहर,' 'शहरों का रचनात्मक पुनर्विकास,' और 'जल एवं स्वच्छता' जैसे विषयों के तहत परिवर्तनकारी शहरी विकास का नेतृत्व करेगी, जिससे शहरों के बुनियादी ढांचे और जल प्रबंधन परियोजनाओं में सुधार होगा। इसके अतिरिक्त, बजट में पीएम-ईबस सेवा योजना के तहत 1,310 करोड़ का आवंटन किया गया है, जो शहर की बस सेवाओं को बढ़ाएगा और 'बिहाइंड-द-मीटर पावर इन्फ्रास्ट्रक्चर' और डिपो सिविल इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास करेगा। ÷छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों को पीएम-ईबस सेवा योजना से बड़ा लाभ होगा, क्योंकि यह पहल उनके सार्वजनिक परिवहन प्रणाली के विस्तार और आधुनिकीकरण का मार्ग प्रशस्त करेगी, जिससे शहरी गतिशीलता अधिक कुशल और पर्यावरण-अनुकूल बन जाएगी।

# नगर निगम चुनाव में मुख्यमंत्री विष्णुदेव का विशाल रोड शो, मीनल चौबे के पक्ष में किए प्रचार

**पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर**
www.dailypioneer.com



नगर निगम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी मीनल चौबे के लिए जनसमर्थन और आशीर्वाद मांगने छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राजधानी में जन आशीर्वाद यात्रा रोड में शामिल हुए । मुख्यमंत्री साय दोपहर रायपुर ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत भनपुरी चौक पहुंचे जहां से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम, सांसद और चुनाव संचालक बृजमोहन अग्रवाल, चुनाव सहसंचालक व विधायक राजेश मूणत, विधायकगण सुनील सोनी, मोतीराम साहू, पुरंदर मिश्रा और रायपुर नगर निगम से भाजपा प्रत्याशी मीनल चौबे, सहित अन्य भाजपा नेता प्रचार रथ में सवार होकर सवार होकर जन आशीर्वाद रैली के माध्यम से रायपुर शहर की जनता से रायपुर निगम में महापौर हेतु मीनल चौबे और भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान का आशीर्वाद मांगा। जन आशीर्वाद यात्रा रैली के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित किया उन्होंने कहा कि हमारा प्रदेश छत्तीसगढ़ ना सिर्फहम छत्तीसगढ़ वासियों का अपितु भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई के सपनों का प्रदेश है उनका स्वप्न था कि छत्तीसगढ़ को देश के उत्कृष्ट राज्यों में शामिल करना था प्रदेश के सर्वांगीण विकास जैसे अधोसंरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य बेहतर जीवन शैली, आधुनिकीकरण जैसी विभिन्न सुविधाओं से संपन्न प्रदेश का निर्माण अटल जी का स्वप्न था और इसलिए भारतीय जनता पार्टी का मुख्य स्लोगन है हमने बनाया है हम ही संवारेंगे और रायपुर नगर निगम को लेकर भी हमारा लक्ष्य है।









सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403